रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




### मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 43.1 | 31.6 |
| जमशेदपुर | 40.3 | 28.8 |
| डालटनगंज | 40.4 | 27.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

चुनावी समर 2024

रांची, शनिवार 18 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 39

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

मोदी ने सपा-कांग्रेस से किया सावधान

## ये लोग आए तो राममंदिर पर भी चला देंगे बुल्डोजर

**लखनऊ।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सपा और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आया, तो ये अयोध्या में राम मंदिर पर बुल्डोजर चलाएंगे. मोदी यहीं नहीं रुके. कहा, इन लोगों को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से सीखने के लिए ट्यूशन लेना चाहिए कि बुल्डोजर कहां चलाना है. मोदी ने यूपी के बाराबंकी व फतेहपुर की रैलियों में कहा, अगर सपा-कांग्रेस सत्ता में आई, तो राम फिर से तंबू में होंगे और वे राममंदिर पर बुल्डोजर चलाएंगे. जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे, इंडी गठबंधन के सदस्य टूटने लगे हैं. पीएम ने बीजेपी की हैट्रिक जीत का दावा करते हुए कहा, ये लोग देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं. अखिलेश पर कटाक्ष करते हुए कहा,उन्हें ममता बनर्जी के रूप में चाची मिल गई है. अब कांग्रेस का लक्ष्य येन केन प्रकारेण 50 सीट जीतना है, ताकि वह अपनी इज्जत बचा सके. विपक्षी इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की सहयोगी सपा पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा ,पंजे और साइकिल के सपने टूट गए.



राहुल बोले- गरीबों को बनाएंगे अमीर

## 10 किलो मुफ्त राशन और 8500 रुपए हर महीने देंगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि 10 किलो मुफ्त राशन का जो वादा किया है, उससे करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकलेंगे और अर्थव्यवस्था को गति देंगे. राहुल ने कहा, गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस ने एक और बड़ा फैसला लिया है-हमारी सरकार आप को 5 नहीं 10 किलो राशन हर महीने मुफ्त देगी. यूपीए सरकार में हमने खाद्य सुरक्षा कानून का अधिकार दिया था. 10 किलो अनाज अब अगला कदम होगा. 10 किलो राशन और 8500 रुपए महीने से शिक्षा-स्वरोज़गार को बढ़ावा मिलेगा. करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकल कर अर्थव्यवस्था को गति देंगे. राहुल ने दावा किया, मोदी ने 20-25 अरबपति बनाए और अडाणियों की सरकार चलाई, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे.आपकी सरकार चलाएंगे. बाद में अमेठी में अखिलेश यादव के साथ एक रैली में राहुल गांधी ने लोगों से वादा किया कि यदि उनकी पार्टी केंद्र में सत्ता में आती है, तो वह रायबरेली और अमेठी, दोनों का समान रूप से विकास करेंगे.



केजरीवाल बोले- देश के हालात रूस जैसे

## मोदीराज में विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है

**अमृतसर।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने देश के हालात की तुलना रूस से करते हुए दावा किया कि देश में तानाशाही है और विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है. केजरीवाल ने पार्टी नेताओं की बैठक में कहा, पंजाब की सभी 13 सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करना है. भाजपा पर विपक्षी नेताओं को जेल में डालने का आरोप लगाया. कहा, देश में जो तानाशाही है, वह स्वीकार्य नहीं. भारत ने पिछले 75 सालों में ऐसा दौर कभी नहीं देखा. विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है. रूस की तरह. पुतिन ने या तो सभी विरोधियों को जेल भेजा या उन्हें मरवा दिया और फिर चुनाव कराया. इस दौरान उन्हें 87% वोट मिले. जब विपक्ष नहीं होगा, तो वोट पाने वाले आप अकेले होंगे. उन्होंने मुझे जेल में डाला, सिसोदिया को जेल में डाला, हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया. कांग्रेस का बैंक खाता कुर्क कर लिया. सबको जेल में डाल दो. तब केवल एक पार्टी और एक नेता बचेगा लेकिन लोकतंत्र नहीं बचेगा. हमें ऐसा नहीं होने देना है.



अखिलेश ने स्मृति ईरानी पर कसा तंज

## अमेठी में सिलिंडर वाले लोग अब सरेंडर कर रहे हैं

**अमेठी (यूपी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में शुक्रवार को प्रचार किया. उन्होंने भाजपा की प्रत्याशी स्मृति ईरानी पर निशाना साधा. कहा, अमेठी में सिलिंडर वाले लोग अब सरेंडर कर रहे हैं. जिन्होंने 13 रुपए किलो में चीनी नहीं दी है, उनको अमेठी वाले वोट नहीं देने जा रहे हैं, वो हमेशा के लिए स्मृति हो जाएंगी. अखिलेश ने कहा, पहले मैं नंद बाबा के पवित्र स्थान को नमन करता हूं. हमें नंद बाबा से आशीर्वाद मिलता रहा है. भरोसा है कि नंद बाबा व आपसे मिलने वाले आशीष से कांग्रेस प्रत्याशी जीतेंगे. अखिलेश ने कहा, बीजेपी वालों को 140 सीटों के लिए भी तरसा देंगे. ये संविधान बदलना चाहते हैं. ये हमारे-आपके हक-अधिकार छीनना चाहते हैं. जो लोग संविधान बदलने निकले हैं, उन्हें बदलोगे कि नहीं. आप डर तो नहीं जाओगे? ये जानवर और पंछी को भी परेशान करते हैं. क्योटो (काशी) के सांसद जी ने कहा था कि खुला जानवर की समस्या दूर करेंगे. हालत ये है कि किसानों को खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है.



### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,600 |
| चांदी (किलो) | 91,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### वोट के आंकड़े 48 घंटे में जारी मांगा जवाब

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक एनजीओ की उस याचिका पर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते में जवाब मांगा, जिसमें चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर केंद्रवार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है. सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ इस मुद्दे पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका पर सुनवाई के लिए शाम साढ़े छह बजे बैठी. कोर्ट ने इसे 24 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया.

#### सीजेआई ने दी सिब्बल को जीत की बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी. न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, श्रीमान सिब्बल, एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर हमारी ओर से हार्दिक बधाई. हम आपकी ओर से और कार्यसमिति के सदस्यों से सहयोग की आशा करते हैं. सिब्बल ने कहा, यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि 22 साल बाद मुझे यह सेवा करने का मौका दिया गया. हमारी तरफ से आपको पूरा सहयोग मिलेगा और यह पीठ के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है.

#### बुल्डोजर आरक्षण के खिलाफ: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा लिखे गए एक लेख का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनका बुल्डोजर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है. बता दें कि पीएम मोदी अपनी रैलियों में योगी के बुल्डोजर की तारीफ करते हुए अखिलेश यादव और राहुल गांधी को यूपी के सीएम से ट्यूशन लेने की बात कहते हैं. कांग्रेस ने बुल्डोजर नीति का विरोध किया है.



#### चारधाम यात्रा के लिए बनेगा मास्टरप्लान

**देहरादून।** चारधाम यात्रा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित भीड़ के मद्देनजर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य में तीर्थयात्रा के सुचारु संचालन के लिए गंगोत्री और यमुनोत्री में मास्टरप्लान बनाया जाएगा. चार धामों में श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के लिए सीएम ने राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए.

# हेमंत को सुप्रीम कोर्ट से तत्काल राहत नहीं



### कोर्ट ने जमानत अर्जी पर ईडी से सोमवार तक मांगा जवाब

### अगली सुनवाई 21 मई को, फाइल में नोटिंग थी सीएम के नाम की

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची/दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. सोरेन ने लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी. झामुमो नेता हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह दो जून को सरेंडर कर देंगे. इस पर ईडी ने कहा कि सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था. चुनाव रिहाई का आधार नहीं हो सकता.

वहीं, कोर्ट ने तत्काल राहत से मना करते हुए कहा कि ईडी सोमवार तक लिखित जवाब दाखिल करे. अब मामले में मंगलवार 21 मई को सुनवाई होगी. झारखंड में एक दौर का मतदान हो चुका है. आगे 20 मई, 25 मई और 1 जून को मतदान है. कपिल सिब्बल ने कहा, मामले में हेमंत के खिलाफ कोई सामग्री नहीं है. यदि अंतरिम जमानत नहीं दी गई, तो चुनाव खत्म हो जाएंगे. मामले में सोरेन की ओर से पेश सिब्बल और वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी ने कहा कि झामुमो नेता सोरेन का संबंधित जमीन पर कब्जा ही नहीं है और उनका इससे कोई लेना-देना भी नहीं है.



#### जमीन के संबंध में फाइल में नोटिंग

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले को अगले मंगलवार (21 मई) को सुप्रीम कोर्ट की अवकाश पीठ के सामने सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है. सोरेन ने 31 जनवरी को कथित भूमि घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली अपनी याचिका को झारखंड हाईकोर्ट से खारिज किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. दोनों पक्षों की बहस के दौरान मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि उन्होंने जिन सबूतों पर भरोसा किया है, उनमें से एक उस व्यक्ति का बयान है, जो वास्तव में जमीन में पाया गया था, उन्होंने तस्वीरें ली हैं. वहां एक चहारदीवारी है. जमीन के संबंध में फाइल में नोटिंग है, जिसमें कहा गया है कि सीएम की रुचि थी.

#### कोर्ट में क्या-क्या हुआ

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से जब मामला उठाया गया, तो ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समय मांगा. पीठ ने एएसजी से अंतरिम जमानत की एप्लिकेशन के बारे में पूछा. इसके जवाब में एएसजी ने कहा कि सोरेन को बहुत पहले (31 जनवरी) गिरफ्तार किया गया था और उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी. उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के चार चरण पहले ही खत्म हो चुके हैं. इस मामले में हेमंत सोरेन की संलिप्तता से इनकार के संबंध में पीठ के सवाल पर एएसजी ने कहा कि हेमंत सोरेन सीधे तौर पर इस जमीन से जुड़े हुए हैं. उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के चार चरण पहले ही खत्म हो चुके हैं. जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि जब तक पीठ प्रथम दृष्टया संतुष्ट नहीं हो जाती, कोई आदेश पारित नहीं किया जा सकता. पीठ ने यह भी बताया कि विस्तृत सुनवाई का समय नहीं है, क्योंकि अरविंद केजरीवाल का मामला दोपहर 2.30 बजे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था. जस्टिस खन्ना ने आगे कहा, हमें प्रथम दृष्टया संतुष्ट होना होगा कि कोई समस्या है. राजू कहते हैं कि वह तैयार नहीं हैं. या तो हम इसे अगले सप्ताह, जब भी आप चाहें, रख सकते हैं.

## हाईकोर्ट ने राहुल गांधी पर लगाया एक हजार का हर्जाना

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जवाब दाखिल करने में देर के कारण कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया है. हालांकि हाईकोर्ट ने राहुल को दी गई राहत को बरकरार रखा है. पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ चाईबासा कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक के लिए रोक लगा दी थी. दरअसल 27 फरवरी को चाईबासा कोर्ट ने अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था. इसके खिलाफ राहुल ने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दखिल की थी. राहुल की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता दीपांकर राय ने बहस की. बता दें कि राहुल ने अमित शाह पर टिप्पणी के मामले में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. उन्होंने दिल्ली में कहा था कि भाजपा में हत्या का आरोपी भी अध्यक्ष बनता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं होता, जिसे लेकर चाईबासा में केस दर्ज कराया गया है. अदालत ने इस मामले में राहुल गांधी पर पीड़क कार्रवाई नहीं करने की अवधि बढ़ा दी है.



# केजरीवाल को फंसाने की थी साजिश, मोहरा बनीं मालीवाल

### आरोप

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

स्वाति मालीवाल पर हुए हमले को लेकर आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और उनको को भाजाप के षडयंत्र का चेहरा बताया. उन्होंने सीएम आवास के वीडियो का हवाला देते हुए कहा कि यह वीडियो उनकी शिकायत के विपरीत दिखाई दे रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि स्वाति मालीवाल बिना समय लिए मिलने पहुंची थी. उन्हें रोका गया, तो वह जबरदस्ती सीएम हाउस में घुस गईं. आतिशी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर स्वाति मालीवाल मोहरा बनी हैं. यह पूरी साजिश अरविंद केजरीवाल को फंसाने की थी, जिसमें विभव कुमार को फंसाया गया. बता दें कि मालीवाल ने सीएम केजरीवाल के पीए रहे विभव कुमार पर मारपीट के आरोप लगाए हैं. इन आरोपों पर आतिशी ने कहा, जब से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिली है. तब से भाजपा बौखलाई हुई है और इसी के कारण भाजपा ने साजिश रची. स्वाति मालीवाल को 13 मई को सुबह भेजा गया. स्वाति मालीवाल भाजपा की साजिश का मोहरा हैं.

आतिशी ने कहा, उनका इरादा था कि मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया जाए. मुख्यमंत्री उस समय उपलब्ध नहीं थे. इसलिए वे बच गए. फिर उन्होंने विभव कुमार पर आरोप लगाया है. स्वाति मालीवाल कहती हैं कि उनकी बेरहमी से मार पिटाई हुई. उस पिटाई के बाद चोट लगी. उन्हें मारा गया. उन्होंने लिखा है कि उनका सिर फट गया, उनके कपड़े फाडे. गए लेकिन शुक्रवार को जो वीडियो आया है, वह सच दिखाता है. उन्होंने कहा, स्वाति मालीवाल वीडियो में पुलिस को डरा रही हैं. विभव को धमका रही हैं, उनके लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रही हैं. ऊंची आवाज में धमका रही हैं. वे इस बात का जिक्र नहीं करती हैं कि किसी ने उन्हें छुआ है. स्वाति मालीवाल के आरोप बिल्कुल निराधार हैं.

#### आम आदमी पार्टी का पलटवार



- सीएम आवास के वीडियो का हवाला देते हुए आतिशी ने कहा कि यह वीडियो उनकी शिकायत के विपरीत दिखाई दे रहा है.
- स्वाति मालीवाल बिना समय लिए मिलने पहुंची थी. उन्हें रोका गया, तो वह जबरदस्ती सीएम हाउस में घुस गईं.

#### मालीवाल के साथ पुलिस ने सीएम आवास पर सीन को किया रिक्रिएट



**नयी दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से बदसलूकी का मामला तूल पकड़ चुका है. भाजपा लगातार इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी को घेरने में लगी है. सांसद स्वाति मालीवाल ने आरोप लगाया है कि उनके साथ केजरीवाल के सरकारी आवास पर उनके पीए ने मारपीट और बदसलूकी की.शुक्रवार की शाम पुलिस की टीम मालीवाल को लेकर सीएम आवास पहुंची और सीन रिक्रिएट किया. मालीवाल के साथ सीएम आवास में हुई कथित बदसलूकी के मामले में एक वीडियो सामने आया है. जिसमें मालीवाल और कुछ कर्मियों के बीच किसी बात पर बहस हो रही है. मालीवाल ने एक्स पर में लिखा, हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने ख़ुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं. अपने लोगों से ट्वीट्स करवा के, आधी और बिना संदर्भ की वीडियो चलाके इसे लगता है ये इस अपराध को अंजाम देके खुद को बचा लेगा. कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? भगवान सब देख रहा है. सच्चाई दुनिया के सामने आएगी. पुलिस ने स्वाति के मजिस्ट्रेट के समाने कलमबंद बयान दर्ज कराए. एफआईआर में बिभव कुमार पर स्वाति ने गंभीर आरोप लगाए हैं. कहा है कि केजरीवाल के पीए बिभव ने कई बार लात और 7-8 थप्पड़ मारे. स्वाति जब चिल्लाने लगीं तब भी बिभव नहीं रुके. बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर भी अपनी लात से बार-बार हमला किया.

**मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, हर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने ख़ुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं.**

बढ़ी परेशानी — कम नहीं हो रही एस्ट्रोजेनेका की परेशानी, नई रिसर्च ने और डराया

# कोविशील्ड से हो सकता है ब्लड क्लॉटिंग डिसऑर्डर

**एजेंसी। लंदन**

कोविशील्ड वैक्सीन के रेयर साइड इफेक्ट्स की बात अभी खत्म नहीं हुई थी कि इसे लेकर एक और डराने वाली खबर आ रही है. एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड में एक नया खतरनाक ब्लड क्लॉटिंग डिसऑर्डर पाया गया है.

एक रिसर्च में इसका खुलासा हुआ है. ऑस्ट्रेलिया की फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी और कुछ अन्य इंटरनेशनल रिसर्चर ने अपनी लेटेस्ट रिसर्च में इसे लेकर दावा किया है. बता दें कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की मदद से बनाई गई ब्रिटिश स्वीडिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन में हाल ही में इम्यून थ्रोम्बोसाइटोपेनिया और थ्रोम्बोसिस का खतरा पाया गया. इस गंभीर बीमारी में खून का थक्का जम जाता है. अपनी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स पर उठे सवालों के बाद कंपनी ने दुनियाभर से अपनी वैक्सीन वापस मंगाने का फैसला लिया था.



#### कोविशील्ड का नया खतरा क्या है

एडेनोवायरस वेक्टर बेस्ड ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन से वीआईटीटी नई बीमारी के रूप में सामने आई है. घातक ब्लड ऑटोएंटीबॉडी में प्लेटलेट फैक्टर 4 को वीआईटीटी का कारण पाया गया है. 2023 में रिसर्च में कनाडा, अमेरिका, जर्मनी और इटली के वैज्ञानिकों को साथ एक नई बीमारी मिली, जो नेचुरली एडेनोवायरस यानी सामान्य सर्दी संक्रमण के बाद कुछ मामलों में खतरनाक था.

#### क्या कहती है नई रिसर्च

नई रिसर्च में ऑस्ट्रेलिया में फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी और दुनिया के दूसरे विशेषज्ञों ने पाया कि एडेनोवायरस इंफेक्शन से जुड़े वीआईटीटी और क्लासिक एडेनोवायरल वेक्टर वीआईटीटी दोनों में पीएफ4 एंटीबॉडी समान मॉलिक्यूलर में है. फ्लिंडर्स के प्रोफेसर टॉम गॉर्डन ने बताया कि इन डिसऑर्डर में खतरनाक एंटीबॉडी बनने का तरीका समान है. हमारे समाधान वीआईटीटी इंफेक्शन के बाद खून के थक्के जमने के रेयर मामलों पर लागू होते हैं.

#### पीएफ4 एंटीबॉडी के मॉलिक्यूलर

यह रिसर्च एस्ट्राजेनेका के फरवरी में ब्रिटिश हाईकोर्ट में पेश दस्तावेज स्वीकार किए जाने के बाद आयी है. इसमें बताया गया है कि कंपनी की कोविशील्ड वैक्सीन दुर्लभ मामलों में थ्रोम्बोटिक थ्रोम्बोसाइटोपेनिक सिंड्रोम की वजह बन सकता है. जिसमें खून के थक्के बन सकते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या कम हो सकती है. ब्रिटेन में इसकी वजह से कई मौतों का दावा भी किया गया है.

#### कोवैक्सीन भी नहीं है सेफ

एक दिन पहले ही साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश एक रिसर्च में बताया गया है कि भारत बायोटेक की कोवैक्सिन के भी साइड इफेक्ट्स हैं. बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में शामिल करीब एक तिहाई लोगों में सांस से जुड़ा इंफेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन की बीमारियां देखी गई हैं. शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स को कोवैक्सिन से ज्यादा खतरा है. इनमें ज्यादातर किशोरी लड़कियां और एलर्जी का सामना कर रहे लोग हैं. स्टडी करने वाले शंख शुभ्रा चक्रवर्ती ने बताया कि 1,024 लोगों पर स्टडी की गई. इसमें ऐसे लोगों को चुना गया, जिन्हें वैक्सीन लगे 1 साल हो गए हैं.

लालू के बेटे-बेटियों पर फिर बिगड़े नीतीश के बोल

# बेटियां हो रहीं थीं बेटा नहीं तो ज्यादा पैदा कर दिया

**संवाददाता। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर खूब बरसे. नीतीश कुमार ने लालू के बेटे-बेटियों को लेकर तंज कसा. नीतीश ने लालू यादव पर हमला करते हुए कहा, बेटियां हो रहीं थीं, बेटवा नहीं हो रहा था तो और ज्यादा पैदा कर दिया. उन्होंने कहा कि अपने (लालू) हट गया, तो पत्नी (राबड़ी) को मुख्यमंत्री बनवा दिया. इसके बाद बेटा-बेटी, सबको कितना बढ़ाया. ये कोई मतलब है? नीतीश ने आगे कहा कि हम लोग को देखिए, हम लोग इतने दिनों से हैं. सवाल किया कि हम लोग अपने परिवार का विकास करते हैं?



#### सत्ता में रहने के बावजूद हम लोगों पर आरोप नहीं

नीतीश ने लोगों से कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर उन लोगों पर कितना मामला चल रहा है, ये पूरा देश समेत बिहार जानता है. इतने दिनों तक सत्ता में रहने के बावजूद हम लोगों पर कोई आरोप नहीं है. ई कांग्रेसिया सब क्या बोलेगा, जातीय गणना तो हम लोग कराये हैं. मीडिया पर भी चुटकी ली. कहा-हमरा भी छाप दिया करो...

विश्व संग्रहालय दिवस पर सीएमपीडीआई भू-विज्ञान संग्रहालय खुला रहेगा

# शंख, जीवाश्म, डायनासोर की हड्डियां, भूवैज्ञानिक खजाने तरह-तरह के क्रिस्टल और रत्न का किया गया है प्रदर्शन

संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के शहरी क्षेत्र के एक कोने में ज्ञान और रुचि का एक छिपा हुआ खजाना है. यहां ब्रह्मांड के निर्माण से संबंधित जानकारी और वस्तुओं का छोटा, लेकिन उल्लेखनीय रूप से सुरूचिपूर्ण प्रदर्शन है. यह हमारी पृथ्वी के कई पहलुओं, धन, संसाधनों और समृद्धि को दर्शाता है. सीएमपीडीआई मुख्यालय के ग्राउंड फ्लोर स्थित भूविज्ञान संग्रहालय वास्तव में अपनी सामग्री और प्रदर्शन में आकर्षक है और ज्ञान के सभी साधकों के लिए रूचि का स्रोत है. सीएमपीडीआई विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों एवं आम जनता के ज्ञानवर्धन के लिए इस संग्रहालय को सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक खुला रखता है. विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर संग्रहालय दिन भर खुला रहेगा.



मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया है कि मनुष्य का विकास कैसे हुआ और गुफाओं में वे कैसे रहते थे

**खास बातें**

*सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक खुला रहता है सीएमपीडीआई संग्रहालय*

*ज्वालामुखी, महासागर, पृथ्वी पर जीवन के आगमन और इसके विकास की कहानियां बतायी गयी हैं*

### संग्रहालय का डिजाइन इन-हाउस आर्किटेक्ट आरए दत्त ने तैयार किया था

सीएमपीडीआई एक बौद्धिक संगठन के रूप में एक ऐसा संग्रहालय स्थापित करने के लिए तैयार था, जो सार्वजनिक हित के लिए समग्र जानकारी और ज्ञान की व्यापक पृष्ठभूमि के साथ-साथ खनन के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करे. वर्ष 1991 के आसपास कोल इंडिया प्रबंधन ने इस प्रयास के लिए हरी झंडी दी. संग्रहालय का मूल डिजाइन एक इन-हाउस आर्किटेक्ट द्वारा तैयार किया गया था. इसके अनुमोदन के बाद प्रसिद्ध कलाकार और कार्यान्वयनकर्ता आरए दत्त का प्रदर्शित किए जाने वाले वस्तुओं के निर्माण और इसकी स्थापना के लिए विधिवत प्रक्रिया के तहत चयन किया गया था.

### जुलाई 1991 में हुआ था भूविज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन

भूविज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन जुलाई 1991 में किया गया था और यह 1400 करोड़ साल पहले ब्रह्मांड की रचना के साथ शुरू होता है. इसमें लगभग 450 करोड़ साल पहले के सौर मंडल और हमारे ग्रह पृथ्वी का निर्माण भी शामिल है. संग्रहालय में कई और मॉडल और डायोरमास एनिमेटेड हैं, जो आगंतुकों के लिए इसे रुचिकर बनाते हैं. इसमें ज्वालामुखियों, महासागर, पृथ्वी पर जीवन के आगमन और इसके विकास की कहानियों को बताया गया है. कई दुर्लभ और वास्तविक नमूने जैसे शंख, जीवाश्म, डायनासोर की हड्डियां, भूवैज्ञानिक खजाने, विभिन्न तरह के क्रिस्टल और रत्न शामिल हैं, जिसे यहां प्रदर्शित किया गया है. जलीय क्रिया के कारण चूना पत्थर प्रदेशों में निर्मित भू-आकृतियां, जो कास्ट लैंडफार्म हैं, को भी दर्शाया गया है. इसमें स्टैलेक्टाइट एवं स्टैलेग्माइट भी शामिल है. इस संग्रहालय में पेड़ों के पेट्रीफॉयड (पाषाणकृत) तना के नमूने भी संग्रहित हैं. मनुष्य का विकास और गुफाओं में आदमी कैसे रहते थे, को मॉडल के माध्यम से दर्शाया गया है. पृथ्वी का क्रॉस-सेक्शन, समुद्र की सतह से पेट्रोलियम का निष्कर्षण और इसके शोधन जैसे भूवैज्ञानिक अभिरुचिवाली वस्तुओं को दिखलाया गया है. एक दिलचस्प मॉडल चंद्रमा पर लूनर मॉड्यूल की लैंडिंग को भी दर्शाया गया है.

### संग्रहालय की विशिष्ट गैलरी में रखा है ऐतिहासिक लौह-कैप्सूल


संग्रहालय में सामान्य प्रदर्शन के बाद एक विशिष्ट गैलरी है, जो कोयला खनन से संबंधित प्रदर्शनों के लिए समर्पित है. संग्रहालय की इस गैलरी में एक ऐतिहासिक लौह-कैप्सूल है, जिसका उपयोग 1989 में महावीर कोलियरी दुर्घटना में फंसे खनिकों का जीवन बचाने के लिए किया गया था. गैलरी में विभिन्न तरह के कोयले के नमूने, उनका तकनीक गुण और ग्रेड के साथ दिखलाया गया है. एक बड़ा मॉडल एक विशिष्ट भूमिगत कोयला खदान और इससे संबंधित गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी देता है. यंत्रीकृत खुली खदान और सीबीएम के उपयोग और इसे निकालने का एक अद्भुत वर्किंग मॉडल है, जो सीएमपीडीआई के घरेलू (इन-हाउस) तकनीशियन द्वारा तैयार किए गए हैं, जिसमें वास्तव में चलनेवाली सभी मशीनों और वाहनों को दर्शाया गया है.

**संग्रहालय को अब डिजिटल प्लेटफार्म पर लाया गया**

सीएमपीडीआई भूविज्ञान संग्रहालय को अब कंटेंट मैनेजमेंट सिस्टम के साथ मल्टी टचस्क्रीन डिस्प्ले/कियोस्क, एआर/वीआर एप्लीकेशन, होलोग्राफिक प्रोजेक्शन जैसी अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक का उपयोग (तैनात) करके ऑडियो विजुअल मल्टीमीडिया सिस्टम शुरू कर डिजिटल प्लेटफार्म पर भी लाया गया है.

## निलंबित आईएएस अफसर छवि की बेल पर सुनवाई पूरी

**रांची।** चेशायर होम रोड की लगभग एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री और मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है. अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय की अदालत में जमानत याचिका पर सुनवाई हुई. छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. उनकी ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अभिषेक चौधरी ने बहस की. वहीं ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जेनरल अनिल कुमार ने बहस की. यह केस ईडी के कांड संख्या ईसीआईआर 05/2023 से जुड़ा हुआ है. इससे पहले मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े दूसरे मामले में हाईकोर्ट उनकी जमानत अर्जी खारिज कर चुका है.



- चेशायर होम रोड की जमीन से जुड़े मामले में सुनवाई
- सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा

**ब्रीफ खबरें**

### राजेश ठाकुर बोले - गृहमंत्री अमित शाह का रोड शो फ्लॉप

**रांची।** देश के गृहमंत्री अमित शाह का रांची के चुटिया मोहल्ला में रोड शो पर तंज करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अब मोहल्लेवासियों ने भी भाजपा को नकार दिया है. अमित शाह का रोड शो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई क्योंकि जनता को अब भाजपा पर भरोसा नहीं रहा. भरोसा है तो कांग्रेस की पांच न्याय और 25 गारंटी पर. राहुल गांधी जी द्वारा जनता के लिए पूछे गए प्रश्न देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मुहल्लों में रोड़ शो करने को विवश कर दिया.प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जो पार्टी वंचितों से उनका अधिकार छीनना चाहती हो, देश का संविधान बदलना चाहती हो, अपने पूंजीपति मित्रों का 16 लाख करोड रुपये माफ की है, युवाओं को रोजगार के लिए भटकाती हो, किसानों को एमएसपी देने के बदले गालिया बरसाती हो, महिलाओं को इज्जत लूटने वालों को सम्मान देती हो वैसी भाजपा पर अब जनता का भरोसा कभी नहीं रहेगा. इन्हें रोड शो की जगह अपने दस साल अन्याय काल के लिए जनता माफी मांगनी चाहिए.

### गृहमंत्री अमित शाह का बोकारो दौरा स्थगित

**रांची।** गृह मंत्री अमित शाह की व्यस्तता के कारण 18 मई को बोकारो में होनेवाली चुनावी सभा स्थगित कर दी गयी है. गौरतलब है कि बोकारो सेक्टर 5 पुस्तकाल मैदान में 18 मई को चुनाव सभा होनी थी. धनबाद लोकसभा सीट के एनडीए के बीजेपी प्रत्याशी दुल्लू महतो के समर्थन में वोट की अपील करने वाले थे. बोकारो जिला बीजेपी अध्यक्ष जयदेव राय ने इसकी पुष्टि की. गौरतलब है कि शुक्रवार को अमित शाह शाम 5.30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचें. इसके बाद चुटिया स्थित इंदिरा गांधी चौक पहुंचें और रोड शो में हिस्सा लिया, जिसके बाद विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गये.

एनटीपीसी की चट्टी बरियातू परियोजना के पास है बिरहोर बस्ती

# बिरहोर बस्ती में कोयला खनन से प्रदूषण की गंभीर समस्या है : रिपोर्ट

**2 बिरहोरों की हो चुकी है मौत**

प्रवीण कुमार। रांची

हजारीबाग के केरेडारी प्रखंड के चट्टी बरियातू में एक सप्ताह के भीतर बिरहोर जाति के दो लोगों की मौत के मामले में प्रशासन ने अपनी रिपोर्ट सरकार को भेज दी है. रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि जिस बिरहोर बस्ती में दो लोगों की मौत हुई, वहां पर प्रदूषण की गंभीर समस्या है. हजारीबाग के उपायुक्त नैंसी सहाय ने खनन विभाग को पूरी रिपोर्ट भेजी है. डीसी ने पांच सदस्यीय टीम की जांच रिपोर्ट विभाग को भेज दी है. जांच रिपोर्ट में अनुशंसा है कि जब तक बिरहोरों को दूसरी जगह ना बसा दिया जाए, तब तक खनन कार्य करना ठीक नहीं (श्रेयस्कर नहीं) है.

**शुभम संदेश की रिपोर्ट पर प्रशासन की जांच रिपोर्ट ने मुहर लगाई :** शुभम संदेश और लगातार न्यूज ने हजारीबाग में एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना में खनन के कारण होने वाले प्रदूषण से दो बिरहोरों की मौत का मुद्दा लगातार उठाया. कई रिपोर्ट प्रकाशित की. आज उन रिपोर्ट्स में उठाये गये सवालों की पुष्टि जांच रिपोर्ट से हुई है. शुभम संदेश में प्रकाशित रिपोर्ट को आधार बनाते हुए एक्टिविस्ट मंटू सोनी की शिकायत पर राष्ट्रपति भवन ने संज्ञान लेते हुए कोयला मंत्रालय के सचिव को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था. केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने झारखंड के मुख्य सचिव और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हजारीबाग डीसी को पत्र लिखकर आठ सप्ताह में कार्रवाई करने को कहा था. सामाजिक कार्यकर्ता बैजनाथ कुमार की शिकायत पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने भी मामला दर्ज किया है.

**जांच रिपोर्ट में खनन कार्य बंद कराने की अनुशंसा**





प्रकाशित खबर.

*जांच रिपोर्ट के मुताबिक एनटीपीसी की माइंस डेवलपर और ऑपरेटर ऋत्विक एएमआर कंपनी है. कंपनी द्वारा ही खनन कार्य किया जा रहा है. इससे होने वाले प्रदूषण का प्रतिकूल असर आदिम जनजाति के बिरहोर जनजातियों के रहन-सहन एवं स्वास्थ्य पर पड़ रहा है. इसलिए जब तक बिरहोर बस्ती के परिवारों को पगार बिरहोर टोला से दूसरी जगह नहीं बसा दिया जाता है, तब तक माइनिंग का काम कराना ठीक नहीं है.*

**खास बातें**

- बिरहोरों को दूसरी जगह बसाने तक खनन नहीं होगा
- प्रदूषण से स्वास्थ्य पर पड़ रहा है बुरा असर

### हो सकती है कोई भी बड़ी दुर्घटना

जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस जगह पर खनन कार्य किया जा रहा है, वह बिरहोर टोला, पगार से सटा हुआ है. इस क्षेत्र में खनन व परिवहन होने के कारण हवा में धूल भरा रहता है. वहां प्रदूषण की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है. बिरहोर टोला के निवासियों के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ रहा है. प्रदूषण के कारण स्वांस एवं अन्य बीमारियों की आशंका बनी हुई है. माइनिंग के लिए होने वाले विस्फोट से कभी भी बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है.

### बिरहोरों को दी जा रही उपलब्ध सुविधाएं पर्याप्त नहीं : जांच रिपोर्ट

*जांच रिपोर्ट में एनटीपीसी द्वारा बिरहोरों को दी जा रही सुविधाओं को पर्याप्त नहीं माना गया है. एनटीपीसी द्वारा बिरहोर टोला में दोपहर का भोजन दिया जा रहा है. धूल से बचाव के लिए घेराबंदी के साथ पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है, लेकिन खनन क्षेत्र होने के कारण यह सुविधा पर्याप्त नहीं है. सभी बिरहोर परिवारों को ढेंगा बस्ती में एनटीपीसी द्वारा बनाये गये आवासों में शिफ्ट कराने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन बिरहोर लोग इसके लिए तैयार नहीं है. रिपोर्ट के अनुसार, बिरहोर परिवार पास के जंगल में जाना चाहते हैं, लेकिन नोटिफायड वनभूमि (वनाधिकार अधिनियम 2006) होने के कारण वन विभाग के एफआरए के तहत भूमि देने की प्रक्रिया जारी है.*

**बिरहोर टोला की स्थिति**

| | |
|---|---|
| परिवार की संख्या | 30 |
| कुल जनसंख्या | 115 |
| पुरुष की संख्या | 53 |
| महिला की संख्या | 62 |

### सरकार को अग्रेतर कार्रवाई के लिए लिखा गया है: नैंसी सहाय

बिरहोर की मौत मामले में हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा यह काफी संवेदनशील मामला है. मौत का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने उच्च स्तरीय जांच टीम गठित की थी. जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रेतर कार्रवाई के लिए सरकार को लिखा गया है. सरकार को लिखे गये पत्र में प्रशासन की जांच रिपोर्ट भी संलग्न की गयी है.

### 27 फरवरी को किरणी बिरहोर की हो गई थी मौत

जांच रिपोर्ट में किरणी बिरहोर की मौत के संबंध में कहा गया है कि 27 फरवरी को किरणी बिरहोर की पेट में दर्द उठा था. उसके माता-पिता उसे केरेडारी स्थित सीएचसी ले गये थे. इलाज के दौरान पाया गया कि किरणी बिरहोर को पेट में दर्द व कमजोरी है. अस्पताल से उसे पेन कीलर टैबलेट दी गई और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजने का प्रयास किया गया, लेकिन उसके परिवार के लोगों ने इससे इनकार कर दिया. उसे घर लेकर चले गये जहां समुचित इलाज न हो पाने के कारण उसकी मौत हो गयी.

### 37 साल के बहादुर बिरहोर की भी चली गई थी जान

*बहादुर बिरहोर की उम्र लगभग 37 वर्ष थी. उनकी मौत के संबंध में वहां के ग्रामीणों और उनकी पत्नी से जांच कमेटी ने जानकारी जुटायी है. ग्रामीणों और पत्नी ने जांच कमेटी को बताया कि बहादुर बिरहोर को पहले से कोई बीमारी नहीं थी. जिस दिन बहादुर बिरहोर की मौत हुई, उस दिन वह रात में अपने घर में खाना खाने के बाद सो गया था. सुबह वह उठा ही नहीं. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी और केरेडारी प्रखंड के पदाधिकारियों ने पोस्टमार्टम के लिए शव को अस्पताल भेजने का प्रयास किया, लेकिन परिजन तैयार नहीं हुए. इस कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका. ऐसी स्थिति में मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया.*

## ओएमआर शीट में छेड़छाड़ प्रार्थी पर दर्ज होगी प्राथमिकी

संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी के अभ्यर्थी गोपाल कुमार महथा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है. दरअसल, गोपाल ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर बताया था कि उसने ओएमआर शीट में कई सवालों के जवाब दिये थे. इसके बावजूद जानबूझ कर उसे असफल घोषित कर दिया गया. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की पीठ में शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई हुई. अदालत ने सुनवाई के दौरान ओएमआर शीट देखने के बाद हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को रिट याचिका और ओएमआर शीट को सील कर प्रार्थी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया.

**प्रार्थी व जेपीएससी की ओएमआर शीट में काफी अंतर :** प्रार्थी द्वारा कोर्ट में पेश की गयी ओएमआर शीट और जेएसएससी द्वारा पेश की गयी ओएमआर शीट में काफी अंतर था. ऐसा प्रतीत हो रहा है कि प्रार्थी ने जो ओएमआर शीट पेश की थी, उसमें छेड़छाड़ हुई है. इस मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने पक्ष रखा. वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल व प्रिंस कुमार ने बहस की.

**खास बातें**

- हाईकोर्ट में प्रार्थी ने पेश की ओएमआर शीट की कॉपी
- जेपीएससी पर असफल करने का लगाया था आरोप

## इरफान अंसारी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट से कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी को मिली राहत फिलहाल बरकरार है. शुक्रवार को सुनवाई के दौरान इरफान अंसारी और राज्य सरकार की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने मूल याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है. इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में हुई.

पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने विधायक के खिलाफ दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी. दरअसल वर्ष 2018 में छेड़खानी की शिकार हुई बच्ची की फोटो अस्पताल से वायरल होने के मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था. इसके खिलाफ इरफान अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है. इस मामले में इरफान अंसारी के खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज किया गया था. आरोप है कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची का फोटो वायरल हुआ था.

**खास बातें**

- हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, मूल याचिका पर फैसला सुरक्षित
- छेड़खानी की शिकार बच्ची का फोटो वायरल होने का मामला

**हुए जागरूक** घुमंतू बिरहोर भी समझने लगे हैं चुनाव का पर्व- देश का गर्व, मतदान को लेकर हैं उत्साहित

# त्रिस्तरीय प्रतिनिधि से लेकर सांसद चुनने में बढ़-चढ़कर ले रहे हिस्सा

संवाददाता। रांची/ हजारीबाग

बिरहोर अब अपने परंपरागत प्रधान को चुनने के अलावा मतदान में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने लगे हैं. त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि से लेकर सांसद तक चुनने लगे हैं. इन्हें पता है कि देश कानून से चलता है. उनके लिए अलग से संवैधानिक संरक्षण की व्यवस्था है. इन्हें डाकिया योजना जैसी विशेष योजनाओं का लाभ मिल रहा है. उनके रहने के लिए घर बनाया जाता है, अलग से आवासीय विद्यालय बनाया गया है. आय वृद्धि के लिए कौशल विकास के तहत उन्हें विभिन्न तरह की ट्रेनिंग दी जाती है. बिरहोर परंपरागत तरीके से पेड़ की छाल से रस्सी बनाने के बदले तथा जंगल से जड़ी- बूटी संग्रह करने के साथ-साथ अब ट्रैक्टर चलाने लगे है. मजदूरी करने लगे हैं. प्लास्टिक की रस्सी बनाने लगे हैं .झारखंड के हजारीबाग जिला मुख्यालय से 14 किलोमीटर की दूरी पर कुल चार बिरहोर कॉलोनियां हैं... कंडसार, डेमोटांड़, सिझुआ और ढेंगुरा हैं . इन चारों बिरहोर कॉलनी में कुल 92 बिरहोर परिवार निवास करते हैं.





**कहां किस कॉलोनी में कितने बिरहोर परिवार रह रहे हैं :** ईचाक प्रखंड मुख्यालय के पास, एनएच 33 के ठीक बगल में सिझुआ बिरहोर कॉलोनी है. यहां कुल 13 बिरहोर परिवार रहते हैं. इनमें से कुछ रोजगार के लिए जयपुर तक जाते हैं और बहुत से बिरहोर यहां नजदीक के क्रेशर में काम करते हैं . इस बिरहोर कॉलोनी में कुल 21 वोटर हैं. कंडसार बिरहोर टोला में कुल परिवारों की संख्या 36 है और कुल वोटर की संख्या 74 है. जबकि डेमोटांड़ और ढेंगुरा बिरहोर कॉलोनी में क्रमशः परिवारों की संख्या 28 और 20 है. यहां वोटर की संख्या क्रमशः 22 और 17 है.

**उम्मीदवारों को नहीं देखा है, पर मतदान करेंगे**

*सभी बिरहोर मतदाता मतदान को लेकर काफी उत्साहित हैं. जागरूकता के कारण अपने अधिकारों को समझ रहे हैं. इन्हें मालूम है- 'चुनाव का पर्व, राष्ट्र का गर्व है '. हजारीबाग के चारों टांडा के बिरहोर मतदाता 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग कर सांसद चुनेंगे. इन लोगों का कहना है कि उम्मीदवारों को नहीं देखा है. हम लोगों के यहां कुछ परिवारों के पास राशन कार्ड भी नहीं है, लेकिन फिर भी वोट देंगे. सिझुआ बिरहोर कॉलोनी में सभी परिवार के पास राशन कार्ड है, लेकिन कंडसारा बिरहोर टोला में सात ऐसे परिवार हैं, जिनके पास राशन कार्ड नहीं है. यही स्थिति डेमोटांड़ की है .यहां तीन परिवार के पास राशन कार्ड नहीं है. ढेंगुरा में मात्र एक बिरहोर परिवार बिना राशन कार्ड के है.*

### विनोबा भावे विवि के शोधार्थी 16 वर्षों से कर रहे हैं जागरूक

विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मानव विज्ञान विभाग के विद्यार्थी व शोधार्थी विगत 16 वर्षों से लगातार शोध करने के साथ-साथ अलग- अलग तरीके से बिरहोर परिवारों को जागरूक कर रहे हैं. उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही साथ योजनाओं का लाभ दिलाने, गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने के लिए मदिरापान से दूर रहकर साफ सफाई पर ध्यान देने और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक करते रहे हैं.

### 2011 की जनगणना के अनुसार बिरहोरों की संख्या 10726 है

झारखंड में कुल आठ तरह की विशेष संवेदनशील या अति कमजोर जनजातियां निवास करती हैं. बिरहोर भी इनमें से एक है. 2006 से पहले इन्हें आदिम जनजाति कहा जाता था, बाद में इन्हें विशेष रूप से कमजोर या पार्टिकुलरली वलनरेबल ट्राईबल ग्रुप्स( पीवीटीजी) कहा जाने लगा. समय के साथ स्वाभाविक रूप से बिरहोर के जीवन में भी बदलाव आया आया है. जंगलों में घूम घूम कर जीवन बिताने वाले बिरहोरों को उथलू कहा जाता था.

क्लासिफाइड







राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, शनिवार 18 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 39 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### संजय सेठ के लिए चुटिया में शाह ने किया एक किमी का रोड शो, लगे जयश्री राम और 400 पार के नारे, रांची विधायक सीपी सिंह नहीं रहे मौजूद

# गृह मंत्री अमित शाह का रांची रोड शो, उमड़ी भीड़

विशेष संवाददाता। रांची

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा के नेता अमित शाह ने रांची प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में चुटिया में रोड शो किया. शुक्रवार को शाम सवा पांच बजे से चुटिया इंदिरा चौक से रोड शो शुरू हुआ, जो सरस्वती शिशु मंदिर तक गया. एक किमी दूरी तय करने में करीब सवा घंटे का वक्त लगा. एक किलोमीटर के इस रोड में सड़क के दोनों ओर, घर के बाहर एवं छतों पर भारी संख्या में चुटिया निवासी और भाजपा नेता कार्यकर्ता शामिल हुए. ढोल-मांदर की थाप पर इंदिरा चौक से शाह का रोड शुरू हुआ. इस दौरान जयश्री राम, अबकी बार 400 पार, जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे... आदि के नारे लगे. लोग मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे. सैकड़ों की संख्या में समर्थक शाह के रोड शो के वाहन के आगे-आगे चल रहे थे. शाह अपने खुली गाड़ी से लोगों का अभिवादन और और पुष्प वर्षा करते आगे बढ़ रहे थे. चुटिया के घरों के बाहर और छतों से भी लोग शाह पर पुष्प वर्षा करते रहे.

**रांची विधायक सीपी सिंह को कार्यक्रम से रखा गया दूर :** अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर रांची के विधायक सीपी सिंह एक सप्ताह से रांची के गली-मोहल्लों में 15-15 किमी पैदल चल कर पदयात्रा करते रहे. लोगों को कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते रहे. पूरी ताकत उन्होंने झोंक दी. मगर रांची विधानसभा के अधीन पड़ने वाले चुटिया में सीपी सिंह का शामिल नहीं होना चर्चा का विषय बना रहा. भाजपा नेता आपस में यह बात करते रहे कि आखिरकार क्यों सीपी सिंह को कार्यक्रम को दूर रखा गया, वह भी उनके विधानसभा क्षेत्र के रोड शो में. पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार सीपी सिंह शुक्रवार को केशव प्रसाद मौर्या के साथ केरेडारी में थे. कार्यक्रम में प्रत्याशी संजय सेठ के अलावा विधायक नवीन जायसवाल, विधायक समरी लाल, पूर्व विधायक जीतू चरण राम, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, राजीव रंजन मिश्रा, ललित ओझा, सुरेश साहू, शोभा यादव, अमन वर्मा, आजसू से वनमाली मंडल सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए.

### शाह दिल्ली वापस लौटे, बोकारो की सभा रद्द

रोड शो करने के बाद शाह शाम को 7 बजे दिल्ली विशेष विमान से लौट गए. शाह को 18 मई को बोकारो में भी चुनावी सभा करनी थी. मगर शाह के अति व्यस्तता के कारण 18 मई को बोकारो में होने वाली आम स्थगित कर दिया गया.





# चांडिल के गांवों में हो रहा है सांसद संजय सेठ का विरोध




संवाददाता। चांडिल

रांची संसदीय क्षेत्र के सांसद संजय सेठ का ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों में विरोध हो रहा है. ग्रामीण भाजपा के प्रचार वाहन को गांव में घुसने से रोक रहे हैं, वहीं प्रचार वाहन का बाजा भी बंद करवा रहे हैं. प्रचार वाहन को गांव में घुसने से रोकने और वाहन को गांव के बाहर से ही लौटाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. ताजा घटना नीमडीह प्रखंड के काशीपुर गांव का है. काशीपुर में रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी का प्रचार वाहन को प्रचार करने से रोका गया और प्रचार वाहन को गांव के बाहर से वापस जाने पर मजबूर किया गया. इसके पूर्व चालियामा में भी भाजपा के प्रचार वाहन के साथ इस प्रकार का घटना होने की बात कही जा रही है. इस दौरान लोग गूंगा-बहरा और बाहरी विधायक-सांसद अब नहीं चलेगा का नारा लगा रहे थे.

**सिर्फ वोट के समय ही याद आते हैं क्या :** काशीपुर में भाजपा के प्रचार वाहन को रोकने के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि सिर्फ चुनाव के समय वोट लेने के लिए ग्रामीण याद आते हैं क्या. चुनाव जीतने के बाद एक दिन भी ग्रामीणों को झांकने सांसद क्यों नहीं पहुंचे. चांडिल डैम से विस्थापित होने के कारण लोग समस्याओं तले दबे हुए हैं. सांसद एक दिन भी समस्याओं की जानकारी तक नहीं लिए. लोगों ने कहा कि जनता पांच साल के लिए बड़ी उम्मीद के साथ अपने प्रतिनिधि चुनते हैं जो उनके सुख-दुख में हमेशा खड़ा रहे. उनकी समस्याओं का समाधान करे. सांसद का क्षेत्र काफी बड़ा होता है, फिर पांच साल कम नहीं होते है. चुनाव के समय सांसद जितना मेहनत कर रहे हैं, पांच साल के दौरान इसका आधा मेहनत भी अगर किए होते तो जनता को कोई शिकायत नहीं होती. माह-दो माह में प्रखंड स्तर पर जनता के साथ बैठ कर उनकी समस्याएं सुनते और उसका तत्काल समाधान करने की दिशा में काम करते तो जनता का हित होता.

### झामुमो का चमरा के मुकाबले लोबिन पर कड़ा एक्शन

# लोबिन और सीता सोरेन 6 वर्ष के लिए निष्कासित

कौशल आनंद। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने फिर वही काम किया है. पार्टी ने राजमहल से पार्टी एवं गठबंधन के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने, गठबंधन धर्म के विपरीत कार्य करने एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिग्भ्रमित करने का कारण बताते हुए पार्टी के विधायक लोबिन हेंब्रम पार्टी को प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है. यह पत्र पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के हस्ताक्षर से जारी किया है. जबकि यही अपराध पार्टी विधायक चमरा लिंडा ने भी किया था. उन्हें पार्टी से केवल निलंबित किय गया था. इनके निलंबन का पत्र पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर सात मई को जारी किया था. बसंत लौंगा और चमरा लिंडा पर अलग-अगल कार्रवाई पर जब पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने उस समय पूछा गया तो उन्होंने लॉजिक दिया था कि बसंत लौंगा चूंकि पार्टी पदाधिकारी हैं, जबकि चमरा लिंडा विधायक, इसलिए उन पर अंतिम निर्णय विधायक दल ही लेगा. अब सवाल उठता है कि क्या लोबिन हेंब्रम विधायक नहीं हैं. क्या दोनों विधायकों पर अलग-अगल नियम लागू होता है.

**अपराध एक, सजा अलग-अलग**



### मेरी लडाई झारखंड और झारखंडियों के लिए, पार्टी का बंधन रोक नहीं सकता : लोबिन

शुभम संदेश से पार्टी से निष्कासित किए जाने के सवाल पर कहा पार्टी ने आपना काम किया है. मेरी लडाई राज्य के आदिवासी-मूलवासियों के हक और आधिकार के लिए जारी रहेगा. हमनें संथाल परगना में हो रही लूट को लेकर अक्सर आवाज उठाते रहे. जिसे पार्टी ने दबाने का काम किया है. उन्होंने कहा कि विजय हांसदा किसी भी कीमत में विजयी नहीं होंगे. उन्होंने राजमहल के लिए कुछ नहीं किया. केवल व्यापार किया. हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद बसंत सोरेन को मौका मिलना चाहिए था.

## सीता सोरेन लड़ रहीं भाजपा से चुनाव



पार्टी ने भाजपा में शामिल हो चुकीं और दुमका से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहीं सीता सोरेन को भी कार्रवाई की है. पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन द्वारा जारी पत्र में उन्हें पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया है. पार्टी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि 19 मार्च को आपने (सीता सोरेन) पार्टी एवं पार्टी के वरीय नेताओं पर आधारहीन गंभीर आरोप लगाते हुए आपके द्वारा पार्टी के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए इसे स्वीकार करने का अनुरोध किया गया था. आपने दुमका लोकसभा सीट से नामंकन भी किया है. उक्त दोनों घटनाक्रम यह दर्शाता है कि आपके पूर्वनिर्धारित मंशा पार्टी विरुद्ध चुनाव लड़ने के लिए आपके द्वारा पार्टी एवं पार्टी के वरीय नेताओं पर आधारहीन आरोप लगाया जाता रहा है. अतः आपको पार्टी के सभी पदों से पदमुक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए निष्कासित किया जाता है.

### लिट्टीपाड़ा में हांसदा के लिए कल्पना ने मांगा वोट

# हेमंत ने विकास कार्य शुरू किए, तो जेल में डाल दिया



संवाददाता। लिट्टीपाड़ा

झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को लिट्टीपाड़ा के कारयोडीह मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने हेमंत सोरेन के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाकर आनेवाले एक जून को झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा को तीर धनुष छाप पर बटन दबाकर वोट देने की अपील की. कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड से बाहर गए श्रमिकों को कोरोना काल में हवाई जहाज से वापस झारखंड लाने का काम किया. लोगों के घर-घर तक खाने-पीने की व्यवस्था दीदी हेल्थ वर्कर के माध्यम से किया ताकि कोई भी भूख ना रहे. इसके साथ-साथ हरा राशन कार्ड बनवा कर सभी गरीबों को राशन उपलब्ध कराया. केंद्र सरकार से गरीबों के आवास के लिए राशि मांगी, लेकिन नहीं मिली. इसके बाद हेमंत ने 20 लाख लोगों को अबुआ आवास की स्वीकृति देकर लाभान्वित किया गया. हेमंत सोरेन ने बहुत करीब से गरीबी को देखा है. अपनी मां-बहनों को गरीबी में जीते हुए देखा है. यही कारण है कि वह गरीबों के दुख दर्द को समझते हैं. झारखंड के युवाओं को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से जोड़कर रोजगार देने का काम किया. जिसके तहत 25 लाख रुपए बैंकों से लोन लेकर रोजगार कर सकते हैं. हेमंत सोरेन की बढ़ती लोकप्रियता एवं झारखंड के विकास को देख कर केंद्र की मोदी सरकार एवं भाजपा घबरा गई और झूठे आरोप में फंसा कर हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया. अब वक्त आ गया है आप लोग एकजुट होकर भाजपा को मुंहतोड़ जवाब दें. एक जून को झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा को तीर धनुष चिन्ह पर वोट देकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने का काम करें.

# डुमरिया में भी भाजपा की प्रचार गाड़ी रोकी

संवाददाता। डुमरिया

■ **विद्युत वरण महतो के खिलाफ वीडियो हो रहा वायरल**

प्रखंड अंतर्गत खैरबनी पंचायत फुलझरी में ग्रामीणों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रचार से रोकने का वीडियो वायरल हो रहा है. वीडियो में कुछ लोगों द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं को गांव से पहले रोककर वापस भेजते देखा जा रहा है. घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है. भाजपा के कुछ कार्यकर्ता प्रचार गाड़ी लेकर डुमरिया प्रखंड के अंतिम छोर पर स्थित भीतरआमदा से फुलझरी टोला की ओर जा रहे थे. इस दौरान कुछ ग्रामीण मुख्य सड़क पर भाजपा के प्रचार वाहन को रोक दिया. गांव के बाहर से ही भाजपा कार्यकर्ताओं को वापस लौटा दिया गया. इस संबंध में भाजपा डुमरिया मंडल अध्यक्ष बेहुला नायक ने कहा कि सभी पार्टियों को प्रचार का अधिकार है. जनता अपने इच्छानुसार किसी भी पार्टी को मतदान कर सकती है. उन्होंने कहा कि वे स्वयं फुलझरी जाकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष मे प्रचार अभियान चलायेगी. साथ ही कहा कि जो लोग विरोध कर रहे हैं क्या वे मोदी सरकार द्वारा दिए गए लाभ को भी अस्वीकार करेंगे. इस मामले में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा भाजपा का विरोध किया जा रहा है. इसमें झामुमो कार्यकर्ता शामिल नही हैं.

### नाबालिग के साथ गैंग रेप, चार आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंग रेप की घटना हुई है. इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. दो आरोपी अभी भी फरार हैं. गिरफ्तार आरोपियों में ललन भुइयां, योगेंद्र भुईयां, श्रवण कुमार, पंकज कुमार शामिल हैं. जानकारी के अनुसार पीड़िता शौच के लिए घर से बाहर गई थी. इसी दौरान छह युवकों ने पीड़िता का अपहरण कर उसे सुनसान इलाके में ले गए और सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया.

### चुनावी चर्चा : जयराम महतो की दादी ने कहा- जनता मेरे पोते के साथ, इसीलिए बहा रही पसीना

# 80 साल की दादी, पोते के लिए कर रहीं प्रचार

अक्षय चौबे। तोपचांची

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो चुनावी दंगल में हैं. जयराम महतो लगातार लोगों के बीच जाकर जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं. जयराम महतो के समर्थक भी चिलचिलाती धूप में जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं. समर्थक लगातार जीत के लिए समीकरण बना रहे हैं. लगभग 80 के उम्र में जयराम महतो की दादी झुपरी देवी भी चुनावी प्रचार के दंगल में उतर चुकी हैं. चिलचिलाती धूप में अपने पोते जयराम महतो के समर्थन में जनसम्पर्क अभियान चला रही हैं. तोपचांची प्रखंड के विभिन्न गांवों में जाकर कर जनता से वोट मांग रही हैं.



जयराम महतो के दादी झुपरी देवी ने बताया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में विकास का अभाव है. जनता परिवर्तन चाहती है. जनता जयराम महतो को जन व धन दोनों से समर्थन दे रही है. विभिन्न गांवों के लोग जयराम महतो के समर्थन में चावल, दाल, आलू व अन्य वस्तु देकर सहयोग कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि जनता जयराम महतो के पक्ष में वोट करके गिरिडीह लोकसभा में परिवर्तन लाएगी.

**लोकसभा चुनाव 2024**

### एडीआर की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, मैदान में 338 उम्मीदवार करोड़पति

# छठे चरण के चुनाव में ढुल्लू महतो समेत 180 दागी प्रत्याशी

संवाददाता। धनबाद

लोकसभा चुनाव में अब तक की प्रक्रिया के चार चरण पूरे हो चुके हैं. बाकी तीन चरणों के लिए मतदान 20 मई से 1 जून के बीच कराए जाएंगे. छठे दौर के नामांकन की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं. धनबाद में छठे चरण का चुनाव 25 मई को होगा. इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने छठे चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है. इस चरण में कुल 869 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. जिनमें से 866 के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है. एडीआर ने गुरुवार को जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि छठे चरण में 866 उम्मीदवारों से 180 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं. वहीं 338 उम्मीदवार करोड़पति हैं.

### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि



866 में से 180 (21 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं. 141 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं. 12 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं. जिसमे धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो ने अपने ऊपर दो मामले में दोष सिद्ध होने की पुष्टि की है. छह उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 21 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं. महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 24 हैं. इन 24 में से तीन उम्मीदवारों के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है..इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 16 उम्मीदवार हैं. छठे चरण में आप के सभी पांच और राजद के सभी चार उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, सपा के 12 में से नौ, भाजपा के 51 में से 28, कांग्रेस के 25 में से आठ, टीएमसी के नौ में से चार और बीजद के छह में से दो उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं.

### संदिग्ध के साथ ढुल्लू का चुनाव प्रचार चर्चा में

धनबाद की बात करें तो यहां से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने अपने शपथ पत्र में 20 मामलों का जिक्र किया है. ढुलू महतो को भाजपा ने जब से धनबाद लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है. तभी से कांग्रेस लगातार उनकी छवि को लेकर हमले कर रही है. ऐसे में एक संदिग्ध के साथ ढुल्लू महतो का फोटो सामने आना कांग्रेस के दावे को और मजबूत कर रहा है. कांग्रेस की ओर से ढुल्लू महतो पर लगातार यह आरोप लगाया गया है कि वह एक आपराधिक छवि के प्रत्याशी हैं. जिन पर चार दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं.

### अंग्रेजी में छपवा कर जनता को कर रहे भ्रमित

कांग्रेस नेता प्रभात सुरोलिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पता चला है कि धनबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक अखबार में ढुलू महतो ने अंग्रेजी भाषा में एक विज्ञापन छपवाया है, जो उसके अपराधिक रिकार्ड से संबंधित है. आगे कहा है कि हिन्दी अखबार में अंग्रेजी का विज्ञापन ये कुछ समझ नहीं आया. ऐसे भी क्या ढुलू महतो खुद भी अंग्रेजी जानते हैं? जब वे खुद नहीं जानते और न समझ पाते तो यहां की जनता क्या समझेगी और जानेगी?

# कांड्रा-चौका मार्ग के लखना सिंह घाटी में दर्जनों ट्रकों में हुई लूटपाट

### चालक-उपचालकों से मारपीट, कई ट्रकों में की तोड़फोड़

संवाददाता। आदित्यपुर

कांड्रा-चौका मार्ग पर गुरुवार की देर रात लखना सिंह घाटी में दर्जनों ट्रकों से लाखो रुपए की लूटपाट,चालकों से मारपीट की गई. बताया जाता है गुजर रहे 10 से भी अधिक ट्रकों को जबरन रुकवा कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर मोबाइल व पैसे घात लगाए बैठे अपराधियों ने लूट लिये. अपराधियों ने ट्रकों के शीशे तोड़ डाले. कई ट्रक चालकों पर तेज धार हथियार से हमला कर जख्मी भी किया गया है. जान बचाकर कई ट्रक चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हुए और बाद में सुरक्षित स्थान पर पहुंच कर चालकों ने अपने मालिकों को घटना की जानकारी दी. घायल ट्रक चालकों ने बताया कि तकरीबन 10 से 15 की संख्या में लुटेरे घात लगाए बैठे थे, जिन्होंने मुंह पर गमछा बांध रखा था, जिनके पास तेज हथियार भी थे. देर रात पुलिस को सूचित किया गया, लेकिन पुलिस के आने से पहले सभी लुटेरे भाग खड़े हुए. बताया जाता है कि पुलिस पेट्रोलिंग नहीं होने के चलते लुटेरों ने योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया. इस घटना से आक्रोशित दर्जनों ट्रक चालकों ने देर रात कांड्रा- चौका मुख्य मार्ग को जाम भी कर दिया. बाद में मौके पर पहुंची चौक पुलिस ने ट्रक चालकों को सुरक्षित पर करवाते हुए जाम खाली करवाया. बता दें कि 2 दिन पूर्व ही कांड्रा थाना में नये थानेदार ने योगदान किया है, और पहले दिन कांड्रा क्षेत्र के बंद पडी कम्पनी में चोरी हुई और दूसरे दिन वाहनों में लूटपाट हो गई.

## ब्रीफ खबरें

### कांग्रेस नेता की पिटाई मामले में पूसो थाना प्रभारी निलंबित

**गुमला।** कांग्रेस नेता की बर्बरता पूर्ण पिटाई और दुर्व्यवहार के मामले में एसपी शंभु कुमार सिंह ने पूसो थाना प्रभारी हिमांशु शेखर सिंह को निलंबित कर दिया है. ज्ञात हो कि पूसो थाना क्षेत्र के पहामू गांव निवासी अनुज लोहरा पर एक किशोरी को भगाने का आरोप है. इस मामले में पूछताछ के लिए अनुज के भाई जितेन्द्र लोहरा को पुलिस ने थाना में बुलाया और जमकर पिटाई कर दी. जितेन्द्र पूसो मंडल कांग्रेस का अध्यक्ष है. इलाज के बाद जितेन्द्र ने घटना की लिखित जानकारी एसपी को दी और न्याय की गुहार लगायी. उन्होंने पुलिस की पिटाई से शरीर में उखड़े बाम की तस्वीर वायरल कर कांग्रेस के वरीय नेता को भी घटना की जानकारी दी.

### दो मवेशी तस्कर गिरफ्तार आठ मवेशियों का उद्धार

**सतबरवा (पलामू)।** पशु तस्करी के मामले में पलामू पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों आरोपी बिहार के आरा के रहने वाले हैं. आरोपियों के पास से पुलिस ने आठ मवेशियों को मुक्त कराया है. गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. दरअसल, पलामू पुलिस को मवेशी तस्करी की सूचना मिली थी. जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 75 पर चेकिंग अभियान चलाया.

### भिंडी तोड़ने गई महिला की सर्पदंश से हुई मौत

**बालूमाथ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के चेताग पंचायत स्थित पचफेड़ी टोला में शुक्रवार को अपने घर के समीप बारी में भिंडी सब्जी तोड़ने के दौरान सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पचफेड़ी टोला निवासी सुनील उरांव की पत्नी विक्टोरिया उरांइन (42) वर्ष भिंडी तोड़ रही थी. इसी दौरान एक विषैली सांप ने उसे डस लिया. इसके बाद महिला मौके पर ही अचेत हो गई. परिजनों ने आनन-फानन में विवाहिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सक द्वारा जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया गया.

### पांकी विधायक के मनातू प्रतिनिधि ने दिया इस्तीफा

**मेदिनीनगर।** पांकी के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ. शशिभूषण मेहता के मनातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद ने इस्तीफा दे दिया है. मनातू प्रखंड के टीलों गांव निवासी विधायक प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद ने भाजपा विधायक को दिए पत्र में इस्तीफा का कोई कारण नहीं बताया है.उधर, विधायक प्रतिनिधि के इस्तीफे पर कई तरह की चर्चा जोरो पर है. लेकिन सूत्रों के अनुसार उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया है तथा वे चतरा संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में प्रचार में जुट गए हैं.

### नहीं रहे पूर्व वार्ड नं 20 के पार्षद निरंजन प्रसाद

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम अंतर्गत वार्ड 20 के पूर्व वार्ड पार्षद निरंजन प्रसाद उर्फ लाल बाबू का गुरुवार की शाम रांची स्थित रिम्स में निधन हो गया. ज्ञात हो कि 13 मई को सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे. वे बेलवाटिका चौक पर सड़क किनारे अपनी गाड़ी के सहारे खड़े थे. तभी एक टेंपो उन पर आकर पलट गई और वे जख्मी हो गए थे. दुर्घटना के बाद जो बेहोश हुए फिर उन्हें होश नहीं आया. लाल बाबू का शव शुक्रवार को लाया गया और देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया. लाल बाबू के निधन पर बेलवाटिकर मोहल्ले में शोक का माहौल है.

### रमना प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के वाशिंदों को 10-15 किमी दूर लेने जाना पड़ता है राशन

# अब लाभुकों के लिए राशन ही बन गयी है मुसीबत

संवाददाता। रमना (गढ़वा)

जन वितरण प्रणाली दुकान में अनियमितता का मामला आये दिन ग्रामीणों के द्वारा उठाया जाता है. प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई भी किया जाता है. सरकार आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों के लोगों को राशन मुहैया करती है, ताकि कोई भी परिवार भूखा नहीं रहे. लेकिन चानाकला के लोगों को भी चना ग्राम में ही राशन मिलता था और लोग इसका लाभ भी उठाते थे. लेकिन आज राशन ही राशन लाभुकों के लिए मुसीबत बन गयी है. इस ग्राम के पीएच के 202 और अन्त्योदय के 56 लाभुकों के लिए राशन प्राप्त करना लोहे के चने चबाने जैसा हो गया है. उक्त सभी लाभुकों को अपने ग्राम से 10-15 किलोमीटर दूर



सिलीदाग पंचायत के लक्षित जन वितरण वितरक से राशन लेना पड़ता है. जितना हमलोगों को राशन का मूल्य लगता है, उससे दोगुना वहां के लोगों को आने-जाने में किराया देना पड़ जा रहा है. पूरा एक दिन समय निकल जाता है.

पिछले एक वर्ष से झेल रहे दंश

एक माह का राशन लेने में आज हमलोग गत एक वर्ष से ही इस मुसीबत को झेल रहे है. इस समस्या को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अधिकारियों को भी सूचित किया लेकिन इस पर कोई सामाधन नहीं निकला एक माह के राशन के लिए हमें एक दिन मजदूरी भी छोड़ना पड़ता है. राशन तो मिल जाता है लेकिन मजदूरी छोड़ने से आर्थिक हानि भी उठाना पड़ता है. राशन लेने सिलीदाग लक्षित जन वितरण पहुंचे चना के ग्रामीणों में महिला पुरुष और वृद्ध लोग भी शामिल थे. आशा कुंवर 67 वर्ष, बचिया कुंवर 65 वर्ष शांति कुंवर 60, सबीना, मिना बीबी, मनित्री देवी, पचिया देवी गीता देवी, शुकनी देवी बसंती देवी, लालती देवी, मंती देवी आदि ने बताया कि हमलोगों को अपने घर से इतने दूर राशन लेने में बहुत परेशानी होती है.

**राशन लेने जाना लोहे के चने चबाने के जैसा : ग्रामीण**

ग्रामीण कमलेश पासवान, रुपेश कुमार बैठा, बसारत शेख आदि ने कहा कि एक वर्ष से हमलोग इतनी दूर राशन वितरण होने से लोहे के चना चबा रहे है. आने जाना का किराया 60-100 रु लग जाता हैं. इतना ही नहीं भूखे-प्यासे सुबह में ही घर से राशन लेने के लिए निकल जाना पड़ता हैं. इस सम्बन्ध में प्रमुख करुणा सोनी से बात करने पर पता चला कि इस मामले को हमने सभा में रखा, लेकिन चना में डीलर का नया चयन की मांग ग्रामीणों के द्वारा किया गया. जिसके लिए हमने विभाग को सूचित किया था लेकिन चयन नहीं हो सका. आचार संहिता समाप्त होते ही प्रथम सभा में इस बात को रखा जायेगा. इस सम्बन्ध में सीओ सह एमओ वासुदेव राय ने कहा कि यह मामला कब का है, मेरे जानकारी में नहीं हैं.

### ग्रामीणों से संवाद कर मतदान के लिए किया प्रेरित

# डीसी ने किया मनातू व पांकी के स्ट्रांग रूम व बूथों का निरीक्षण

संवाददाता। मेदिनीनगर



चतरा संसदीय सीट पर चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को पांकी विस क्षेत्र अंतर्गत मनातू में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने परियोजना कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय व चक के इलाके में उत्क्रमित प्लसटू उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने दोनों ही आईएसआर से अटैच्ड बूथ नं. 1, 2, 3, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17 समेत अन्य बूथों का भी जायज़ा लिया. उपयुक्त श्री रंजन ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय,जलेया में बने बूथों पर स्थानीय बीएलओ से एएसडी लिस्ट व वोटर इनफार्मेशन स्लीप के अवितरण सूची की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने शत-प्रतिशत वोटर इनफार्मेशन स्लीप को ससमय वितरण किये जाने के निर्देश दिये. उन्होंने गर्मी के मद्देनजर पेयजल की प्रयाप्त व्यवस्था व टेंट अनिवार्य रूप से लगाने पर बल दिया.


अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का लिया जायज़ा

लोकसभा चुनाव को लेकर पांकी विस क्षेत्र अंतर्गत भ्रमण के दौरान आईएसआर व बूथों का निरीक्षण के बाद उपायुक्त शशि रंजन ने चक में बने अंतरराज्यीय चेक नाका व पुलिस पिकेट का जायज़ा लिया.

इस दौरान पिकेट के कुछ जवानों ने उपायुक्त से पंखा लगवाने हेतु अनुरोध किया. इस पर उपायुक्त ने मनातू सीओ को अविलंब पंखा लगवाने के निर्देश दिये. उन्होंने मनातू सीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से विभिन्न मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली. मनातू के बाद उन्होंने पांकी के ताल उच्च विद्यालय में बने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का भी जायज़ा लिया. मनातू व पांकी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें आगामी चुनाव में मतदान करने हेतु प्रेरित किया. मौके पर डीडीसी रवि आनंद, संबंधित बीडीओ-सीओ, सेक्टर पदाधिकारी आदि उपस्थित थे.

### 35 सूक्ष्म प्रेक्षकों को मिला तीसरे चरण का प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** चतरा संसदीय सीट पर 20 मई को चुनाव होना है और इसके लिए प्रशासनिक तैयारी तेज है. चुनाव तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी डीडीसी रवि आनंद के संयोजन में 35 सूक्ष्म प्रेक्षकों को तृतीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण चतरा लोकसभा अंतर्गत पांकी विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने हेतु दिया गया. प्रशिक्षण में कोषांग के प्रभारी नोडल सह एलआरडीसी सदर प्यारेलाल ने सूक्ष्म प्रेक्षकों से कहा कि वे मतदान दल के हिस्सा नहीं बल्कि वे मतदान प्रक्रिया के सूक्ष्म प्रेक्षण के लिए नियुक्त हैं.



मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार उपाध्याय ने रिपोर्ट करने के सभी 18 विन्दुओं पर भलीभांति प्रशिक्षण दिया. यह भी बताया गया कि अगर एक भवन में एक से अधिक मतदान केन्द्र हैं तो वहां एक ही माइक्रो आब्जर्वर के द्वारा प्रेक्षण किया जायेगा.

### कंप्यूटर चोरी मामले में युवक गिरफ्तार हुआ

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के जालिम राजकीय मध्य विद्यालय से कंप्यूटर चोरी हो गई थी. इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है. गिरफ्तार युवक सूरज कुमार राम जालिम का रहने वाला है. पुलिस ने चोर के पास से चोरी की गई कंप्यूटर भी बरामद कर लिया है.इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि गत 14 मई की रात विद्यालय से कंप्यूटर की चोरी हुई थी. इस मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक जोसेफ कुजूर के आवेदन के बाद सदर थाना कांड संख्या 83/2024 भादिव की धारा 461/379 के तहत मामला दर्ज किया था. मामला दर्ज करने के बाद एक टीम का गठित कर टेक्निकल सेल की मदद से चोरी के समान के एक चोर को गिरफ्तार किया. मालूम हो कि 14 मई को विद्यालय बंद कर प्रधानाध्यापक अपने घर चले गए थे. 15 मई की सुबह विद्यालय का ताला खोला गया तो पांच कंप्यूटर गायब था.

### पत्नी की हत्यारोपी पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मानिकपुरा गांव निवासी प्रमोद यादव को पत्नी की हत्या करने मामले में गिरफ्तार कर शुक्रवार को लातेहार पुलिस ने जेल भेज दिया है. इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने बताया कि पति प्रमोद यादव द्वारा पत्नी को दहेज लाने के लिए हमेशा प्रताड़ित करता था. पत्नी द्वारा दहेज नहीं लाने पर उसकी हत्या कर कुआं में डाल दिया और उसे आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया. इस मामले में मृतक कलावती देवी के पिता लालमनी यादव के द्वारा सदर थाना कांड संख्या 82/2024 भादवि की धारा 304 (बी)/201 के तहत मामला दर्ज किया था.

## विधायक भानु ने किया जातीय और धार्मिक भावना का अपमान : रंजनी

संवाददाता। गढ़वा

भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही सरेआम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं. साथ ही वे विधायकी के नशे में इतने चूर हो गए हैं कि आम से लेकर खास तक किसी भी व्यक्ति की जातीय व धार्मिक भावना का सरेआम अपमान कर रहे हैं. उनका बयान बर्दाश्त करने योग्य नहीं है. विधायक भानु पर आदर्श अचार संहिता का उल्लंघन तथा धार्मिक एवं जातीय भावना को अपमानित करने एवं समाज में विद्रोह भड़काने का मामला दर्ज होना चाहिए. जिपस श्रीमती शर्मा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही.

श्रीमती शर्मा ने कहा कि विधायक भानु ने एक चुनावी जनसभा में बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव तथा भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा को तेजस्वी मियां एवं राजा मियां कह कर संबोधित किया है. विधायक के इस



- लगातार कर रहे हैं आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन
- जिला प्रशासन व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से कार्रवाई की मांग

बयान से यादव समाज एवं राजपूत समाज की भावना को काफी ठेस पहुंचा है. इस समाज के लोग खुद को काफी अपमानित महसूस कर रहे हैं. सरेआम मंच से इस प्रकार का भड़काऊ भाषण देना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन का भी मामला बनता है. वे एसडीओ, जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त गढ़वा, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी से शिकायत करेंगी.

### भंडरा : खेत में 10 फीट का वैगन ड्रैगन दिखा

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र में अचानक से एक किसान के खेत में वैगन ड्रैगन दिखाई देने से क्षेत्र के लोगों में अफ़रा-तफ़री मच गया. जानकारी के मुताबिक प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत छोटा अंबेरा के पंडरिया दोहर में अचानक हुबहू अजगर जैसा दिखने वाला जहरीले सांप वैगन ड्रैगन दिखाई देने से लोगों में हड़कंप मच गया. बता दें कि किसानों के द्वारा वर्तमान समय में खीरा की खेती जोरों पर किया गया है. यहां पर ख़बर के मुताबिक अंबेरा निवासी किसान हसीबुल अंसारी अपने खेत पंडरिया दोहर में खीरा पटाने गया हुआ था. इस बीच किसान के खेत में अन्य लोग भी काम भी कर रहे थे. इसी दौरान करीब 11 बजे तेज चिलचिलाती धूप में हसीबूल अंसारी का नजर इस डरा देने वाली जीव पर पड़ा. तत्पश्चात देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी. इधर अचानक से वैगन ड्रैगन दिखाई देने से मौके पर मौजूद लोगों में अफरा तफरी का माहौल बन गया. सभी लोगो में डर का माहौल बन गया.

## वृद्धा पेंशन के लिए दर-दर भटकने को विवश है वृद्ध महिला

संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा

लोहरदगा के भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांवों की वृद्ध व असहाय महिलाओं को वृद्धा पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है. योजना का लाभ लेने के लिए वृद्ध महिलाएं दर-दर भटकने को विवश है. ये असहाय महिलाएं बताती हैं कि परेशानी उठाकर किसी तरह उम्मीद लेकर पंचायत मुख्याल पहुंचती हैं तो वहां संबंधित कर्मी अक्सर गायब मिलते हैं. मजबूरी में ये महिलाएं जब प्रखंड कार्यालय पहुंचती हैं तो वहां भी इस योजना से संबंधित कर्मी महिलाओं की मदद करने की जरूरत नहीं समझते हैं. भंडरा प्रखंड के आसपास के गांव के ग्रामीण बताते हैं कि वैसे तो वृद्धा पेंशन के लिए प्रखंड की कई महिलाएं अहर्ता रखती है. मगर सबसे ज्यादा परेशानी उन महिलाओं को होती है जो वृद्ध भी है और असहाय भी. ऐसी महिलाओं को अगर पेंशन का लाभ मिल जाता तो उनका जीवन थोड़ा आसान हो जाता, मगर प्रखंड



कार्यालय के संबंधित कर्मियों की उदासीनता की वजह से ऐसी असहाय वृद्ध महिलाएं पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए दर-दर भटक रही है. कोई उनका सुनने वाला नहीं है. ग्राम पंचायत अकाशी गांव के चींगड़ी उराईन बताती है कि अभी तक कई बार फॉर्म भरके दे चुकी हैं. चींगड़ी उराईन बताती हैं कि पिछली बार प्रखंड कार्यालय आने पर बताया गया कि अब आपके बैंक के खाते में पेंशन की राशि भेजी जाएगी, लेकिन महीनों गुजर जाने के बाद भी अभी तक पेंशन की राशि नहीं आई है.

## न्यूज अपडेट

### इप्टा के कलाकार कर रहे हैं केएन त्रिपाठी का प्रचार



**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड के बोदा गांव क्षेत्र में इप्टा टीम के कलाकारों ने चतरा लोकसभा क्षेत्र के गठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में गीत प्रस्तुत कर प्रचार कर रहे हैं. इप्टा टीम के कलाकार प्रेम प्रकाश, पंकज श्रीवास्तव, अजय, रवि शंकर, भोला ने गीत प्रस्तुत कर कहा कि आज देश की हालात बहुत ही खराब है, रोटी रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है, धान गेहुं तो उपजाते हैं गोदामों में अनाज भरे पड़े हैं फिर भी पेट भर रोटी नहीं मिलती भुखा पेट सोते हैं, जैसे गीत गाकर चुनाव के प्रति जागरुक किया और गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के समर्थन में अपील किया.

### अभाविप ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**लातेहार ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. कमलेश उरांव ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान का उद्देश्य शत-प्रतिशत मतदान कराना है. उन्होंने बताया कि इसके लिए टोलियां बनाकर डोर टू डोर जा कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है. खासकर सुदूरवर्ती इलाकों में जहां मतदान प्रतिशत कम होता है, वहां जाकर लोगों को उनके एक वोट की कीमत समझायी जा रही है. उन्हें मतदान के लिए अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

### रेलवे नहीं दे रहा माल गोदाम श्रमिकों को सुविधाएं: राकेश

**मेदिनीनगर।** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ धनबाद डिवीजन के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बोकारो स्टील सिटी रेलवे गुड्स यार्ड व धनबाद बरमसिया गुड्स यार्ड का निरीक्षण किया. श्रमिकों ने अध्यक्ष के समक्ष अपनी-अपनी समस्या सुनाई. निरीक्षण के क्रम में राकेश सिंह ने पाया कि रेल मंत्रालय व श्रम मंत्रालय रेलवे गुड्स यार्ड के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों के लिए लागू की गई सुविधाओं व अधिकारों से वंचित रखा गया है. मौके पर मजदूर नेता राकेश सिंह ने कहा कि रेलवे मंत्रालय व श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गुड्स यार्ड रेलवे के अंतर्गत कार्य कर रहे श्रमिकों को कोई भी समुचित सुविधा नहीं है.

### लखन टाना भगत की मनाई गई पुण्यतिथि



**कुड़ू/लोहरदगा।** पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत के पिता स्वतंत्रता सेनानी लखन टाना भगत के समाधि स्थल पर उनका द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई. स्वतंत्रता सेनानी लखन टाना भगत का पैतृक गांव कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिंगी पर स्थित समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार वालों और सामाजिक लोगों के द्वारा द्वितीय पुण्यतिथि मनायी गयी. . मौके पर आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष नारायण प्रसाद, जिला महासचिव विलियम कुजूर, संजू सिंह, प्रदीप ठाकुर, विपिन सिंह, केंद्रीय राजी पड़हा के अध्यक्ष सूरज टाना भगत व प्रकाश उरांव समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### रक्तदान करना हम सबों का दायित्व : नवनीत



**लातेहार।** बीते कई दिनों से रक्त की कमी से जूझ रही ललिता देवी (30) देवी के लिए एक मसीहा बन कर सामने आये हैं । अभाविप के सदस्य सह वोलेंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत. बता दें कि चंदवा प्रखंड के देव नदिया, मालहन ग्राम निवासी समुंदर मुंडा की पत्नी ललिता देवी को ओ पोजिटिव रक्त की नितांत जरूरत थी. वह सीएचसी चंदवा में भर्ती है और रक्त की कमी के कारण उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. जब इसकी जानकारी कुमार नवनीत को मिली, तो उन्होंने चंदवा से लगभग 25 किमी की दूरी तय कर लातेहार ब्लड बैंक पहुंचे और ओ पॉजिटिव रक्तदान किया. हैं. रक्तदान करने के बाद नवनीत ने कहा कि रक्तदान की अनुभूति बहुत ही सुखदायी होती है. उन्होंने कहा कि रक्तदान करना हम सबों को दायित्व है. रक्त का कोई विकल्प नहीं है.

### चतरा को विकसित क्षेत्र बनाऊंगा : डॉ. अभिषेक



**पांकी (पलामू)।** चतरा लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अभिषेक सिंह ने पांकी प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर आम लोगों से चुनाव में साथ देने की अपील की है. उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से चतरा लोकसभा के सभी प्रखंडों के साथ पंचायत और गांवों में पहुंच कर आम लोगों से संवाद करने के साथ 325 से अधिक मेगा हेल्थ कैंप लगाकर असहाय गरीबों की सेवा की. 21 दिनों तक 380 किलोमीटर पदयात्रा कर चतरा लोकसभा में व्याप्त समस्याओं के साथ भौगोलिक स्थिति से अवगत होने के बाद चुनाव में उतरने का मन बनाया.

### मोमिन कॉन्फ्रेंस की बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा



**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ढूलवाही में लातेहार जिला मोमिन कॉन्फ्रेंस की बैठक हुई. बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हालात पर चर्चा की गई. जैनुल अंसारी के आवास पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष इसराफ़िल अंसारी व विशिष्ट अतिथि मो सुभान ने कहा कि देश के आम नागरिकों, मध्य वर्ग एवं पिछड़े समाज महंगाई, बेरोजगारी के साथ भयावह आर्थिक संकट से परेशान है. देश की लोकतान्त्रिक मूल्यों के साथ संविधान की सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय के लिए ज़रूरी आरक्षण पर वर्तमान केंद्र सरकार की नीयत अच्छी नहीं है.

### घर में घुसा बेकाबू स्कार्पियो, बाल-बाल बचे दंपती

**गुमला ।** एक बेकाबू स्कार्पियो ने गुरुवार की देर रात रायडीह वन विभाग परिसर स्थित एक घर में घुस गया. जिससे घर का दीवार दरवाजा ध्वस्त हो गया. गिर गया. इस हादसे में घर के अंदर सो रहे दंपति दीपक एक्का और उसकी पत्नी फुल मनी एक्का की जान बाल बाल बच गया. स्कार्पियो के घर में टकराने और घर दरवाजा गिरने की आवाज से जब दीपक और फुल मनी की नींद खुली तो खुले आसमान और स्कार्पियो के चमकते रोशनी देखकर होश उड़ गए. स्कार्पियो स्टार्ट था, आवाज कर रहा था. चक्का घूम ही रहा था. दोनों भयभीत हो गए और शोर मचाने लगे. अपने भाई सुजीत एक्का को आवाज दिया. परिवार के अन्य सदस्यों ने मिलकर दोनों को घर से बाहर निकाला. वन कर्मियों ने पुलिस को सूचना दिया.

**राजनीति**

### बिना किसी मुद्दे के चुनावी मैदान में हैं चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह

# मुझे मुद्दे की क्या जरूरत है, जब मोदी की गारंटी है...

आशीष टैगोर। लातेहार

हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ है. हालांकि इस वीडियो की पुष्टि शुभम संदेश नहीं करता है. वायरल इस वीडियो में एक एंकर चतरा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह से पूछता है कि आप किन एजेंडों और मुद्दों के साथ चुनाव में उतरे हैं. इसपर कालीचरण सिंह दो टूक जवाब देते हैं कि मुझे मुद्दों की क्या जरूरत है. जब पूरे देश में मोदी की बयार चल रही है. जब मोदी की गारंटी है, तो मुझे मुद्दों की क्या जरूरत है. मेरी बस इतनी ड्यूटी है कि मैं उनके मत लूंगा और चुनाव जीतूंगा. अब इससे ही समझा



जा सकता है कि राष्ट्रीय पार्टी का एक प्रत्याशी किस कदर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है. उनकी बॉडी लैंगवेज भी इसकी गवाही दे रहा है. वे बिना किसी मुद्दे के ही सिर्फ मोदी के नाम व चेहरे पर चुनावी मैदान में हैं.

जबकि चतरा संसदीय क्षेत्र में समस्याओं की भरमार है. कई केंद्रीय परियोजनाएं लंबित हैं. कल कारखानों के अभाव में बेरोजगारी व पलायन चरम पर है, ऐसे में कोई प्रत्याशी यह कहे कि उसे मुद्दों की क्या जरूरत है, तब मतदाताओं को एक बार सोचना ही पड़ेगा. वहीं दूसरी ओर अंदरखाने से आ रही खबरों के अनुसार, अति आत्मविश्वास से लबरेज भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को ग्रामीण क्षेत्रों मे इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी और एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह से कड़ी टक्कर मिल रही है. लोगों का कहना है कि सिर्फ शहर में भी भाजपा की लहर है. ग्रामीण क्षेत्रो में खास आदिवासी व मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी की पकड़ धीरे-धीरे मजबूत होती जा रही है. बताया जाता है कि चतरा संसदीय क्षेत्र से त्रिकोणीय संघर्ष की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है.

**खास बातें**

- ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य दलों से मिल रही कड़ी टक्कर
- जीत की राह आसान नहीं, मिल रहे तरह-तरह के रोड़े

**जानिए भाजपा प्रत्याशी को**

भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह वर्तमान में सोनबिघा, पोस्ट तपेज जिला चतरा निवासी हैं. इन्होंने रांची विश्वविद्यालय से विज्ञान में स्नातक किया है. कालीचरण सिंह पर चतरा थाना में प्रतिबंधित खनिज परिवहन करने के आरोप में कांड संख्या 195/2022 दर्ज है.

# विशेष लोक अदालत आठ जून को

संवाददाता। लोहरदगा

मोटर वाहन दुर्घटना क्लेम केस के लंबित वादों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा किया जाएगा. इसको लेकर झालसा रांची के निर्देश पर 8 जून को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है. गौरतलब हो कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा के निर्देश पर शुक्रवार को क्लेम केस के अधिवक्ता एवं इंश्योरेंस के अधिवक्ताओं की संयुक्त बैठक डालसा सचिव राजेश कुमार के कार्यालय कक्ष में हुई. जिसमें क्लेम केस करने वाले अधिवक्ताओं ने ज्यादा से ज्यादा केस को निपटाए जाने का संकल्प व्यक्त किया. साथ ही अधिवक्ताओं ने 16 ऐसे क्लेम वादों की सूची डालसा सचिव को सौंपी, जिसका निस्तारण आने वाले 8 जून को स्पेशल लोक अदालत में किया जा सकता है. डालसा सचिव ने स्पेशल लोक अदालत के बारे में जानकारी देते हुए यह बताया कि सिविल कोर्ट में मोटर वाहन दुर्घटना संबंधित दावों को लेकर कुल 126 मामले लंबित हैं. स्पेशल लोक अदालत के माध्यम से 20 प्रतिशत लंबित वादों को निपटाने का लक्ष्य झालसा रांची द्वारा दिया गया है. इसे लेकर सारी तैयारियां शुरू कर दी गई है.

**राजकीयकृत गोविन्द+2 उच्च विद्यालय गढ़वा (झारखंड)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के **आदेश संख्या 684 दिनांक 15.05.2024** के आलोक में पुराने भवनों की मरम्मती प्रक्रिया में नियुक्त प्रतिनिधि की उपस्थिति में विद्यालय के **कमरा संख्या 35 एवं 36** में कई वर्षों से बंद पड़े महिला समाख्या केंद्र का ताला तुड़वाया गया.वर्तमान समय में जो भी संस्था या व्यक्ति उन कमरों में मौजूद सामानों पर अपना दावा समझते हैं, वे 15 दिनों के अंदर अपना अधिकार पत्र प्रस्तुत कर उन सामानों को ले जायें.अन्यथा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई करते हुए कमरों की सफाई करा दी जाएगी।

प्राचार्य

## ब्रीफ खबरें

### दो चॉपर की लैंडिंग के लिए किया मॉक ड्रिल

**घाटशिला।** मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 19 मई को होने वाली चुनावी सभा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को वायु सेना का दो चौपर लैंडिंग के लिए मॉक ड्रिल किया गया. इस दौरान एसपीजी की टीम, आईबी के पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन के उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपी कौशल किशोर, डीडीसी मनीष कुमार, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर, एसडीओ सच्चिदानंद महतो तथा अन्य विभाग के पदाधिकारी के साथ सभास्थल व हेलीपैड की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया. वहान खड़े करने के लिए तीन स्थान सुनिश्चित किया गया है जो की सभा स्थल से काफी दूर है.

### मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक घायल हुए

**नोवामुंडी।** जगन्नाथपुर हाटगम्हरिया मुख्य मार्ग में गंगोत्री नर्सिंग होम के समिप तेज रफ्तार बाइक मे सवार तीन युवक अनियंत्रित हो कर गिर कर घायल हो गये.घटना गुरुवार की शाम लगभग 08:15 बजे की है.मिली जानकारी के अनुसार जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के पताहातु गांव के गोप टोला निवासी सुभाष गोप, सुमित गोप एवं दयानंद गोप अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल में जगन्नाथपुर बजार आये हुऐ थे. देर शाम वापस घर जाने के क्रम में गंगोत्री नर्सिंग होम के समीप मोटरसाईकिल तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो कर गिर गया.

### सड़क किनारे लगाये पौधे बिना देखभाल के हुए नष्ट

**डुमरिया।** वन विभाग द्वारा डुमरिया से कोइमा मुख्य सड़क के किनारे सैकड़ों पौधे लगाए गए हैं. पौधों की सुरक्षा के लिए बांस का घेरा भी लगाया गया है. कड़ी धूप के बाद सारे पौधे सूख कर नष्ट हो गए. इन पौधों में वन विभाग द्वारा पानी से सिंचाई नहीं किया गया. पेड़ पौधों को अकसर जून जुलाई माह में लगाया जाता है ताकि बरसात में पौधे जीवित रहें. वन विभाग द्वारा अप्रैल माह के कड़े धूप में पौधे रोपित कर दिए गए. पौधों को बचाने का प्रयास नहीं किया गया. इस संबंध में प्रभारी रेंजर दिग्विजय सिंह ने बताया कि अभी पौधा नहीं लगाया गया है.

### घर में घुसकर चोरी का प्रयास करतीं तीन महिलाएं धराईं

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के आजादनगर थाना अंतर्गत जाकिरनगर रोड नंबर 10 निवासी मो. सरफराज के घर शुक्रवार सुबह तीन महिलाओं ने चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया. हालांकि समय रहते तीनों महिलाओं को पकड़ लिया गया. घटना की सूचना 100 डायल पर पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध महिलाओं को पकड़कर थाना ले गई जहां सभी से पूछताछ की जा रही है. सरफराज एचडीएफसी बैंक कर्मचारी है. सरफराज ने पुलिस को बताया कि वह सुबह किसी काम से बाहर गए थे.

### यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा

**किरीबुरु।** शादी का प्रलोभन देकर विवाहिता एक बच्चे की माँ का यौन शोषण करने वाला आरोपी विषम सांडिल, पिता लक्की राम सांडिल, बोलानी (ओडिशा) को किरीबुरु थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा. उल्लेखनीय है कि पीड़िता का पति पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था. जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने महिला को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करता रहा. जब मामले की जानकारी गांव वालों को हुई तथा पति ने महिला को अपने साथ रखने से इंकार किया और आरोपी ने भी महिला से शादी करने से मना किया तक मामला न्याय सलाह केन्द्र और किरीबुरु थाना पहुंचा था.

### बहरागोड़ा में गरमा धान को औने पौने दाम में बिचौलियों को बेचने को मजबूर हैं किसान

# सरकारी पहल नहीं होने से किसान मायूस

**संवाददाता। बहरागोड़ा**



बहरागोड़ा प्रखंड को धान को कटोरा कहे जाने वाले क्षेत्र में इन दोनों गरमा धान की कटाई जोरों पर चल रही है. वहीं धान बहरागोड़ा प्रखंड की एक प्रमुख फसल है और चावल यहां की आबादी की एक मुख्य आहार है. इस बार गरमा धान के फसल को आंधी तूफान तथा बेमौसम बारिश से बचाने के लिए हार्वेस्टर द्वारा कटाई की जा रही है .उधर प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने कहा की हार्वेस्टर द्वारा फसल को घर तक लाने में एक बीघा धान कटाई करने के लिए 15 से 20 मिनिट समय लगता है जिसमें 1,200 रु लगता है। वहीं एक बीघा धान अगर मजदूर द्वारा काटाई किया जाता है तब लगभग दस से बारह मजदूर लगेगें. इस परिस्थिति में धान को घर तक लाने के लिए एक बीघा में लगभग 1800 से 2100 रु लगता आता है. कुल मिलाकर देखा जाये तो मशीन में धान कटाई करने में मुनाफा ज्यादा होता है.

**औने पौने दाम में बिचौलियों को धान बेचने में मजबूर है किसान :** झारखंड का धान का कटोरा कहा जाने वाला बहरागोड़ा प्रखंड का बरसोल में सरकारी धान क्रय केंद्र नहीं खुला है. धान क्रय केंद्र के नहीं खुलने से किसान औने- पौने दाम में अपने धान बेचने को मजबूर हैं. आलम यह है कि बिचौलिये किसानों के धान को औने-पौने मूल्य पर खरीदकर उनकी बेबसी का फायदा उठा रहे हैं.वहीं किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं. बिचौलिये-साहूकार बेफिक्र होकर बिना डर के धान को किसानों से 15 से 16 रुपये प्रति किलो के दर से खरीद रहे हैं. बिचौलिए एवं साहूकारों द्वारा धान ट्रकों के जरिए पश्चिम बंगाल तथा उड़ीसा के राइस मिल में भेजने का काम किया जाता है.

**सरकारी धान क्रय केंद्र नहीं खुला, बिचौलिया लाभांवित**

क्षेत्र के किसान रिंकू प्रधान,अजय दास,संजय दास,पबन पाल, आसीस देहुरी,शिबू प्रधान,श्रीबस घोष,पतित पाल आदि ने बताया कि धान केंद्र नहीं खुलने से किसान बिचौलियों के पास 16 रुपये प्रति किलो धान बेचने को मजबूर हैं. बिचौलिया वर्ग के पास 16 रुपये प्रति किलो धान बेचना पड़ा. अगर धान क्रय केंद्र बहरागोड़ा प्रखंड में खुल जाता, तो इतने कम दाम में हम धान बेचने को मजबूर नहीं होते. इन दिनों बादल छा रहा है. बारिश कभी भी हो सकती है. इसलिए धान को साफ कर व्यापारियों के पास मजबूरन 16-17 रुपये में बेचना पड़ रहा है .वहीं घूम रहे बिचौलिया के हाथों धान बिक्री होने से तुरंत रुपए मिल जाते हैं. जबकि सरकारी स्तर से धान खरीद की प्रक्रिया में सुस्त रैवये के कारण रुपए मिलने में काफी देरी होती है. साथ ही बताया गया कि लेम्पस को धान बेचने पर दो किस्तों में पैसे का भुगतान किया जाता है.

### सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा के नाम से भेजा गया पत्र

# वन मंत्रालय व आईबीएम को फर्जी शिकायत पत्र भेजने वाला कौन!





**संवाददाता। किरीबुरु**

सारंडा पीढ़ के मानकी लागुडा.देवगम के नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी अलग-अलग शिकायत पत्र भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर को भेजा है. इस बात का खुलासा तब हुआ है जब उक्त दोनों कार्यालय से अलग-अलग पत्र मानकी लागुडा. देवगम के पास आया है.

इस मामले में लागुडा.देवगम ने कहा कि वह उक्त दोनों विभाग अथवा मंत्रालय को कभी भी किसी मामले में आज तक पत्र हीं नहीं लिखा और ना हीं वह दोनों विभाग के कार्यालयों का पता जानते हैं. उन्होंने वताया की पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का एक पत्र आया है जिसमें जानकारी दिया गया है कि आपकी शिकायत पर सारंडा वन प्रमंडल की वन भूमि पर हो रहे अवैध खनन मामले की जांच हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक , झारखण्ड को पत्र लिखा गया है. दूसरा पत्र मुख्य सतर्कता अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरों की तरफ से मिला है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय खान ब्यूरो के कुछ पदाधिकारी भ्रष्टाचार व अवैध गतिविधियों में लिप्त हैं. साथ हीं उनकी सहमती से सारंडा वन क्षेत्र एवं आसपास गांव क्षेत्रों में दिशानिर्देशों का पालन किये बिना अवैध खनन गतिविधियां संचालित है. यह दोनों पत्र उनके द्वारा नहीं लिखा गया है. उनके नाम से यह फर्जी पत्र कौन भेजा है यह गंभीर मामला है. मानकी ने कहा कि वह उक्त दोनों विभाग को पत्र लिखकर मेरे नाम से भेजे गये फर्जी पत्र की छायाप्रति मांगने जा रहे हैं. पत्र का अवलोकन करने तथा सत्यता जानने के बाद इस फर्जीवाडे. के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराया जायेगा.

**भाजपा नेता पवन पांडेय ने केन्द्रीय निर्वाचन आयुक्त को लिखा पत्र**

## चक्रधरपुर के मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से डीलिट

**चक्रधरपुर।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों में मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से डीलिट होने के कारण कई मतदाता आपने मताधिकार से वंचित रह गए. इस मामले को लेकर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पाण्डेय ने केन्द्रीय निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है .पत्र के माध्यम से कहा कि जहाँ निर्वाचन आयोग वोट का प्रतिशत बढ़ाने हेतु कई कदम उठाए हुए हैं, ताकि देश में अधिक से अधिक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करें, लेकिन कई मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत देने से वंचित हो गए .चक्रधरपुर के शहरी क्षेत्र के बूथ संख्या – 224, 225, 226 एवं 227 के कई मतदाता लगभग 700 से भी अधिक के नाम पर Deleted का स्टाम्प मारा हुआ था, जिससे वे अपने मत का प्रयोग



नहीं कर पाये, जिसका परिणाम यह हुआ कि मतदान का प्रतिशत कम हुआ, जबकि वे मतदाता उस वार्ड में ही निवास करते हैं, कुछ नागरिक उस स्थान से कहीं अन्यत्र रहने लगे है, परन्तु वे कहीं भी अन्यत्र अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं कराये हैं .उन्होंने कहा कि ऐसी गलती किस पदाधिकारी से हुई, बीएलओ की गलती से इतने नागरिक मत देने से वंचित रह गए या किसी अन्य पदाधिकारी की गलती से, इसकी सच्चाई से जांच होनी चाहिए ताकि दोषी पदाधिकारी पर विभागीय एवं कानूनी कारवाई हो सके.

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने चुनाव कार्यालय में की बैठक

**घाटशिला।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल जाने के दौरान भाजपा के घाटशिला विधानसभा स्तरीय चुनावी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मौजूदा स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि चार चरण का मतदान संपन्न हो चुका है. पांचवें चरण में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है. जनता से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करें एवं देश के सशक्त निर्माण में अपना योगदान करें. उन्होंने कहा कि देवतुल जनता ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जिसका परिणाम है कि 10 वर्षों में नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो या आंतरिक स्तर पर हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है. लोगों से अपील है कि ऐसे सशक्त व्यक्ति के हाथ में देश की बागडोर सौंपने के लिए भाजपा को वोट देना होगा.

### बोरे में मिला शव पुलिस जुटी जांच में

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के वार्ड 2 स्थित केंदुगाछ मोड़ के समीप एक नाला से पुलिस को अज्ञात शव मिला है. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि शव वाले बोरे को हमलोग सुबह से देख रहे थे, एक स्थानीय ग्रामीण जब बोरे को टटोलकर देखा तो शव जैसा महसूस हुआ. तत्पश्चात इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस को दी. जिसके बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कस्टडी में लिया. शव अज्ञात है जिसकी पहचान किसी ने नहीं की. जिसके बाद पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. शव का मृतक के शरीर अधनंगा है, शव को सिर्फ एक गमछा से लपेटा गया है.

# 2025 जुलाई से आदित्यपुर के 55 हजार परिवारों को पाइप लाइन से होगी जलापूर्ति

**संवाददाता। आदित्यपुर**



तकरीबन सात साल बाद जुलाई 2025 में आदित्यपुर वृहद जलापूर्ति योजना पूरी हो जाएगी. जिससे आदित्यपुर निगम क्षेत्र के तकरीबन 55 हजार परिवारों को 24 घंटे पाइप लाइन जलापूर्ति का लाभ मिलने लगेगा. चूंकि योजना के तहत सपड़ा और सीतारामपुर में फिल्टरेशन प्लांट का निर्माण कार्य जुडको ने वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर शुरू कर दिया है. अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद सपड़ा के वन भूमि से 1750 में से 1200 पेड़ भी हटाए जा चुके हैं. बता दें कि वर्ष 2018 में 395.12 करोड़ की लागत से आदित्यपुर के 55 हजार परिवारों को 24 घंटे पाइप लाइन जलापूर्ति का लाभ देने के लिए तत्कालीन झारखंड सरकार ने वृहद जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया था, तब 30 महीने का लक्ष्य रखकर योजना का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन वह वन विभाग, पथ निर्माण विभाग और दूसरे अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के चक्कर में छह साल गुजर गए. इस बात से नाराज आदित्यपुर की सामाजिक संस्था जन कल्याण मोर्चा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर दी जिसकी लगातार सुनवाई चल रही है जिसमें झारखंड सरकार के साथ संबंधित एजेंसी को फटकार लगाया जा रहा है और अल्टीमेटम पर अल्टीमेटम दी जा रही है. ताजा हालात यह है कि मामले की अगली सुनवाई 10 जून 2024 को होनी है. ऐसे में सरकार के साथ सरकार की एजेंसी जुडको जलापूर्ति के साथ सीवरेज योजना के कामों में तेजी लाते हुए कार्य को जुलाई 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित कर दिनरात कार्य कर रही है.

**खास बातें**

- सपड़ा और सीतारामपुर में फिल्टरेशन प्लांट का निर्माण शुरू
- 1750 में से 1200 पेड़ को काट कर हटाया गया

# तीन अवैध शराब भट्टियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

**संवाददाता। जमशेदपुर**

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर अवैध शराब के प्रवाह और इसके निर्माण कार्य पर नकेल कसने को लेकर सभी थानों की पुलिस सक्रिय है. इसी कड़ी में शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर सुन्दरनगर थाना पुलिस ने चिरुगोड़ा के जंगल में अवैध रूप से संचालित हो रहे तीन देशी शराब के भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए शराब बनाने वाले उपकरण जप्त किए हैं. वहीं मौके पर पुलिस ने 200 केजी अवैध महुआ बरामद किया जिसे विनष्ट कर दिया.

इस संबंध में जानकारी देते हुए सुंदर नगर थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर यह छापेमारी की गई है. उन्होंने बताया कि किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध शराब की भट्ठियों का संचालन होने नहीं दिया जाएगा. हालांकि छापेमारी में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है. शराब माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

**व्यवस्था**

### सड़क निर्माण कार्य की ग्रामीण कर रहे हैं निगरानी

# बहदा-तितलीघाट सड़क का गुणवत्तापूर्ण हो रहा निर्माण

**संवाददाता। किरीबुरु**



सारंडा का सबसे विवादित एवं चर्चित तितलीघाट चौक से बहदा गांव तक लगभग पांच किलोमीटर लंबी ग्रामीण सड़क व ओम्बाबाई नाला पर पुल का निर्माण हो रहा है. निर्माण कार्य ग्रामीणों की निगरानी में ठेकेदार द्वारा गुणवतापूर्ण किया जा रहा है. इससे ग्रामीण खुश हैं. हालांकि ऐसी स्थिति सारंडा में संचालित किसी भी विकास कार्यों में देखने को नहीं मिली. अब तक सारंडा में संचालित तमाम विकास योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार व लूट के साथ-साथ मजदूरों की मजदूरी में भी लूट देखने को मिलती रही है.

**दशकों वर्षों तक इस सड़क के लिये लड़ाई लड़ी :** उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों ने दशकों वर्षों तक इस सड़क के लिये लंबी लड़ाई लड़ी थी. हर वर्ष वर्षात बाद श्रमदान से तमाम ग्रामीण सड़क निर्माण करते थे. सांसद गीता कोड़ा के प्रयास से सड़क की स्वीकृति मिली थी. इस सड़क एवं पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 5.23 करोड़ की लागत से किया जा रहा है. गांव के मुंडा रोया सिद्धू एवं कामेश्वर माझी ने बताया की इस सड़क का निर्माण में लगे मजदूर बहदा व तितलीघाट के हैं. सारे मजदूरों को काम मिले इसलिये रोटेशन सिस्टम अपनाया गया है. मजदूरों का न्यूनतम मजदूरी उन्हें सही समय पर मिलता रहे इसके लिये ठेकेदार से विशेष व्यवस्था किया गया है. सड़क निर्माण में बडे. मशीनों को नहीं लगाकर छोटे मशीनों को लगाया गया है ताकि गांव के मजदूरों को अधिक काम मिल सके. पीसीसी सड़क की ढ़लाई व पानी का क्यूरिंग स्वयं ग्रामीण अपनी देखरेख में करा रहे हैं ताकि सड़क टिकाऊ हो. ग्रामीण सड़क व पुल निर्माण से संतुष्ट हैं.

**बारिश के मौसम में टापू बन जाता है इलाका :** मुंडा ने कहा कि कहा कि आजादी के पहले से लेकर आज तक बहदा समेत अन्य गांवों के लोग बारिश के मौसम में अपने-अपने गांवों में टापू की तरह जीवन बिताने को मजबूर रहते थे.

## न्यूज अपडेट

### सीता नवमी महोत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु



**चांडिल।** विहिप की ओर से शुक्रवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में सीता नवमी महोत्सव मनाया जा रहा है. शुक्रवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चारों प्रखंड चांडिल, ईचागढ़, कुकड़ू व नीमडीह में राम नवमी महोत्सव के तर्ज पर सीता नवमी महोत्सव मनाया जा रहा है. सीता नवमी महोत्सव का शुभारंभ ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड पंचायत के नवाडीह गांव के हरि मंदिर से होगा. इसके बाद कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह शिव मंदिर, नीमडीह के बादे स्थित हनुमान मंदिर और चांडिल प्रखंड के चावलीबासा हरि मंदिर में अनुष्ठान का आयोजन किया गया है.

### आसमान में सन रिंग देख लोग हूये आश्चर्यचकित



**किरीबुरु।** आसमान में सूर्य के घेरा में इंद्रधनुष की तरह कई रंग दिखने से लोग आश्चर्यचकित नजर आये एवं प्रायः लोगों ने इस अद्भुत नजारे को अपने-अपने मोबाइल व कैमरे में कैद करते नजर आये. जानकारों का मानना है कि इसे सन रिंग कहा जाता है. सन रिंग एक सामान्य खगोलीय घटना है. यह वातावरण में मौजूद हेक्सागोनल क्रिस्टल के कारण होता है. दरअसल जब वातावरण में मौजूद पानी की बूंदों पर प्रकाश पड़ता है तो उसके विकिरण के कारण यह घटना घटती है. सूर्य के आसपास इस गोले में इंद्रधनुष की तरह कई रंग भी नजर आते हैं.

### निरक्षर लोगों को बनाएंगे साक्षर : डा. कमर अली

**घाटशिला ।** प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र झांटीझरना गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के उर्दू शिक्षक डॉ कमर अली ने मतदान जागरूकता को लेकर एक अनोखी पहल शुरू की है. जिससे पुरे पंचायत में मतदान का प्रतिशत शत प्रतिशत हो सके. उन्होंने खास बातचीत के दौरान बताया कि गांव में काफी लोग निरक्षर है उन्हें साक्षर बनाने के लिए मतदान करने के लिए जागरूक किया. उन्होंने कहा कि जो भी निरक्षर लोग हैं यदि 25 मई को मतदान करते हैं तो वे वैसे लोगों को साक्षर बनाने के लिए स्कूल के बाद निशुल्क 3 माह तक उन्हें पढ़ने का काम करेंगे. इस बात को लेकर गांव के लोगों में काफी उत्साह है. गांव में वैसे लोग काफी संख्या में हैं जिन्हें अक्षर का ज्ञान नहीं है.

### सूखी नदी में कुंआ खोदकर पानी ले रहे ग्रामीण



**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड के केंदुआ पंचायत अंतर्गत ग्राम कालियाम कोचा में उदय होनहागा के घर के सामने में स्थित जलमीनार खराब हो गया है. 35 परिवार के लोगों को पेयजल और अन्य आवश्यकताओं के लिए पानी की कमी हो रही है. ग्रामीण महिलाएं सुखी नदी के बीच में कुआं खोदकर पानी लिया जा रहा है. ग्रामीणों ने इसकी जानकारी मुखिया को दी है. पेयजल की समस्या से आक्रोशित महिलाओं ने शुक्रवार को खराब जलमीनार के सामने बर्तन लेकर विरोध प्रदर्शन किया.

### स्टाइल बाजार का 164वां आउटलेट आदित्यपुर में खुला



**आदित्यपुर ।** कोलकाता का बेस्ट स्टाइल बाजार का 164 वां आउटलेट आदित्यपुर में शुक्रवार को खुला. सतपथी सेंटर की ओनर शांतिलता सतपथी ने विधिवत उद्घाटन किया. मौके पर रंजीत सत्पथी, राजेंद्र सतपथी, राजेश सत्पथी, सीमा पानि, बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता ओम प्रकाश, राम गोविंद मिश्रा आदि मौजूद रहे. स्टोर मैनेजर किशोर खावस ने दी जानकारी देते हुए बताया कि यहां छोटे बच्चों से लेकर बड़े लोगों के सभी प्रकार के वस्त्रादि के साथ होम अप्लायंस उपलब्ध है. पहले तीन महीने यहां कम से कम 999 की खरीदारी पर आकर्षक उपहार दी जा रही है. बता दें कि आदित्यपुर में धीरे धीरे फैशन बाजार पांव पसार रहा है.

### शिव पूजा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न



**घाटशिला ।** खरस्वती गांव में आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ. सार्वजनिक शिव पूजा कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छऊ नृत्य, भोक्ता उड़ान, डांस व ड्रामा प्रतियोगिता तथा मुंडारी पाता नाच का आयोजन किया गया. समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य देवयानी मुर्मू उपस्थित थे. इस मौके पर बांकी के मुखिया फागु सोरेन, ग्राम प्रधान सुकदेव टुडू, प्रदीप मारडी , सुनील मुर्मू, भीमसेन टुडू, गोमा टुडू, रायसेन सोरेन, जादूनाथ सोरेन, माझीया मुर्मू, तारापद गोराई, बिशम्बर मानकी, संजीत मानकी,प्रभाष नामाता आदि शामिल थे.

### युवक पर जानलेवा हमला के आरोप में तीन गिरफ्तार



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना अंतर्गत संडे मार्केट के पास मंगलवार रात गोलमुरी नामदा बस्ती निवासी अभिषेक सिंह पर धारदार हथियार से हमला करने के मामले में पुलिस ने महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इस संबंध में पुलिस ने राहुल नायक उर्फ पांडा, श्रुति नायक और युवराज दास को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली है. शुक्रवार को सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है. थाना प्रभारी नेमधारी सिंह ने बताया कि श्रुति और अभिषेक पूर्व में प्रेम संबंध में थे. बाद में श्रुति ने की शादी राहुल से हो गई. शादी के बाद भी राहुल फोन पर बात किया करता था. कई बार उसे ऐसा करने से मना भी किया गया पर वह परेशान करता रहा.

**This may be published in Newspapers and TV from the day follwbing the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll.**

**Format C-I**

(for Candidates to published in Newspaper, TV)

Declaration about criminal Cases

(As per the judgement dated 25th September, 2018 of Honble Superme Court of WT Civil No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors Ex. Union of India & Otr.

Name and address of candidate : SRI RAM SINGH

Name of political party : INDEPENDENT

(Independent candidates should write *Independent* here)

Name of Election : LOK SABHA

*Name of Constituency : 4 CHATRA

I ....................................... (Name of candidate), a candidate for the abovementioned election\, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

(A Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Principal Distt & Session Judge Garhwa, Jharkhand | S.T. No. 200/2019 | Pending Trial | U/S 147, 148, 149, 341, 323, 337, 338, 353, 307, 338, 371, 511, 188 I.P.C and 126, 127 R. P. Act. |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NIL | Not applicable | NIL | NIL |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, Mention the election concerned in place of name of constituency.

**SRIRAM SINGH**
**(IMDEPENDENT CANDIDATE)**
**(Signature of Candidate)**

# आज थमेगा प्रचार का शोर, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

## विरोधियों की जमानत जब्त कराने आया हूं : केशव

- केरेडारी में आयोजित भाजपा की जनसभा में गरजे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री

संवाददाता। केरेडारी

भारतीय जनता पार्टी के हजारीबाग लोकसभा सीट से प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में शुक्रवार को केरेडारी के कृषि फार्म मैदान में



विशाल जनसभा का आयोजन 17 मई को किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और संचालन केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के दस साल का कार्यकाल तो ट्रेलर है, पूरी फिल्म तो चार जून के बाद दिखाई जाएगी. मैं यहां कमल खिलाने नहीं आया हूं, विरोधियों की जमानत जब्त कराने आया हूं.

उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के हितैषी हैं और आजाद भारत में अभी तक ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं हुआ है, जो 18 घंटे से अधिक गरीबों के लिए, किसानों के लिए, मजदूरों के लिए, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के लिए दिन-रात काम करता है. उन्होंने कहा कि विरोधी दल के भ्रष्टाचारी नेताओं ने एक ठगबंधन बनाया है. केवल इसलिए ताकि वह गरीबों के मसीहा एक गरीब मां-बाप के बेटे को प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटा सके. लेकिन मैं विरोधियों से कहना चाहूंगा कि तुम मोदी को हटाने की योजना बनाते रहो, उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री वाली जनता उनके समर्थन में खड़ी है. इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के भ्रष्टाचारी नेताओं के घर से जो पैसे मिल रहे हैं उनको गरीबों की भलाई में लगाया जाएगा. आप सभी जनता के आशीर्वाद से गरीब मां-बाप का बेटा, एक ओबीसी समाज से आने वाला व्यक्ति तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहा है. उन्होंने वादा किया है कि 4 जून के बाद 3 करोड़ गरीबों का घर और बनाया जाएगा और अगले पांच साल तक मुफ्त में अनाज भी दिया जाता रहेगा. जनता ने तय कर लिया है कि पिछले 70 सालों में गरीबों का हक खाने वाली भ्रष्टाचारी कांग्रेस पार्टी को मौका नहीं देगी. आज 56 इंच के सीने वाला देश की रक्षा कर रहा है और इसलिए दुश्मन पड़ोसी देश भी भारत से डर रहे हैं.

**आपका प्रत्याशी केवल मनीष जायसवाल ही नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी भी हैं :** उन्होंने कहा कि विरोधी अफवाह फैला रहे हैं कि प्रधानमंत्री संविधान को बदल देंगे सत्ता में आने के बाद. प्रधानमंत्री ने कहा है कि बाबा साहब अंबेडकर का बनाया हुआ संविधान ही हमारे लिए धर्म ग्रंथ है और हम संविधान के साथ कोई बदलाव नहीं करेंगे. कांग्रेस का फार्मूला है देश के खजाने पर पहला हक मुसलमान का है, जबकि मोदी का फार्मूला है देश के खजाने पर पहला हक देश के गरीबों का है. कहा कि आपका प्रत्याशी केवल मनीष जायसवाल ही नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी भी हैं. इसलिए 20 तारीख को कमल के छाप पर बटन दबाना है और मनीष जायसवाल को संसद एवं मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है. वहीं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि मनीष जायसवाल आपके घर का बेटा है और पिछले 10 साल में एक जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने सराहनीय कार्य किया है. कार्यक्रम में लोकसभा सांसद खीरू महतो, बटेश्वर मेहता, जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रांची विधायक सीपी सिंह, वीओबीसी प्रदेश अध्यक्ष टुन्नू गोप, सीसीसी राकेश मेहता, खेमलाल महतो, भूपेंद्र सिंह, बड़कागांव मंडल अध्यक्ष अशोक, प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, राजू साव, भाजपा नेता शिवलाल महतो, विधायक लोकनाथ महतो, सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, उपेंद्र सिंह, बद्री नारायण सिंह, बैजनाथ तिवारी, महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, श्याम ओझा, बाल गोविंद सोनी, अमित कुमार गुप्ता, लीलाधन साव, शेर सिंह आदि उपस्थित थे.

### भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कुजू में किया रोड शो



संवाददाता। रामगढ़

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के कुजू में रोड शो किया. इससे पहले कुजू पहुंचने पर जयसवाल का स्थानीय भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय लोगों ने स्वागत किया. जयसवाल ने कुजू चौक से काफिले के रूप में कुजू चौक, केबी गेट चौक, श्रीराम चौक, शांति नगर, न्यू कॉलोनी, कुजू कोलयरी, मूरपा, नया मोड़, डटमा मोड तक रोड शो किया. फिर डटमा मोड़ से कुजू चौक तक पदयात्रा के माध्यम से उन्होंने जनसंपर्क कर भाजपा और अपने पक्ष में आशीर्वाद मांगा. इस दौरान इस क्षेत्र के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था. मौके पर रणजीत सिन्हा, अमरेंद्र गुप्ता, दिनेष्वर साहू, तिवारी महतो, दुष्यंत पटेल, संजय सिंह, तोकेश सिंह, उमेश चंद्र पटेल, अशोक कुमार, रतन प्रसाद साहू, जयकिशोर महतो, डिम्पल प्रजापति, राजेश प्रसाद, संदीप साहू, ललिता देवी, नितेश गुप्ता, तेजनाथ महतो, नरेश महतो, विजय साहू, चितु महतो, निर्मल करमाली, मनीष प्रसाद, मुकेश साहू, रवि साहू, अरविंद कुमार, साहू, राकेश कुमार रॉक, सुधान सिंह, श्रवण साह, आशीष प्रसाद, अशोक सिन्हा, मनोहर गुप्ता, गणेश सोनी, दशरथ केशरी, मन्नु महतो, जनक प्रसाद, सुखदेव सोनी, नारायण गुप्ता, निशित निश्चल, मुकेश कुमार, अनूप अग्रवाल, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा आदि मौजूद रहे.

**मांडू चट्टी में भाजपा प्रत्याशी ने किया डोर-टू-डोर प्रचार, पर्ची देकर मांगा समर्थन :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा अंतर्गत मांडू चट्टी में चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने डोर- टू- डोर जनसंपर्क अभियान चलाया और घरों और दुकानों में पहुंचकर लोगों को पर्ची देते हुए आगामी 20 मई को कमल फूल पर वोट देकर विजयी बनाने की अपील की. मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के महासमंद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, भाजपा नेता उदयभान नारायण सिंह, रामगढ़ के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अमरेंद्र गुप्ता, प्रो.संजय सिंह, नारायण गुप्ता, अनूप अग्रवाल, प्रितपाल कालरा, पप्पी, ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, पवन कुमार, मांडू डी मुखिया बैजनाथ राम, बंटी गुप्ता, इनामुल हक, पंकज गुप्ता, खेमलाल साव, योगेश्वर महतो, रंजन चौधरी आदि मौजूद रहे.

## पहला कार्य विस्थापितों के हक में करेंगे : पटेल

- इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने बड़कागांव क्षेत्र में किया जनसंपर्क, मांगा समर्थन

संवाददाता। हजारीबाग



इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को बड़कागांव क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया. उन्होंने गांव-गांव घूम कर लोगों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की. डोर टू डोर कैंपेन और जनसभाओं के माध्यम से उन्होंने कांग्रेस के न्याय पत्र के बारे में लोगों को बताया. इस दौरान बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद भी उनके साथ रहीं और अपने क्षेत्र के लोगों से जय प्रकाश भाई पटेल को जिताने का आग्रह किया. पटेल ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बड़कागांव के साथ केंद्र की मोदी सरकार ने छल किया है. यह छल उन सभी लोगों के साथ हुआ है जिनसे बड़कागांव समेत समस्त झारखंड की तरक्की के नाम पर ज़मीनें छीन ली गईं. विस्थापितों को आज कोई सुनने को तैयार नहीं. मौजूदा सांसद की मोदी सरकार में सुनी नहीं जाती या भाजपा के लोग कहना ही नहीं चाहते. उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सांसद बनने के बाद प्रथम कार्य विस्थापितों के हक में करूंगा, चाहे इसके लिए किसी से भी लड़ाई करनी पड़े.

**कहा-भाजपा ने एक धंधेबाज के हाथों टिकट बेचा :** पटेल ने आगे कहा कि यदि भाजपा फिर से जीतती है तो देखिए इस बार प्रत्याशी कौन है? भाजपा ने अपना टिकट एक धंधेबाज के हाथों चार करोड़ रुपये में बेचा है. यह व्यक्ति यदि संसद गया तो बड़कागांव सहित हज़ारीबाग़ को बेच आएगा. जिस व्यक्ति ने दारू, कोयला, शिक्षा, स्वास्थ्य सभी चीज का धंधा किया उससे आप क्या उम्मीदें कर सकते हैं. उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि यह चुनाव हज़ारीबाग़ को बचाने का चुनाव है, हज़ारीबाग़ को बिकने से बचाने का चुनाव है. हज़ारीबाग़ को बचाने के लिए ईवीएम के क्रमांक 01, हाथ छाप पर बटन दबा कर कांग्रेस को जिताएं.

### धनबल हारेगा और जनबल की जीत होगी : महबूब

बरकट्ठा। बरकट्ठाडीह के अडवार मैदान में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में जनसभा का आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए. कई गांवों से महागठबंधन के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल रैली निकालकर सभा स्थल पहुंचे. जनसभा की अध्यक्षता मुखिया अब्बास अंसारी ने की, जबकि संचालन छोटी दास ने किया. सभा को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा में भाकपा माले के विधायक दल के नेता महबूब आलम ने कहा कि पूरे देश में इस बार इंडिया गठबंधन के पक्ष में लहर चल रही है. इस बार के चुनाव में धनबल हारेगा और जनबल की जीत होगी. केंद्र सरकार देश के आर्थिक संसाधनों को अपने दो पूंजीपतियों के हाथों बेच रहे हैं. राष्ट्र की संपत्ति को बेचना देशभक्ति नहीं, बल्कि देश के साथ गद्दारी है. देश की जनता संविधान, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता पर हमला नहीं सहेगी. कोडरमा से महागठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह विजय बनायें. पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि इस बार 10 साल का हिसाब देश की जनता लेगी. जनसभा को राम चौधरी, महिला नेत्री तारामणि साहू, कांग्रेस नेता प्रकाश कुमार, झामुमो के बासुदेव महतो, विधानसभा प्रभारी भुवनेश्वर केवट, प्रदीप प्रसाद, माले नेता शेर मोहम्मद, कलीम खान, प्रमोद दास, छोटी दास, निजाम अंसारी आदि उपस्थित थे.

## राशन को लेकर झूठ फैला रहे हैं पीएम मोदी व भाजपा : कांग्रेस

संवाददाता। रामगढ़



कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर राशन को लेकर भयंकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया. इसमें कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर सुमेर सिंह चारण और वैभव शुक्ला शामिल रहे. बताया कि 80 करोड़ भारतीयों के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (2011 की जनगणना के आधार पर) सितंबर 2013 में पारित किया गया था. इसका सिर्फ़ एक मुख्यमंत्री (गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी) ने लिखित में विरोध किया था. प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया. कोविड महामारी के दौरान उन्होंने अचानक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 का नाम बदलकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना कर दिया और मुफ़्त राशन योजना के रूप में इसकी मार्केटिंग की. तय समय पर हर दस साल में होने वाली जनगणना को 2021 में न करवाकर कम से कम 14 करोड़ भारतीयों को मिलने वाले लाभ से वंचित कर दिया गया है. जनगणना अभी तक नहीं हुई है. जब मई 2023 में विधानसभा चुनाव में कर्नाटक के लोगों ने भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया, तब निवर्तमान प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की अन्न भाग्य - 10 किलो मुफ़्त चावल देने की गारंटी को विफल करने कोशिश करके कन्नडिगाओं से अपना बदला लिया. लेकिन कांग्रेस की राज्य सरकार डटी रही और अन्न भाग्य योजना को लागू कर रही है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लखनऊ में गारंटी दी है कि 4 जून को जनादेश मिलने के बाद इंडिया जनबंधन की सरकार कर्नाटक की तरह पूरे देश में ग़रीबों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना/ प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्ना योजना के तहत मिलने वाले अनाज की मात्रा दोगुनी करेगी. प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ऋषिकेश कुमार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जिला प्रवक्ता मुकेश यादव, जिला बिजनौर के उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, मीडिया प्रभारी संजय साहू, कार्यालय प्रभारी सहजाद खान इत्यादि उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

#### डीसी ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को 25 हजारीबाग एवं 24 मांडू की पोलिंग पार्टी के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर संत कोलंबस कॉलेज व 20 बरकट्ठा, 21 बरही के लिए बिनोवा भावे विश्वविद्यालय डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया. डीसी ने सभी सुविधाओं के अलावा सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली, भोजन आदि को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए.

#### एयरटेल टावर से चोरी की 22 बैटरी बरामद

**रामगढ़।** पतरातू थाना क्षेत्र के गरेवाटाड में एयरटेल टावर से चोरी की गई 22 बैटरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है. वहीं इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. जानकारी के अनुसार पतरातू थाना क्षेत्र के अंतर्गत गरेवा ताड़ स्थित एयरटेल कंपनी के टावर में बीती 14 मई की रात टावर से 22 बैटरी की चोरी की गई थी. अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने आप्राथमिक अभियुक्त गौतम कुमार महतो, पंकज महतो को गिरफ्तार किया.

## कांडतरी गांव में अपराधियों ने चार ट्रैक्टरों में लगाई आग

संवाददाता। बड़कागांव



**खास बातें**

- तीन ट्रैक्टर जलकर राख, एक को हुआ आंशिक नुकसान
- घटनास्थल पर अमन साहू के नाम से कई पर्चे भी छोड़े

थाना क्षेत्र के कांडतरी गांव में गुरुवार रात अज्ञात लोगों ने चार ट्रैक्टरों में आग लगा दी. इस घटना में तीन ट्रैक्टर पूरी तरह से जल गये, जबकि एक ट्रैक्टर को आंशिक नुकसान हुआ है. ट्रैक्टर कांडतरी निवासी विकास कुमार, शेखर कुमार एवं अजय कुमार का एक-एक ट्रैक्टर बुरी तरह जल गया, जबकि अजय कुमार का दूसरा ट्रैक्टर को कम नुकसान हुआ है. घटनास्थल पर गैंगस्टर ग्रुप अमन साहू के नाम से कई पर्चे भी छोड़े गए हैं. पर्चे में कहा गया है कि ट्रैक्टर यूनियन द्वारा हमें अनदेखा किया जा रहा है. जब तक हमें पैसा नहीं मिल जाता जान-माल की हानि होती रहेगी. इसका जिम्मेवार खुद ट्रैक्टर यूनियन होगा. हमें जब तक पैसा नहीं मिलता है तब तक ट्रैक्टर मालिकों को भारी नुकसान होते रहेगा. इससे पहले चार दिन पूर्व भी इसी थाना क्षेत्र के सांढ गांव में रात्रि में ही तीन ट्रैक्टरों में आग लगाने का प्रयास किया गया था, जिसमें चालक सीट आंशिक रूप से जला था. ग्रामीणों द्वारा ट्रैक्टर को जलने से बचा लिया गया था. उस समय भी इसी गैंगस्टर ग्रुप द्वारा पर्चा छोड़कर बालू ढोने वाले 600 ट्रैक्टर मालिकों से प्रति ट्रैक्टर 2000 रुपये सालाना अर्थात 12 लाख रुपये की लेवी मांग की गई थी. पुलिस ने इस घटना को बालू ढोने वाले दो गुटों की आपसी रंजिश बताई थी, जिसमें घटना को अंजाम देने वाले को चिन्हित करने की बात कही गई थी.

**दहशत का माहौल :** कांडतरी में यह दूसरी घटना कर क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है. इस संबंध में बड़कागांव पुलिस अनुमंडल अधिकारी कुलदीप कुमार ने कहा कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है. जल्द ही इसका उद्भेदन कियाजाएगा. थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि अब तक किसी ट्रैक्टर मालिक ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है.

### 'कांग्रेस प्रत्याशी के माफी नहीं मांगने पर न्यूज कवरेज नहीं होगा'

## पटेल पर पत्रकारों से अभद्र व्यवहार का आरोप, प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार

संवाददाता। हजारीबाग

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार का आज आखिरी दिन है. इसके बाद प्रत्याशी सिर्फ जनसंपर्क कर सकेंगे. इसी बीच, इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल पर पत्रकारों ने अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उनकी प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर दिया. हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ता पत्रकारों को मनाने में जुटे रहे, लेकिन पत्रकार अपनी मांग पर अड़े रहे. पत्रकारों ने पटेल से माफी की मांगने की मांग की है. इस संबंध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने बताया कि शुक्रवार को पत्रकार सम्मेलन रखा गया था. पत्रकार कांग्रेस ऑफिस पहुंचे भी थे, लेकिन उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी पटेल पर आरोप लगाते हुए प्रेस वार्ता का बहिष्कार कर दिया. पत्रकार क्यों नाराज थे इसकी जानकारी मुझे नहीं है. प्रत्याशी से बातचीत की जाएगी कि आखिर पत्रकार नाराज क्यों है? वहीं जेपी पटेल के मोबाइल नंबर 966127211 पर लगभग पांच बार फोन लगाया गया पर उन्होंने कोई रिस्पांस नहीं किया.

### 'घंटों इंतजार कराया और बात किए बिना चले गए'

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मणिशंकर, भीम कुमार, प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा और जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव की प्रेस वार्ता थी, लेकिन पत्रकारों ने पटेल पर अभद्र व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाते हुए इसका बहिष्कार कर दिया.

पत्रकारों ने बताया कि न्यूज़ कवरेज करने के लिए जेपी पटेल से फोन के माध्यम से समय लिया गया था. उन्होंने बुलाया भी था, लेकिन जब हम उनके घर पहुंचे तो उन्होंने घंटों अपने आवास पर इंतजार करवाया, फिर गाड़ी में बैठकर जाने लगे. जब पूछा गया कि कुछ जानकारी लेनी है तो वह पत्रकारों पर भड़क गए और उल्टा सीधा बोलने लगे. उन्होंने अभद्र व्यवहार भी किया और पत्रकारों से बातचीत किए बिना चले गए. पत्रकारों की मांग है कि जब तक पटेल खुद पत्रकारों से माफी नहीं मांगेंगे तब तक उनका न्यूज़ कवरेज नहीं होगा.

### जय प्रकाश पटेल के व्यवहार पर उठते रहे हैं सवाल

पत्रकारों ने यह भी बताया कि उनके द्वारा पहली बार अभद्र व्यवहार नहीं किया गया. जब वह नामांकन के लिए जा रहे थे उस वक्त भी उन्होंने पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया था. पत्रकारों का कहना है कि हम पत्रकारिता अपने न्यूज़ पेपर और चैनल के लिए करते हैं और संपादक का दबाव भी रहता है. ऐसे में न्यूज़ कवर करना काफी मुश्किल होता है. पटेल को भी यह समझदारी होनी चाहिए. बता दें कि पटेल के व्यवहार को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच भी नाराजगी की खबरें सामने आती रहती हैं. उनका कहना है कि पटेल व्यावहारिक नहीं है. वह फोन रिसीव नहीं करते और न ही संतोषजनक जवाब देते हैं. लोगों का कहना है कि पटेल अभी चुनाव जीते नहीं हैं. अगर जीत जाएंगे पता नहीं उनका व्यवहार कैसा होगा?

## बालू गिराकर लौट रहा ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

संवाददाता। चौपारण

**खास बातें**

- कंटेनर ने ट्रैक्टर में टक्कर मारकर चालक को कुचला
- ट्रैक्टर का इंजन 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा

प्रखंड की दनुवा घाटी में मौत का सिलसिला लगातार जारी है. गुरुवार देर रात भी एक सड़क हादसा हुआ, जिसमें ट्रैक्टर चालक की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि गुरुवार देर रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच एक ट्रैक्टर चौपारण में बालू गिराकर वापस दनुवा की ओर लौट रहा था. इसी बीच घाटी में महाने टांड़ के समीप पीछे से आ रहे एक कंटेनर ने आगे चल रहे एक ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी. इससे ट्रैक्टर का चालक बीच सड़क में ही फेंका गया और चालक को कुचलते हुए कंटेनर चालक वाहन लेकर रात के अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया. वहीं टक्कर से ट्रैक्टर का इंजन 60 फीट गहरी खाई में गिर गया और ट्रॉली जीटी रोड पर ही पलट गया.

**बिना नम्बर व इंश्योरेंस के धड़ल्ले से दौड़ती है सैकड़ो ट्रैक्टर :** बता दें कि प्रखंड की महाने नदी से प्रतिदिन रात के अंधेरे में चोरी छुपे सैकड़ों ट्रैक्टर बालू की अवैध तस्करी की जाती है. अधिकांश ट्रैक्टरों का न ही नंबर होता है और न इंश्योरेंस. यह ट्रैक्टर भी बालू को गिराकर वापस दनुवा की ओर लौट रहा था. ट्रैक्टर मालिक अकेला यादव उर्फ कमलेश यादव बिहार के गया जिले का बताया जा रहा है. वहीं ट्रैक्टर चालक की विकास कुमार के रूप में पहचान की गई है. मृतक चालक घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था और उसका विवाह पिछले वर्ष ही हुआ था. बता दें कि ऐसे चालकों के पास न तो ड्राइवरी लाइसेंस होता है न ही एक्सपीरियंस.

ज्ञात हो कि पूर्व में भी इस तरह की कई घटनाएं घट चुकी हैं. ऐसे बालू तस्करों पर मेहरबान विभागीय अधिकारियों के कारण एक तरफ जहां सरकार को तस्करों द्वारा करोड़ों का चूना लगाया जा रहा है. वहीं दूसरी तरफ बालू को महंगे दरों पर बेच कर जरूरतमंदों को भी लूटने में लगे हैं. घटना की सूचना मिलते ही चौपारण पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया.

### बाइक सवार युवक गाड़ियों को बना रहे निशाना

## तिलैया बाईपास से गुजरने वाले वाहन चालकों में खौफ

संवाददाता। कोडरमा



तिलैया बाईपास से गुजरने वाले बस और ट्रक चालकों में भय का माहौल है. पिछले कुछ दिनों से यहां हर रात एनएच से गुजरने वाली बसों और ट्रकों के साथ अन्य वाहनों के साथ अजीबो-गरीब घटनाएं हो रही हैं. आए दिन मोटरसाइकिल सवार अज्ञात युवक तिलैया बाईपास से गुजरने वाले वाहनों पर पथराव कर वाहनों के शीशे क्षतिग्रस्त कर रहे हैं. कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है. घटना को अंजाम देने के बाद युवक गायब हो जा रहे हैं. ऐसी ही एक घटना गुरुवार रात घटी जब बाईपास से गुजर रही एक बस पर दो अज्ञात युवकों ने पथराव कर दिया, जिससे बस का शीशा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और बस भी दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गई. बस चालकों के मुताबिक पिछले 15 दिन से लगातार ऐसी घटनाएं हो रही हैं. तिलैया बाईपास में कभी आर्यन हॉस्पिटल के पास, कभी सुभाष चौक के पास तो कभी इंदरवा चौक के पास वाहनों को निशाना बनाया जा रहा है. जिन बसों को निशाना बनाया गया है, वे सभी लंबी दूरी की बसें थीं, बिहार से रांची, जमशेदपुर, धनबाद आदि जाने वाली बसों को निशाना बनाया जा रहा है.

### प्रेस वार्ता | कहा- अन्य पिछड़ा वर्ग के विकास को निरंतर बढ़ावा मिला

## भाजपा ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता। हजारीबाग

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ी जाति मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, भाजपा के जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धि गिनवाईं. उन्होंने बताया कि 2014 से 2024 तक 10 वर्षों के कार्यालय में मोदी सरकार के समर्थन से अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक और आर्थिक विकास को निरंतर बढ़ावा मिला है. 2014 में प्रधानमंत्री बनते ही नरेंद्र मोदी ने वर्षों से कांग्रेसी उपेक्षा के शिकार ओबीसी समाज के मान सम्मान और उत्थान का जो संकल्प लिया, वह आज चरितार्थ को रहा है. मोदी सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया.



### पिछड़ा वर्ग क्रीमीलेयर की सीमा 8 लाख की गई

पिछड़े वर्ग को न्यायोचित प्रतिनिधित्व मिले, उनकी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए मोदी सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग क्रीमीलेयर की सीमा को बढ़ाकर 8 लाख रुपये किया गया. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) ओबीसी वर्ग में आय-सृजन गतिविधियों का समर्थन करने के लिए किफायती ऋण प्रदान कर रहा है. 2018 से 2023 के बीच में कुल मिलाकर 7 लाख 37 हजार से अधिक लाभार्थियों ने इस योजना से लाभ उठाया है. 2016 में इस योजना की शुरुआत के बाद से अब तक वितरित 40 करोड रुपये से अधिक ऋणों में से आधे से अधिक ओबीसी, एससी और एसटी वर्गों के उद्यमियों को आवंटित किए गए हैं. जबकि शहरी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 35 प्रतिशत तक सब्सिडी मिल रही है.

### विदेश में उच्च शिक्षा का सपना पूरा हो रहा

विदेशों में अध्ययन के लिए शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी देने हेतु डॉ. बीआर अंबेडकर योजना आरंभ की गई. इससे ओबीसी और ईबीसी छात्रों का विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना पूरा हो रहा है. डॉ. बीआर अंबेडकर ब्याज योजना के तहत ओबीसी एवं ईबीसी के लिए विदेशों में अध्ययन हेतु शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी, ओबीसी छात्राओं के लिए आरक्षित 50 प्रतिशत फंडिंग, योग्य ओबीसी छात्रों के लिए विदेश उच्च शिक्षा का समर्थन, समावेश और सशक्तिकरण किया जा रहा है.

## सोलह गोवंशीय लदा ट्रक जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता। चौपारण

**खास बातें**

- गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने की कार्रवाई
- बिहार की ओर से प. बंगाल वधशाला ले जाया जा रहा था

चौपारण जीटी रोड के रास्ते वर्षों से जारी गो तस्करी पर बीते कुछ माह से चौपारण पुलिस अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास जारी है. इस क्रम में पुलिस ने शुक्रवार को अहले सुबह गोवंशीय पशुओं से लदे एक ट्रक सहित दो तस्करों को धर दबोचा है. इस संबंध में थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली कि बाराचट्टी (बिहार) की ओर से एक ट्रक गोवंशीय पशुओं को लोड कर तिरपाल से ढंककर बंगाल वधशाला में ले जाया जा रहा है. इस सूचना पर एक छापामारी दल का गठन किया गया और चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचकर बाराचट्टी (बिहार) की ओर से आने वाली वाहनों की सघन जांच की जाने लगी. करीब सुबह चार बजे एक ट्रक तिरपाल ढंका हुआ आता दिखाई दिया, जिसको नजदीक आने पर रोकने का इशारा किया तो वाहन चालक वाहन को चोरदाहा चेक पोस्ट से कुछ पीछे ही रोक कर वाहन से दो व्यक्ति उतरकर भागने लगे, जिन्हें सशस्त्र बल द्वारा खदेड़कर पकड़ लिया गया. इनकी पहचान मो. हासिम अंसारी (23) पिता मो. फैयाज अंसारी सा.- चांदपुर थाना- रौशनगंज, जिला गया (बिहार) एवं मो. हासिम (35), पिता मो. कमालउद्दीन सा थाना जिला- बाराबंकी (उप्र) के रूप में की गई.

देश में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान जारी है. झारखंड में भी पहले चरण का मतदान हो चुका है. लोग अपने अपने तर्कों के आधार पर प्रत्याशियों का चयन कर रहे हैं. प्रत्याशी चयन के मामले में लोग पहले से ज्याद सजग हो गए हैं. झारखंड का क्षेत्र कहीं समतल तो कहीं पठारी है. इसलिए हर जिले की अपनी समस्याएं हैं. जन समस्याओं के मापदंड पर लोग अपने प्रत्याशियों का चयन कर रहे हैं. लोगों ने जो प्रतिक्रिया दी है उसमें यह बात सामान्य है कि आमतौर पर सांसद जितना कहते हैं उतना करते नहीं है. इसलिए लोग चाहते हैं कि सांसद का पढ़ा लिखा तो होना ही चाहिए पर वह सिर्फ वादा न कर काम करे. हर क्षेत्र में अपनी समस्याएं हैं उसको हल करे. जन सुविधाओं का ख्याल रखे. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, पानी की दिशा में काम करे. साथ ही आधुनिकता के इस दौर में कोशिश करे कि उनका क्षेत्र विकास के माप दंड पर एक नजीर पेश करे. **शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में इस मुद्दे पर युवक-युवतियों और बुद्धिजीवियों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.**

# अपने सांसद को लेकर लोग गंभीर, ज्यादातर चाहते हैं



# वादा नहीं, काम करने वाला सांसद चाहिए

1. हर क्षेत्र की अपनी समस्याएं हैं सांसद उन्हें समझे
2. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बिजली, पानी की दिशा में काम करे
3. विकास के माप दंड पर एक नजीर पेश करे
4. आधुनिकता को ध्यान में रखकर विकास का काम करे

## धनबाद

### कर्मठ, शिक्षित और धनबाद का विकास करने वाला हो : विमल



धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता विमल कुमार ने कहा हमारा सांसद कर्मठ ,शिक्षित और धनबाद का विकास करने वाला हो.साथ ही वकीलों के लिए बीमा, कोर्ट परिसर में बैठने की सुविधा और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करवाये. बार काउंसिलिंग के तहत वकीलों को जो फायदा मिलना चाहिए, उसे दिलवाने का काम करे.

### बिहार की तर्ज पर वकीलों को सुविधाएं लागू करवाए : अजय



अधिवक्ता अजय कुमार रॉय ने कहा वकीलों को बिहार के तर्ज पर सुविधा दिलवाए, जिसमें मेडिकल, फैमिली बीमा आदि शामिल है.उन्होंने कहा इन माँगो को लेकर लड़ाई भी लड़ी जा रही है. वकीलों के लिए गवर्मेंट बस की सुविधा भी होनी चाहिए. धनबाद की सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था में भी सुधार की जरूरत है. इलाज की व्यवस्था भी सुदृढ़ कराए, खासकर एसएनएमएमसीएच में.

### अधिवक्ताओं के लिए ग्रुप बीमा लागू करवाए : अमित



अधिवक्ता अमित भगत ने कहा धनबाद का सांसद ऊर्जावान हो, धनबाद का विकास करने की क्षमता रखने वाला हो और सेवा भावना के साथ-साथ जन समस्याओं का निराकरण भी करे. साथ ही वकीलों के लिए ग्रुप बीमा लागू करवाये, क्योंकि अधिवक्ता समाज के लिए काम करता है.

### रंगदारी पर नकेल कसवाने वाला हो : यदुनंदन प्रसाद



व्यवसायी यदुनंदन प्रसाद ने कहा धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद में कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करे. व्यवसाइयों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो ताकि दुकानदार भयमुक्त होकर अपनी दुकानदारी कर सके. धनबाद में वर्षों से हो रही जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए फ़्लाईओवर बनवाये.

### फुटपाथ दुकानदारों के लिए कोई स्थायी व्यवस्था करवाए : चंदन



फुटपाथ दुकानदार चन्दन ने कहा धनबाद का सांसद ऐसा हो जो फुटपाथ दुकानदारों के लिए सहानुभूति रखे. दुकानदारों के लिए स्थाई दुकान की व्यवस्था करवाए ताकि नगर निगम द्वारा किये जा रहे अतिक्रमण से निजात मिले. शांति से अपने परिवार का भरणपोषण कर सके.

### जो स्वास्थ और शिक्षा में सुधार करे : पवन दास



फुटपाथ दुकानदार पवन दास ने कहा धनबाद का सांसद धनबाद का विकास करने वाला हो.जन समस्याओं के बारे में सोचे.स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार करे ताकि गरीब परिवार को राहत मिले. फुटपाथ दुकानदारों के रोजी-रोजगार के लिए उचित व्यवस्था करे.


## रामगढ़

### ऐसे सांसद का चुनाव करेंगे जो क्षेत्र में शिक्षा का माहौल जगाए : शिव कुमार मंडल




शिव कुमार मंडल डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज, रांची सेमेस्टर एक के छात्र हैं . शिव पहली बार मतदान करेंगे. शिव कहते हैं कि मतदान करने को लेकर वह काफी उत्साहित हैं और वह ऐसे सांसद का चुनाव करेंगे जो क्षेत्र में शिक्षा का माहौल जगाए, ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार दें , क्षेत्र में चौमुखी विकास करें. जाति धर्म से उठकर काम करें.

### हमारा सांसद ऐसा हो जो अपने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दे : अलका



अलका कुमारी महिला कॉलेज रामगढ़ सेमेस्टर 3 की छात्रा है. इनका कहना है कि हमारा सांसद ऐसा हो जो विकास को पहली प्राथमिकता दें. हर क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा का शुभारंभ करें, ताकि बेरोजगारी दूर हो. अलका पहली बार मतदान करेगी और उनका इच्छा है कि वह जिस प्रत्याशी को मतदान करें वह विजय हो और वह सांसद बनकर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अपनी आवाज बुलंद करें.

### तकनीकी शिक्षा के लिए संस्थान की स्थापना करने वाला हो : आशना परवीन



आशना परवीन एमए की छात्रा है. वह कहती है कि हमारा सांसद ऐसा हो जो सभी जाति सभी धर्म और सभी समुदाय के लिए हमेशा खड़ा रहे क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा के लिए संस्थान की स्थापना करें. सुदूरवर्ती क्षेत्र का विकास करें. युवतियों को रोजगार से जोड़ें. ताकि युवतियां स्वावलंबी बने और देश का नाम रोशन करें. क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लोकसभा के पटल तक जोरदार तरीके से रखें.

### युवाओं के रोजगार से जोड़े औद्योगिक विकास का काम करे : आदित्य कुमार



आदित्य कुमार सेमेस्टर 1 राधा गोविंद यूनिवर्सिटी रामगढ़ के छात्र हैं. इनका कहना है कि चुनाव में खड़े हुए प्रत्याशी तो कई वादे करते हैं .हमें वादों वाला प्रत्याशी नहीं, बल्कि काम करने वाला सांसद चाहिए. जो दिन दुगनी रात चौगुनी काम कर अपने क्षेत्र का विकास करें. युवाओं को रोजगार से जोड़े. क्षेत्र में कुछ ऐसे बड़े औद्योगिक विकास हो, जिससे भारी संख्या में युवाओं को रोजगार दिलाए.

## घाटशिला

### जो जनता की समस्याओं को सदन में उठाने वाला हो : देवयानी मुर्मू



हमारा सांसद कैसा हो इस संबंध में पूछे जाने पर चेंगजोडा गांव निवासी देवयानी मुर्मू ने कहा कि सांसद को शिक्षित होना जरुरी है. साथ ही जनता की समस्याओं को वह सदन में उठा सके. इसके अलावा रोजगार की दिशा में पहल करने वाला हो. स्वयं शिक्षित होने से क्षेत्र के लोगों को भी उच्च शिक्षा के लिए अच्छे-अच्छे शिक्षण संस्थान एवं रोजगार की व्यवस्था कर सकते हैं. जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के घाटशिला में बहरागोड़ा विधानसभा में कई ऐसी समस्याएं हैं जिसका समाधान सांसद ही कर सकते हैं.

### कंपनी खुलवाने की दिशा में पहल करने वाला होना चाहिए : निर्मला



मऊभंडार निवासी निर्मला शुक्ला ने बताया कि हमारा सांसद ऐसा हो कि मऊभंडार स्थित वर्षो से बंद पड़ी आईसीसी कंपनी को केंद्र सरकार के खान मंत्रालय से बात कर कंपनी खुलवाने की दिशा में पहल करने वाला होना चाहिए. कंपनी बंद होने से क्षेत्र काफी संख्या में लोग बेरोजगार हो चुके हैं .कई परिवार तो रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य को पलायन करने को मजबूर हैं. रोजगार के साधन मिलने से पलायन भी रोका जा सकता है.

### छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न जाना पड़े : रेणुका



घाटशिला कॉलेज की छात्रा रेणुका कुमारी ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो कि हम छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बडे शहर न जाना पड़े. हम सब ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं और मध्यम वर्गीय परिवार होने के कारण बड़े शहर में रहकर शिक्षा ग्रहण कर पाना संभव नहीं है इसलिए उच्च शिक्षा के लिए पहल करने वाला सांसद चाहिए. साथ ही हमारे जन प्रतिनिधि को रोजगार के प्रति गंभीर होना चाहिए और विकास के काम में रुचि हो.


### क्षेत्र की समस्याओं को उचित पटल पर रख सके : बेहुला मुर्मू



ट्यूटोरियल सक्सेस क्लासेस से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा बेहुला मुर्मू ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो कि क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता के साथ सदन में रख सके. यहां की मुख्य समस्या शिक्षा, रोजगार एवं सिंचाई की है. इन समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ होना चाहिए. साथ ही हम चाहेंगे कि हमारा जन प्रतिनिधि मिलनसार, लोकप्रिय और जन समस्याओं के प्रति गंभीर हो. तभी क्षेत्र का विकास हो पाएगा.

## गोड्डा

### युवाओं के हित की बात करने वाला हो हमारा सांसद : अनिल अग्रवाल



युवा कारोबारी अनिल अग्रवाल का कहना है कि गोड्डा का सांसद ऐसा हो जो युवाओं के हित की बात को सोचे. देश के युवाओं पर ही हमारा भविष्य है. युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा तभी देश को नई दिशा मिलेगी. वर्तमान में राजनीति में साठ से अधिक की उम्र वाले सक्रिय भूमिका में है जबकि युवा हाशिए पर हैं. हमें युवा के हाथों में नेतृत्व चाहिए.इस समय क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या बढ़ती जा रही है. डिग्री के बावजूद युवा नौकरी के लिए भटक रहे हैं. इसका समाधन करना जरुरी है.

### गोड्डा क्षेत्र को विकास में आगे ले जाने वाला सांसद चाहिए : अनीता सोरेन



समाजसेवी अनिता सोरेन कहती हैं कि हमें ऐसा सांसद चाहिए जो अपने क्षेत्र को विकास के मामले में सबसे आगे ले जाए. विकास की बात तो सभी करते हैं लेकिन जीतने के बाद कम ही प्रतिनिधि ऐसे होते हैं जिनका सरोकार विकास से होता है. अधिकांश नेता चुनाव जीतने के लिए तरह तरह के वायदे तो कर लेते है, लेकिन बाद में कभी क्षेत्र भ्रमण पर नहीं आते. जबकि जन समस्याओं को जानने के लिए सांसद को अपने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से जानकारी हासिल करनी चाहिए.

### जो दमदार, प्रभावशाली और अपने क्षेत्र का विकास करने वाला हो : सगीर आलम



अधिवक्ता लिपिक के रूप में कार्य करने वाले सगीर आलम कहते हैं कि हमें ऐसा सांसद चाहिए जो दमदार और प्रभावशाली हो. जो केंद्र से लड़कर अपने क्षेत्र में विकास की नई नई योजनाओं को ला सके. कई बार ऐसा होता है कि अपने हिस्से की योजना को दूसरा सांसद अपने एरिया में लेते जाते हैं. गोड्डा विकास के रास्ते पर अभी चलना शुरू किया है. आगे और विकास करनेवाला नेता चुना जाना चाहिए. विकास का काम आधुनिकता को ध्यान में रखकर होना चाहिए.

### पलायन क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या, इसे रोकना बहुत जरुरी है : गजनंद दास



युवा कारोबारी गजानंद दास कहते हैं कि वर्तमान में पलायन को रोकना सबसे बड़ी समस्या है. रोजी रोटी की तलाश में लाखों गरीब लोग अपना घर बार छोड़कर पलायन को मजबूर होते हैं और महानगरों में जाकर नरक की जिंदगी जीने को मजबूर होते है. ऐसा सांसद को चुने जो गरीबों, मजदूरों को अपने ही घर में रोजगार का साधन उपलब्ध करवा सके.मौजूदा समय में लोग बड़ी संख्या में अन्य शहरों में काम के सिलसिले में पलायन कर जाते हैं. हमें इस समस्या से निजात दिलाने वाला सांसद चाहिए.

### गोड्डा में उच्च शैक्षणिक संस्थानों की सख्त जरूरत है : मधुकर मिश्रा



कारोबारी मधुकर मिश्रा बताते है कि आज की तिथि में गोड्डा में बेहतर शैक्षणिक संस्थानों की सख्त जरूरत है. यहां तक कॉलेज छोड़िए एक बेहतर उच्च विद्यालय भी गोड्डा में नही है. बढ़िया कोचिंग संस्थान नही है. टेक्निकल कोर्स के लिए भी बाहर का रुख करना पड़ता है जो सबके लिए संभव नहीं है. प्रत्येक जिला में एक उच्च संस्थान जिसमे सभी जरूरी विषयो फेकल्टी की पढ़ाई होनी चाहिए ताकि यहां के बच्चे बच्ची को आगे बढ़ने का मौका मिल सके.

## बोकारो

### युवाओं की शिक्षा के साथ नियोजन भी करे : जूही रानी



बोकारो जिले के कसमा प्रखंड की बगदा निवासी छात्रा जूही रानी ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो युवक युवतियों की शिक्षा के साथ साथ जो नियोजन एवं स्थाई रोजी रोजगार की बात करे. साथ ही युवाओं के भटकाव एवं पलायन को रोकने के लिए जो केंद्र सरकार से मिलकर नियोजन नीति बना सके, ताकि शिक्षा के बाद युवाओं को रोजगार की गारंटी मिले.साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जो गंभीर हो हमें ऐसा सांसद चाहिए.

### महिलाओं के विकास के लिए काम करे : पूजा कुमारी



कसमार की छात्रा पूजा कुमारी ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दे. साथ ही पढ़ी लिखी व हुनरमंद महिलाओं व युवतियों के लिए रोजगारपरक शिक्षा एवं प्रशिक्षण देने की बात करे. उन्होंने कहा कि देश में आधी आबादी महिलाओं की है, लेकिन शिक्षा व रोजगार के मामले में अभी भी समाज में समानता नहीं है. प्रत्याशी ऐसा हो जो महिलाओं का सम्मान करे. हमारा सांसद लोकप्रिय भी हो और जन समस्याओं के प्रति रुचि रखने वाला हो.

### जो संस्कृति एवं परंपरा को बचा सके : खुशबू कुमारी



बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड के जारंगडीह निवासी खुशबू कुमारी ने कहा कि हमारा ऐसा सांसद हो जो ईमानदार और निष्पक्षता के साथ बातों को रखते हों, साथ ही जिनका साफ छवि हो. जो लोकतंत्र की रक्षा कर सके. ऐसा हो जो क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों से लेकर यहां की संस्कृति एवं परंपरा को बचा सके. जो युवाओं को रोजगार के साथ हर तरह की शिक्षा की गारंटी दे एवं क्षेत्र में विकास के नए कल कारखाने स्थापित करने की क्षमता रखते हो. साथ ही क्षेत्र की समस्या को प्रमुखता के साथ सदन में रखने की क्षमता रखता हो.

### जिनकी कथनी और करनी में एकरूपता हो : राफिया



बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड क्षेत्र के जारंगडीह उत्तरी पंचायत के जारंगडीह 12 नंबर निवासी युवती राफिया खातून का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा हो जो को विकास को प्रमुखता देने वाला हो. साथ ही जिनकी कथनी और करनी में एकरूपता हो. बेदाग छवि का व्यक्तित्व वाला ही हमारा सांसद होना चाहिए. आज के समय में अधिकतर प्रत्याशी पर कई कई मामले चल रहे होते हैं, ऐसा न होकर जो बिल्कुल साफ सुथरी छवि हो, उन्हें ही वोट देंगे.

### जो बेहतर शिक्षा व रोजगार पर बल दे : पूजा मुर्मू



बोकारो जिले के बेरमो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह उत्तरी पंचायत के 12 नंबर कॉलोनी निवासी पूजा मुर्मू ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो सिर्फ वादा न करे, बल्कि विकास कार्य कर साथ त्वरित बदलाव पर विश्वास करे. लोकसभा क्षेत्र की जनता के विकास तथा बेहतर शिक्षा,और रोजगार परख शिक्षा पर बल देना वाला होना चाहिए, ताकि स्थानीय युवा को रोजगार के लिए कहीं अन्य राज्यों में भटकना न पड़े. साथ ही हमारा सांसद जन समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए.

## मोदी और मीडिया

वाराणसी से लोकसभा के लिए तीसरी बार अपना नामांकन भरने के बाद पतित पावनी गंगा मैया के तटों पर विचरण करते हुए मोदी ने यकायक सेक्यूलर चोला ओढ़ लिया. उन्होंने मीडिया वाली से कहा- 'जिस दिन मैं हिन्दू-मुस्लिम करने लगूंगा, उस दिन मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रह जाऊंगा.' उनका यह बयान सभी लोगों, खासकर उनके अपने पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के लिए आश्चर्य और सदमे की तरह रहा होगा, लेकिन उक्त पत्रकार ने उनके इस बयान को बिग ब्रेकिंग के रूप में प्रसारित कर नाम तो कमा लिया, लेकिन पत्रकार-धर्म को पूरी तरह से गंगा में विसर्जित करते हुए. वहीं दूसरी ओर मोदी का वह (दावा) ज्यादा देर तक जिंदा न रह सका. अगली ही सुबह (बुधवार को) महाराष्ट्र के डिंडौरी की आम सभा में मोदी ने बयान दिया कि 'अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो वह सरकार के पूरे बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों को दे देगी.' फिर, उसी दिन मुंबई की सभाओं में उन्होंने राममंदिर का जिक्र किया और कहा कि शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे जीवित होते तो बहुत दुखी होते, क्योंकि 'नकली शिवसेना' (उद्धव ठाकरे गुट) ने राममंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का विरोध किया था, जबकि बाल ठाकरे का सपना मंदिर निर्माण का था. सवाल है कि क्या मोदी व भाजपा का चुनावी विमर्श हिन्दू-मुस्लिम किये बिना सम्भव है? उत्तर है- नहीं. मोदी के प्रेस कांफ्रेंस में तो किसी भी पत्रकार को ज्यादा सवाल करने का अवसर अक्सर नहीं मिलता, पर ऐसे एक्सक्लूज़िव साक्षात्कारों में न सवालों की सीमा होती है, न समय की बंदिश. फिर उपरोक्त महिला पत्रकार ने क्यों मोदी से यह नहीं कहा कि, 'मोदी जी, हाल ही में आपने तो कांग्रेस के न्यायपत्र पर 'मुसलिम लीग की छाया' बतलाया था और आपने लोगों से यह भी कहा था कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपके मंगलसूत्र छीनकर 'कई बच्चों वालों' को दे देगी, या यह भी नहीं पूछा कि, 'मोदी जी, कांग्रेस का तो देश में पिछले 55 वर्षों तक राज रहा. उसने ऐसा तो कभी भी नहीं किया.' पत्रकार को मोदी जी के स्मरण में यह भी लाना था कि आप खुद कहते रहे हैं कि 'मैं कपड़े देखकर जान जाता हूं.' मोदी को वह सारा कुछ ध्यान दिलाना था कि कैसे 10 साल उन्होंने हिन्दू-मुसलिम और भारत-पाकिस्तान करते हुए गुजार दिये. सच तो यह भी है कि भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान एक ऐसा मीडिया विकसित हुआ है, जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पारिवारिक जैसा संबंध है. यह कोई नवनिर्मित मीडिया नहीं है, वरन विद्यमान मीडिया का ही बड़ा हिस्सा है जिसने अपने आप को मोदीमय कर लिया है. मोदी का वह समर्थक है, इसलिए वह भारतीय जनता पार्टी के हर काम-काज की तारीफ करता है. मोदी के मित्र उसके भी मित्र हैं और मोदी के दुश्मन उसके भी दुश्मन बन जाते हैं.

> मोदी के प्रेस कांफ्रेंस में तो किसी भी पत्रकार को ज्यादा सवाल करने का अवसर अक्सर नहीं मिलता, पर ऐसे एक्सक्लूज़िव साक्षात्कारों में न सवालों की सीमा होती है, न समय की बंदिश.

### सुभाषित

**रूपयौवनसंपन्ना विशाल कुलसम्भवाः ।**
**विद्याहीना न शोभन्ते निर्गन्धा इव किंशुकाः ॥**

सुगंध नहीं होने के कारण पलाश के फूलों को अन्य फूलों की भांति सम्मान नहीं मिल पाता है, जबकि उसमें रंग और रूप दोनों होता है. ठीक उसी प्रकार रूप और यौवन से संपन्न होने और बड़े कुल में जन्म लेने के बावजूद विद्याहीन व्यक्ति का समाज में मान नहीं होता.

# चुनाव, गिरफ्तारियां, बकवादियां

**बात भटकी हुई लगेगी लेकिन बात तो है. जिस समय आलमगीर आलम की गिरफ्तारी की तैयारियां चल रही थीं, प्रायः उसी समय रामगढ़ इलाके में असम के कांग्रेस पलट भाजपाई मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा फरमा रहे थे, 'पीओके, ज्ञानवापी, कृष्ण जन्मभूमि, यूसीसी के लिए चाहिए, अबकी बार 400 पार'. इसके पहले अनंत हेगड़े, अरुण गोविल, लल्लू सिंह आदि कह चुके हैं, 'संविधान बदलने के लिए चाहिए 400 पार'.**





• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

जैसा कि कई बार कहा जाता है, खुन्नस खाये व्यक्ति के घर में पुलिस कट्टा रखकर उसको आर्म्स एक्ट में अंदर कर देती है, वैसा जहांगीर आलम, संजीव लाल, ठेकेदार मुन्ना सिंह, ठेकेदार राजीव सिंह, इंजीनियर संजय मुंडा आदि के ठिकानों से 6-7-8 मई को ईडी द्वारा जब्त 37.50 करोड़ कैश के लिए नहीं कहा जा सकता. इसी संदर्भ में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को दो दिनों की पूछताछ के बाद 15 मई को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया. इसके पहले ही 6 मई को आलमगीर के पीएस संजीव लाल और उसके घरेलू सहायक जहांगीर आलम की गिरफ्तारी की गई थी. जहांगीर के नाम रांची में लिए गए एक फ्लैट से उसी दिन 32.20 करोड़ कैश जब्त किया गया था. देश में अभी चुनावी मौसम है. आम चुनाव चल रहे हैं. ऐसे माहौल में की गई इस कार्रवाई को राज्य का सत्ता पक्ष राजनीतिक करार दे रहा है, जबकि प्रतिपक्षी भाजपा के लिए बैठे-बिठाए कड़क मसाला मिल गया है. आलमगीर इंडिया ब्लॉक का बड़ा नाम हैं, जिनकी पूरे संताल परगना, खासकर राजमहल क्षेत्र में चलती है. इस घटना के दो पहलू हैं. पहला तो यह कि ग्रामीण विकास बहुत आकर्षक विभाग है. मधु कोड़ा कैबिनेट के सदस्य रहे हरिनारायण राय और एनोस एक्का मनी लाउंड्रिंग मामले में बंदी बनाए गए थे. वे भी ग्रामीण विकास मंत्री हुआ करते थे. ऐसे ही अर्जुन मुंडा कैबिनेट के दो सदस्यों सुदेश महतो और चंद्रप्रकाश चौधरी, जो आपस में निकटस्थ संबंधी हैं, में ठन गई थी और मार्च 2012 में चौधरी ग्रामीण कार्य विभाग लेकर ही माने थे. इस घटना का दूसरा पहलू मीडिया में आ रहा है, जिससे पता चलता है कि ईडी की ये छापेमारियां और गिरफ्तारियां ग्रामीण विकास विभाग के चर्चित चीफ इंजीनियर रहे वीरेंद्र राम मामले से जुड़ी हुई हैं. वीरेंद्र महोदय पिछले साल 23 फरवरी को ईडी द्वारा गिरफ्तार किये गये थे. वे सौ करोड़ के आसामी बताये जाते हैं और उनके ठिकानों से ईडी ने कैश 30 लाख के अलावा डेढ़ करोड़ के जेवरात जब्त किया था. उनकी गिरफ्तारी चार साल पुराने मामले में की गई थी. जमशेदपुर में 13 नवंबर 2019 को एसीबी ने जेई सुरेश प्रसाद वर्मा को ठेकेदार रामनाथ शर्मा से दस हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा था. वर्मा के आवास की तलाशी के दौरान 63,870 कैश के अलावा जेवरात और उस आवास की ऊपरी मंजिल के एक कमरे से 2.67 करोड़ रुपये जब्त किये गये थे. इस मंजिल पर वीरेंद्र का रिश्तेदार आलोक रंजन रहता था. एसीबी ने हालांकि इस केस में वर्मा और आलोक के खिलाफ जनवरी 2020 में चार्ज शीट दाखिल कर दिया, लेकिन जब्त कैश का स्रोत नहीं बता पाया. आलोक रंजन ने पकड़ी गई 2.67 करोड़ रकम तत्कालीन एक्जक्यूटिव इंजीनियर वीरेंद्र राम की बतायी थी, लेकिन उनको बचा लिया गया. जेई बहाल हुए वीरेंद्र का जलवा यह कि वे चीफ इंजीनियर पद तक पहुंचा दिये गये. जमशेदपुर मामला 17 सितंबर 2020 को ईडी ने टेकओवर किया, जो इस मुकाम तक पहुंचा है. आगे भी संभावनाओं के द्वार खुले हुए हैं, बशर्ते ईडी अपनी तफ्तीश की इतिश्री न मान ले. वह खुर्दबीन लगाये तो 2019 में जब्त 3.30 करोड़ रकम तत्कालीन महाप्रभुओं की कलई खोल सकती है और ताजा कहानी दूर तलक जा सकती है.

बात भटकी हुई लगेगी लेकिन बात तो है. जिस समय आलमगीर आलम की गिरफ्तारी की तैयारियां चल रही थीं, प्रायः उसी समय रामगढ़ इलाके में असम के कांग्रेस पलट भाजपाई मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा फरमा रहे थे, 'पीओके, ज्ञानवापी, कृष्ण जन्मभूमि, यूसीसी के लिए चाहिए, अबकी बार 400 पार'. इसके पहले अनंत हेगड़े, अरुण गोविल, लल्लू सिंह आदि कह चुके हैं, 'संविधान बदलने के लिए चाहिए 400 पार'. उधर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश उवाच रहे थे, पहले दो चरणों में ही भाजपा दक्षिण से साफ और शेष इलाकों में हाफ हो चुकी है. उसी समय एक इंटरव्यू में एनडीए सरकार के सेकेंड इन कमांड अमित शाह 'बात बहुत से लोगों के मुंह में डाल कर' कह रहे थे, अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत स्पेशल ट्रीटमेंट है. उन्होंने एक और बड़ी बात कही, 'पीएम मोदी 2029 तक बने रहेंगे और उसके बाद भी हमारा नेतृत्व करेंगे'. किसी को कोई शक! किस-किस की बात पर करें भरोसा भाई!

पुनश्च : 15 मई को जब ईडी की टीम अपने दफ्तर में आलमगीर आलम से पूछताछ कर रही थी, उसी समय दूसरी टीम राजधानी के एक बड़े मॉल 'न्यूक्लियस' का सर्वे करा रही थी. यह मॉल बहुचर्चित जमीन घोटाले में ईडी के आसामी विष्णु अग्रवाल का है. अग्रवाल स्वास्थ्य कारणों से जमानत हासिल कर फिलहाल जेल से आजादी अनुभव कर रहे हैं. नौ मई को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रांची पधारीं तो विष्णु अग्रवाल उनको निश्चिंत भाव से बुके भेंट करते दिखे. वित्त मंत्री के साथ उनकी यह तस्वीर तत्काल ट्रोल की जाने लगी. हफ्ता भर के अंदर उनके आलीशान मॉल का सर्वे होने लगा. कहनेवाले दो बातें कह रहे हैं. पहली तो यह कि ईडी के आसामी संग तस्वीर खिंचाने में वित्त मंत्री को गुरेज नहीं, लेकिन कार्रवाई से भी परहेज नहीं. दूसरी बात यह कि अगली कार्रवाई 'न्यूक्लियस' के अटैचमेंट के रूप में भी सामने आ सकती है. कहने वाले एक तीसरी बात भी कह रहे हैं, विष्णु परिवार के नाम की संपत्तियों में किस-किसका धन लगा है, यह भी भलीभांति सामने आ जाय तो गप्प-सड़ाके का नया मसाला मिले.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## धर्म का उद्देश्य

सभ्यता के विकास का अर्थ आधुनिक साधन का विकास नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विकास है. ऐसे विकसित आधुनिक युग में यदि कोई अपनी आवश्यकताओं को मर्यादित कर, सादा रहन सहन की शैली अपनाता है और अपने भोग उपभोग को संयमित करता हुआ, पुरातन दृष्टिगोचर होता है, तब यह आदिम परंपरा की ओर लौटना नहीं, बल्कि सभ्यता के सर्वोत्तम संस्कार के शिखर को छूना है. धार्मिक व्याख्याओं की वस्तुस्थिति पर इसी तरह विवेकशील चिंतन होना नितांत आवश्यक है. इस तरह विकृति धर्म में नहीं होती, सारा गडबड़झाला उसके स्वच्छंद और प्रमादी व्याख्याकारों का किया धरा होता है. यदि हम उक्त 'धर्म उद्देश्य' को प्रमाण लेकर, विवेक बुद्धि से, नीर-क्षीर विभाजन के साथ विश्लेषण करेंगे, हेय, गेय और उपादेय का अंतर-भेद करते हुए, उपादेय को ग्रहण करेंगे तभी सत्य के निकट पहुंच सकते हैं और तभी हमारे उद्देश्य सिद्ध हो सकते है. धर्म का उद्देश्य, केवल मानव को ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि को अक्षय सुख लब्ध करवाने का मार्ग प्रशस्त करना है. मानव के लिए जीवन के अनुकूल सुख भी एक पडाव मात्र है, लक्ष्य तो निश्चित ही शाश्वत सुख है. सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता. इसलिए जियो और जीने दो का सिद्धांत अस्तित्व में आया है. शान्ति से जीने और अन्य को भी जीने देने के उद्देश्य से ही सभ्यता और संस्कृति का विकास हासिल किया गया है. क्योंकि सभ्यता और संस्कार से हम भी आनंद पूर्वक जीते हैं और अन्य सभी प्राणियों के लिए भी सहज आनंद के अवसर उपलब्ध करवाते हैं. यही है धर्म के उद्देश्य की सबसे सरल परिभाषा. इस उद्देश्य को प्रमाण वाक्य मानते हुए ही धर्म शास्त्रों की व्याख्याओं पर दृष्टिपात करना चाहिए. यदि किसी धर्मोपदेश की व्याख्या सभ्यता और संस्कार के विपरीत जाती है तो वह सर्वांग मिथ्या व्याख्या है. जो व्याख्या सभ्यता से पतनोन्मुख करने का कारण बनकर, पुनः आदिम जंगली संस्कार की ओर प्रेरित करे तो धर्मोपदेश की वह व्याख्या निश्चित ही कुमार्ग लक्षी है. हमने युगों के निरंतर, कठिन पुरुषार्थ और दुष्कर संघर्ष के परिणाम स्वरूप ही इस उच्च सभ्यता का संधान किया है. उसका मात्र भ्रांत धार्मिक व्याख्याओं से अधोपतन कैसे स्वीकार किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, हमने जंगली, क्रूर, विकृत खान-पान व्यवहार को आज शुद्ध, अहिंसक, सभ्य आहार से सुसंस्कृत कर लिया है. यहां सभ्यता मात्र स्वच्छ आहार से ही अपेक्षित नहीं, बल्कि अन्य जीवसृष्टि के जीवन अधिकार से सापेक्ष है. उसी तरह संस्कृति समस्त दृष्टिकोण सापेक्ष होती है. सभ्यता में सर्वांग प्रकृति का संरक्षण निहित होता है. अब पुनः विकृत खान-पान की ओर लौटना धर्म सम्मत कभी नहीं हो सकता.

## अखंडता का आधार सामाजिक भाईचारा

• विमर्श

प्रफुल्ल कोलख्यान

आम चुनाव 2024 का चार चरण पार हो चुका है. चार जून को नतीजा आ जायेगा. जीत-हार का फैसला हो चुका होगा. मीडिया में विभिन्न राजनीतिक दल के प्रवक्ता तू-तू-मैं-मैं के बीच जीत-हार के सायंकालीन कयासों में लगे हैं. बीच-बीच में लाइव प्रसारण में हांफते-फुंकारते संवादी पत्रकार प्रकट होते हैं. वैज्ञानिक दृष्टि संपन्न राजनीतिक विशेषज्ञों और विश्लेषकों को अपनी-अपनी राय रखते हुए देखा जा सकता है. चार दिन इन प्रवक्ताओं को कोई अनमने ढंग से भी सुन ले तो पांचवें दिन अवसर मिले तो मीडिया पर राजनीतिक विश्लेषण में अपनी वैज्ञानिक दृष्टि संपन्नता का परिचय देने लायक हो सकते हैं. तू-तू-मैं-मैं की संस्कृति के बीच सत्ताधारी दल के प्रवक्ता की तरफ से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सनातन की रक्षा की चिंता के शब्द सामनेवाले को शब्दहीन कर देने के लिए काफी साबित होते हैं. क्या है सांस्कृतिक राष्ट्रवाद? संस्कृति की अवधारणा पर बात करें तो मानव की संस्कृति एक है. यदि आर्थिक राष्ट्रवाद की बात की जाये तो इस में सारी आर्थिकी राष्ट्र के होने की बात माननी पड़ेगी. भारत जैसे सांस्कृतिक विविधता वाले बहुलात्मक देश में यह मानना होगा कि भारत में जितनी सांस्कृतिक धाराएं हैं, उतने ही राष्ट्र के होने को भी स्वीकार करना होगा. वस्तुतः भारत में सभी सांस्कृतिक धाराएं अपने-अपने राष्ट्र और अपनी-अपनी राष्ट्रीयताओं की बात करती रही हैं. सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पृष्ठभूमि में कोई एक सांस्कृतिक धारा की समझ और स्वीकृति काम करे तो निश्चित रूप से यह भारत के राष्ट्रवाद के लिए विघटनकारी हो सकता है. आर्थिक राष्ट्रवाद में कमजोर लोगों पर वर्चस्वशाली लोगों की जोर-जबरदस्ती का खतरा था. भारत राष्ट्र के संघटकों के सामने आर्थिक राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद में छिपे विघटनकारी तत्व की चिंता स्पष्ट थी. इसलिए उन्होंने संवैधानिक राष्ट्रवाद का रास्ता अख्तियार किया. सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बात करनेवालों को गंभीरता से यह स्पष्ट करना चाहिए कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से उनका आशय क्या है और यह भी कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद वस्तुतः संवैधानिक राष्ट्रवाद से कहां-कहां और किन-किन अर्थों में भिन्न है. इन भिन्नताओं के कारण होनेवाले सामाजिक टकराव की आशंकाओं, यदि कोई हो तो, के शांतिपूर्ण और संविधान-सम्मत समाधान के लिए उनके पास क्या उपाय है. सिर्फ भावनात्मक अपील या भावनात्मक लपेटे पर जरूरत से अधिक विश्वास भारत राष्ट्र के लिए खतरनाक हो सकता है. इसमें किसी को कोई शक नहीं होना चाहिए कि भारत जैसे वैविध्य संपन्न राष्ट्र और लोकतंत्र की अखंडता का आधार व्यापक मानवता और सामाजिक भाईचारा है. भारत राष्ट्र और लोकतंत्र के लिए इसके अलावा अधिक गुणकारी कुछ हो नहीं सकता है. राष्ट्रवाद के किसी भी प्रारूप पर जरूरत से अधिक केंद्रित होने पर व्यापक मानवता खंडित होती है. समाज में किसी एक पूजा पद्धति या एक सांस्कृतिक धारा को माननेवालों की जन-शक्ति समेत शक्ति के किसी आधार पर राष्ट्र-बोध को केंद्रित करना राष्ट्र- विखंडन का कारण बन जाता है. यूरोप में घटित लोकविग्रह पर ध्यान देने से यह बात आसानी से समझी जा सकती है. चुनावी फायदे या राज-सत्ता की लगाम हाथ में लेने के लिए 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' का राग अलापना, मत और हिम्मत देनेवाली लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वासघात की कोशिश के अलावा दूसरा क्या हो सकता है! भारत की राष्ट्र-शक्ति का सार और भारत के नायकत्व का आधार समन्वय की प्रवृत्ति में है. विग्रह-बुद्धि राष्ट्र-शक्ति को कमजोर और इसके नायकत्व को खंडित करती है. कुछ सालों-सदियों के जनादेश और शासन-शक्ति के बल पर भारत को सांस्कृतिक-बंधक बना लेने का भ्रम और घमंड अंततः खंडित होता आया है, भले ही भारत राष्ट्र को इसकी बड़ी-से-बड़ी कीमत क्यों न चुकानी पड़ी हो. ऐसा लगता है कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बात करनेवालों की सांस्कृतिक समझ और संवैधानिक समझ में बहुत फर्क है. इसलिए संविधान के प्रति सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की बात करनेवाले का रवैया संदेहास्पद हो जाता है. इसी तरह से जब सनातन धर्म की बात को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के तहत आगे बढ़ाने की बात की जाती है, तो उसका आशय भी स्पष्टता की मांग करता है. एक बात साफ-साफ समझ में आनी चाहिए कि भारत में जो भी राजनीतिक दल सत्ता की राजनीति में सक्रिय हैं, उनकी कोई भी राजनीतिक गतिविधि संवैधानिक प्रावधानों के तहत ही संचलित हो सकती है. संवैधानिक प्रावधानों के इतर बात करनेवालों को स्वतंत्र रूप से अपने विचार के प्रचार का हक है, लेकिन संवैधानिक प्रावधानों के तहत राज-सत्ता के लिए होने वाले चुनाव में इसे मुद्दा नहीं बनाया जा सकता है.

> चुनावी फायदे या राज–सत्ता की लगाम हाथ में लेने के लिए 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' का राग अलापना, मत और हिम्मत देनेवाली लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वासघात की कोशिश के अलावा दूसरा क्या हो सकता है! भारत की राष्ट्र–शक्ति का सार और भारत के नायकत्व का आधार समन्वय की प्रवृत्ति में है. विग्रह–बुद्धि राष्ट्र–शक्ति को कमजोर और इसके नायकत्व को खंडित करती है.

## चौथे स्तंभ की सजगता से ही जनतंत्र को मजबूती

• मीडिया

विश्वनाथ सचदेव

देश का प्रधानमंत्री कुछ भी कहे उसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए, उस पर चर्चा भी होनी चाहिए. पर हाल ही में पटना के एक चुनावी आयोजन में उन्होंने एक पत्रकार से जो कुछ कहा, उसके बजाय उनका एक पत्रकार से रोड शो के दौरान बात करना कहीं अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है. पिछले दस साल के शासनकाल में हमारे प्रधानमंत्री ने देश में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित नहीं किया है. हां, कुछ पत्रकारों से अलग-अलग बातचीत अवश्य करते रहे हैं, पर इन सारी मुलाकातों को 'प्रायोजित' ही समझा जाता रहा है. यह भी अपने आप में कम महत्वपूर्ण नहीं है कि ऐसी मुलाकातों में से एक जो सबसे ज़्यादा चर्चित रही है, उसमें प्रधानमंत्री से 'आप आम कैसे खाते हैं' जैसे सवाल पूछे गये थे! बहरहाल, एक टीवी चैनल के पत्रकार से रोड शो के दौरान हुई बातचीत की घटना को अखबारों की सुर्खी बनना ही था. चैनलों पर भी इस मुलाकात को लेकर विशेष चर्चाएं आयोजित हुईं. यह भले ही किसी को याद न रहा हो कि इस बातचीत में क्या मुद्दे उठाये गये, पर यह सब को याद होगा कि दस साल की चुप्पी के बाद प्रधानमंत्री ने इस तरह से पत्रकार के सवालों का जवाब दिया. इस बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं, विभिन्न राय हो सकती हैं, पर मीडिया को लेकर प्रधानमंत्री के रुख में आया यह परिवर्तन स्वागतयोग्य है. उम्मीद की जानी चाहिए कि पत्रकार-समाज इस अवसर का समुचित उपयोग करने की कोशिश करेगा. उम्मीद यह भी की जानी चाहिए कि यदि पत्रकारों को आगे भी ऐसे अवसर मिलते हैं तो पत्रकार निर्भीकता और ईमानदारी के साथ सवाल पूछेंगे और उन्हें समुचित उत्तर मिलेंगे. बात सिर्फ सवाल पूछने और उत्तर मिलने तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, यदि किसी सवाल का सम्यक उत्तर नहीं मिलता तो पत्रकार से यह अपेक्षा की जाती है कि वह निर्भीकतापूर्वक पूरा उत्तर प्राप्त करने की कोशिश करेगा. इस संदर्भ में मुझे एक बड़े अखबार के बड़े पत्रकार की ऐसी ही बातचीत याद आ रही है. पत्रकार ने प्रधानमंत्री से पूछा था- चुनाव प्रचार में इस बार धर्म-आधारित भाषण ज़्यादा हो रहे हैं, आप इन्हें कैसे देखते हैं? इस प्रश्न का जो उत्तर प्रधानमंत्री ने दिया, वह इस प्रकार छपा है : 'आप कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखिए. उसके शहजादे का भाषण देखिए. मनमोहन सिंह की सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखिए. उसमें सिर्फ और सिर्फ तुष्टीकरण की भावना नज़र आयेगी. तुष्टीकरण कांग्रेस का मूल स्वभाव बन गया है. इसके बिना उनकी राजनीति नहीं चल सकती. यह मेरा दायित्व है कि मैं तथ्यों को देश के सामने रखूं. मैं उनका पिछला ट्रेक रिकॉर्ड जनता को बता रहा हूं. वो किस सोच के तहत काम करते हैं, ये देश को जानना आवश्यक है.' पता नहीं जो चार सवाल और उनके उत्तर अखबार में छपे हैं इसके अलावा भी प्रधानमंत्री जी ने कुछ कहा था, लेकिन यह एक उत्तर पूछे गये सवाल के साथ न्याय नहीं करता. चुनाव में धर्म आधारित भाषण की बात सभी दलों पर लागू होती है. प्रधानमंत्री जी से यह पूछा जाना चाहिए था कि सवाल भाजपा के नेताओं से भी संबंधित है और उनसे यह अपेक्षा है कि वे बतायेंगे कि भाजपा के नेता ऐसा क्यों कर रहे हैं? लेकिन यह पूछा नहीं गया और न ही स्वयं प्रधानमंत्री जी ने इस बारे में कुछ कहना जरूरी समझा. यह पहली बार नहीं है कि चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों द्वारा धर्म का सहारा लेने की बात उठी है. लगभग हर चुनाव में धर्म की बैसाखी का सहारा लेकर चुनावी लाभ लेने की कोशिशें हुई हैं. हमारा संविधान इस बात की इजाज़त नहीं देता. धर्म के नाम पर मतदाता को बांटना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं समझा जाना चाहिए. 'राम मंदिर पर बाबरी ताला' जैसी बात कहना अपने आप में मर्यादा की लक्ष्मण रेखा के उल्लंघन से कम नहीं है. किसी राजनेता का किसी भी मंदिर में जाना कतई ग़लत नहीं है. हर एक को अपनी आस्था और श्रद्धा का सम्मान करने का अधिकार है. इस संदर्भ में किसी को किसी से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए. शिकायत सिर्फ इस बात की होनी चाहिए कि हमारे राजनेता धर्म के नाम पर वोट मांगकर हमारे संविधान का अपमान कर रहे हैं. धर्म आधारित भाषण वाले सवाल के उत्तर में प्रधानमंत्री को यह बताना चाहिए था कि वह धर्म के इस दुरुपयोग का समर्थन नहीं करते; उन्हें कहना चाहिए कि पंथ-निरपेक्ष देश में धर्म के नाम पर राजनीति करने का किसी को कोई अधिकार नहीं है. अर्सा हुआ, प्रधानमंत्री एक इंटरव्यू को अधूरा छोड़कर उठ गये थे. उठते-उठते उन्होंने कहा था, '...हमारी दोस्ती बनी रहे.' उम्मीद की जानी चाहिए कि पटना की उस रैली में प्रधानमंत्री ने जो पहल की है, वह इस 'दोस्ती' को बनाये रखने में मददगार होगी.

> यह पहली बार नहीं है कि चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों द्वारा धर्म का सहारा लेने की बात उठी है. लगभग हर चुनाव में धर्म की बैसाखी का सहारा लेकर चुनावी लाभ लेने की कोशिशें हुई हैं. हमारा संविधान इस बात की इजाज़त नहीं देता. धर्म के नाम पर मतदाता को बांटना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं समझा जाना चाहिए.

### मीडिया में अन्यत्र

## चाबहार पोर्ट को लेकर ईरान संग करार

**अटल बिहारी वाजपेयी** की सरकार के नेतृत्व में अपनी परिकल्पना के दो दशक से ज्यादा समय बाद और नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा चाबहार में अंतरराष्ट्रीय परिवहन और ट्रांजिट कॉरिडोर की स्थापना संबंधी समझौते के आठ वर्ष बाद आखिरकार भारत और ईरान ने सोमवार को 10 वर्षीय परिचालन अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए. भारत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स ऐंड मैरीटाइम ऑर्गनाइजेशन (पीएमओ) के बीच हुए समझौते में भारतीय कंपनी ने बंदरगाह को उपकरण संपन्न बनाने और संचालन के लिए करीब 12 करोड़ डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है. अधोसंरचना को पूरा करने के लिए 25 करोड़ डॉलर की रुपी क्रेडिट की बात भी कही गई है. समझौते का तात्कालिक महत्त्व तो यही है कि यह उपकरणों की खरीद को लेकर छह साल से चला आ रहा गतिरोध समाप्त करता है. आपूर्तिकर्ता आईपीजीएल को ऋण देने के अनिच्छुक रहे, क्योंकि वे ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों से आशंकित थे. नए समझौते के तहत पीएमओ आईपीजीएल की ओर से उपकरण खरीदेगा और धनराशि संयुक्त अरब अमीरात में स्थित एक ईरानी कंपनी को रिफंड की जाएगी. इससे पहले अप्रैल में भारत और म्यांमार के बीच एक समझौता हुआ था, जिसमें म्यांमार और भारत के पूर्वोत्तर इलाके के बीच संपर्क मजबूत करने के लिए सितवे बंदरगाह का पूरा संचालन आईपीजीएल के संभालने की बात शामिल थी. चाबहार परियोजना को चीन की विशाल बेल्ट और रोड पहल का भारतीय जवाब माना जा रहा है. अगर मान भी लें कि यह बढ़ाचढ़ाकर कही गई बात है तब भी यह भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि नौवहन, बंदरगाह और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल आम चुनाव के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर करने तेहरान पहुंचे. चाबहार का पूरा नाम शाहिद बहेश्ती बंदरगाह को ग्वादर के प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जा रहा है. ग्वादर वह बंदरगाह है, जिसे चीन पाकिस्तान में विकसित कर रहा है. चाबहार भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया से संपर्क मुहैया कराएगा. इसके इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ परिवहन गलियारे से जुड़ाव की संभावना इसकी संभावनाओं का विस्तार करती है. यह भारत, रूस और ईरान की संयुक्त परियोजना है, जो हिंद महासागर और पर्शिया की खाड़ी को एक जमीन स्थित मल्टी मॉडल कॉरिडोर के जरिये सेंट पीटर्सबर्ग तथा उत्तरी यूरोप से जोड़ेगी. चाबहार को मोदी सरकार के लिए इतना अहम माना जा रहा था कि अफगानिस्तान तक पहुंच को वजह बताते हुए डॉनल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन से बाकायदा रियायत चाही गई थी. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## उतरन/उतरना

**पन्द्रह** मिनट विमानु घुमावा, तबहिं कहूं वह उतरन पावा.....अमीरों की उतरन से गरीब लोग अपनी लाज ढांपते हैं...कृपया अपने उतरे हुए ही कपडे दे दीजिये, मैं उतरन ही पहन लूंगा. इन तीनों वाक्यों में उतरन शब्द का प्रयोग हुआ है. उतरन हिंदी भाषा का देशज संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. पहले वाक्य में 'उतरन पावा' का मतलब है उतर पाया, लेकिन दूसरे और तीसरे वाक्य में उतरन का मतलब उतारा हुआ है. विशेष कर उतारे हुए पुराने वस्त्र, कान के ऊपरी भाग में पहनने का छोटा कुंडल, कनौसी जो एक टोटका के रूप में मरांछ बच्चे को पहनाया जाता है), सिलाई, कसीदाकारी के नमूने को अंकित करने का कपड़े का टुकड़ा. इसके समानार्थी हैं अवक्रम, अवतरण, अवरोह, अवरोहण, अवसर्पण, उतरना, उतराई, उतरान. उतरन एक हिंदी धारावाहिक है, जिसका प्रसारण टीवी चैनल कलर्स पर 1 दिसंबर 2008 से 16 जनवरी 2015 तक हुआ था. उतरन का एक अर्थ तो उतरना है ही, लेकिन उतरना शब्द भी अनेकार्थी है. हिंदी शब्दसागर के अनुसार उतरना अकर्मक क्रिया है और इसका मतलब है अपनी चेष्टा से ऊपर से नीचे आना, ऊंचे स्थान से संभलकर नीचे आना, ढलना, अवनति पर होना, घटाव पर होना, शरीर में किसी जोड़ या नस या हड्डी का अपनी जगह से हट जाना, फीका पड़ना, जैसे धूप खाते खाते उसका रंग उतर गया है या उसका चेहरा उतर गया. जब यह कहा जाये कि उसका नशा या विष उतर गया तो उसका मतलब है, उसका उग्र स्वभाव या उद्वेग दूर हो गया. उतरना का मतलब भाव का कम होना, डेरा करना, ठहरना, टिकना, नकल होना, खिंचना, अंकित होना, जैसे तुम्हारी तस्वीर कहां उतरेगी, ये सभी कविताएं तुम्हारी कॉपी पर उतरी है. लगी या लिपटी वस्तु को अलग होना, सफाई के साथ कटना. जैसे एक ही वार में बकरे का सिर उतर गया. धारण की हुई वस्तु का अलग होना, जैसे उसके तन से सारे जेवर उतर गये. कुश्ती या युद्ध के लिए अखाड़े या मैदान में आना.

## पान खाये सइयां हमारो, सांवली सुरतिया...!

• तीर-तुक्का

डॉ. रामवृक्ष सिंह



तीसरी कसम सिनेमा में वहीदा जी पर फिल्माए गए इस गीत को जब हम बचपन में देखते थे तो मन में बड़ी हूक-सी उठती थी. उस समय हमें पान खाना बहुत शानदार काम लगता था. इसी उमंग में हम बच्चे से युवा हो गए. फिर बच्चन जी पर फिल्माया गया गाना आया- खइके पान बनारस वाला. अब तो पक्का हो गया कि पान खाना बड़ी इज्जत अफजाई का काम है. परंपरागत रूप से भी हम हिन्दुस्तानियों ने पान को बड़ी हसरत की नज़र से देखा है. पहले राजा-महाराजाओं को कोई काम कराना होता था तो बड़े-बड़े ज्ञानी-ध्यानी और शूर-वीरों से भरी महफिल में पान का बीड़ा तश्तरी पर रखकर आगे बढ़ाया जाता था. जो व्यक्ति बीड़े को उठा लेता था, वह एक प्रकार से उस कठिन कार्य को करने का जिम्मा ले लेता था. इसी को बीड़ा उठाना कहते थे. पान की गिलौरी देकर लोग एक-दूसरे का सम्मान करते थे. बड़ी चीज थी पान. यदि ऐसा न होता तो राजा-महाराजाओं, नवाबों और रईसों के यहां पान के शानदार, बेशकीमती डिब्बे, तश्तरियां और रकाबियां क्यों रखी जातीं? पान लगाने के लिए बांदियों की फौजें न होतीं और खूब कीमती सुन्दर व भव्य उगलदान लिए हुजूर की पीक समेटने को बेताब उनके आगे-पीछे घूमते नौकरों का भी तब क्या काम रह जाता? इसीलिए हम कह रहे हैं कि बड़ी चीज थी पान. रहीम ने न जाने किस झक में कह दिया- रहिमन पानी राखिए. सच्चाई तो यह है कि पानी रखने का जमाना तो अब आया है, जब लोग बगल में बिसलरी की बोतल दबाए फिरते हैं, जबकि पान रखने की रवायत सदियों पुरानी है. बड़े-बड़े लोग अपने साथ नौकर रखते थे जो पान की संदूकची लिए हुजूर के पीछे-पीछे चलते थे. उनकी नकल में छोटे लोग भी अंटी में पान दबाए घूमते थे. जो काम ढेरों रुपया देकर भी न हो, उसके लिए बस एक बीड़ा पान काफी होता था. मैं खुद एक ऐसे पान वाले को जानता हूं, जो एक विकास प्राधिकरण के बाहर ठिलिया पर बैठता था. प्राधिकरण के बाबुओं को पान खिला-खिलाकर उसने ऐसा पटाया कि कुछ ही दिनों में प्लाटों का दलाल बन गया. देखते-देखते उसने शहर के कई इलाकों में बड़ी-बड़ी संपत्तियां पैदा कर लीं और आज कई करोड़ का मालिक है. उसके बड़े-बड़े शोरूम हैं. सब पान की महिमा है. इसीलिए तो हमारा सुझाव है कि रहीम मियां को कहना था-रहिमन पान खिलाइए, बिना पान सब सून. पान खिलाकर पाइए दिल्ली से रंगून. नवाब और राजा-महाराजा चले गये. पान रह गया. उसकी शान में इजाफा करने के लिए लोगों ने गीत रच दिए-पान खाए सैयाँ हमारे. खइके पान बनारस वाला. लौंगा इलायची का बीड़ा लगाया...तो इसी खुमारी में हम एक दिन बच्चे से जवान हो गए.

# बायोस्कोप

फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में 25 मई तक चलने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सितारों के जलवों का जमाना दीवाना हो रहा. ऐश्वर्या राय, उर्वशी रौतेला, कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी, शोभिता धुलिपाला...रेड कार्पेट पर छा जाने के लिए एक से एक एक्ट्रेस हैं जो अपने लुक और अपनी अदा से दीवाना बना रही हैं.





## हमारे सितारों से रोशन 'कान 2024'

# कोई गिरा रहीं बिजलियां किसी की अदा जानलेवा

14 मई से शुरू हुए कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सितारों का जलवा सिर चढ़ कर बोल रहा है. रेड कार्पेट पर वॉक कर कुछ ने फैंस के दिल की धड़कन बढ़ा दी तो कुछ के लुक के दीदार के लिए सांस थामे लोग इंतजार में बैठे हैं. ऐश्वर्या राय और उर्वशी रौतेला ने अपने लुक और अदा से दीवाना बना दिया. कियारा आडवाणी, अदिति राव हैदरी, शोभिता धुलिपाला के 'रेड कार्पेट' पर जलवे का भी लोगों को शिद्दत से इंतजार है. बता दें कि इस वर्ष कई सारे डिजिटल क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर भी 'कान फिल्म फेस्टिवल' में अ प न ा पदार्पण करने जा रहे हैं. इसमें कुछ नए भारतीय चेहरे भी देखने को मिलेंगे जिसमें, आरजे करिश्मा, नैन्सी त्यागी, निहारिका, अंकुश बहुगुणा और अन्य लोग शामिल हैं.

### ऐश्वर्या का जादू फिर चला

बॉलीवुड डीवा ऐश्वर्या ने फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी 21वीं उपस्थिति दर्ज करवाई है, जिसके लिए उनके फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. 14 जून को रेड कार्पेट कार्यक्रम शुरू होने के बाद से, फैशन लवर्स ऐश्वर्या के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि उन्होंने अपने फैंस को बिल्कुल निराश नहीं किया. हर बार की तरह इस बार भी उनका लुक तारीफ बटोर गया.

मेगालोपोलिस के प्रीमियर के लिए एक्ट्रेस ने ब्लैक एंड व्हाइट कलर की ड्रामाटिक फ्लोर-स्वीपिंग गाउन पहनर रेड कार्पेट पर जब आईं तो हर किसी की नजर बस उन्हीं पर टिकी रह गई. गाउन में कई तरह के एलिमेंट्स का इस्तेमाल कर इसे एक शानदार थ्री डी लुक दिया गया. गाउन में दिए गए ट्रेल पर हैंड मेड गोल्डन फूलों को सजाया गया. ऑफ-द-शोल्डर स्वीटहार्ट नेकलाइन, कॉर्सेटेड चोली, बॉडीकॉन फिट और आकर्षक फिशटेल हेमलाइन थी. इसे ओवरसाइज़्ड सफ़ेद पफ स्लीव्स के साथ जोड़ा गया. इस ड्रेस को डिजाइनर फाल्गुनी शेन पीकॉक ने तैयार किया है.

एसेसरीज मिनिमल रखा. केवल ओवरसाइज्ड गोल्डन हूप इयररिंग्स की एक जोड़ी, उंगली पर सजी एक स्टेटमेंट रिंग और ऊंची हील की सैंडल के साथ स्टाइल किया. ग्लैम मेकअप लुक में स्मोकी आईशैडो, स्मज्ड विंग्ड आईलाइनर, मस्कारा वाली पलकें, गहरी भौहें, कंटूर चीकबोन्स, गुलाबी गाल और न्यूड लिपस्टिक का शेड को शामिल किया. हेयरस्टाइल के लिए उन्होंने बालों को सॉफ्ट कर्ल में स्टाइल करके और बीच से पार्टिंग कर कर अपना रेड कार्पेट लुक पूरा किया.

### गुलाबो बन जब उतरी उर्वशी रौतेला

77 वें कान फिल्म फेस्टिवल में उर्वशी रौतेला के लुक भी छाए हुए हैं. उनका पहला लुक कांस फेस्टिवल को गुलाब सा महका गया जब गुलाबी रंग की ड्रेस कातिलाना अंदाज में पहन कर वे रेड कार्पेट पर नजर आईं. दूसरा लुक भी मदहोश करने के लिए काफी था जब वे रेड वाइन गाउन में अदा दिखाती नजर आईं. अब तक इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि उर्वशी के गाउन को किस डिजायनर ने बनाया, पर इतना तय है कि इसमें उनका लुक कमाल का नजर आ रहा. ड्रेस के साथ ही साथ उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी लोगों को खूब पसंद आ रहा है. उन्होंने अपने लुक को सिंपल रखते हुए हल्के गहनों और मिनिमल मेकअप का सहारा लिया.



### कियारा का डेब्यू

केजीएफ स्टार यश की फिल्म टॉक्सिक की लीड एक्ट्रेस के रूप में अभी अभी कियारा आडवाणी का नाम कंफर्म किया गया है. कांस फिल्म फेस्टिवल में भी कियारा डेब्यू कर रही हैं. कियारा आडवाणी, कान्स फिल्म फेस्टिवल में वैनिटी फेयर द्वारा आयोजित सिनेमा गाला डिनर में हिस्सा लेंगी. ये दुनियाभर से 6 महिलाओं को एक साथ लाएगी और एंटरटेनमेंट की दुनिया में उनके योगदान के लिए सम्मान देगी. कियारा आडवाणी जिस पैनल का हिस्सा होंगी, वो है रेड सिनेमा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल.



## हीरामंडी की अदिति का दिखेगा जलवा

अदिति राव हैदरी इस बार भी कान में बिजलियां गिराने के लिए तैयार हैं. फैंस को याद होगा कान 2023 के रेड कार्पेट पर पीले रंग की लेयर्ड माइकल सिन्को गाउन में अदिति राव की मौजूदगी ने क्या कहर ढाया था. इस अनोखे रफ़ल बॉल गाउन में उन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया. इस बार फैंस दिल थाम कर उनके लुक और उनकी अदा का इंतजार कर रहे हैं.

कान के लिए रवाना होने से पूर्व अदिति राव हैदरी ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि, 'मैं लॉरियल पेरिस की प्रवक्ता के रूप में इस प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हूं. इस साल फेस्टिवल की जो थीम है, मैं उससे कई तरीकों से मेल खाती हूं'. बता दें कि इस साल कान फिल्म फेस्टिवल की थीम है- 'मैनी वेज टू बी एन आइकन' यानि 'एक आइकन बनने के कई तरीके'.

## बिग बॉस ओटीटी 3 में इस बार सलमान की नो इंट्री!



बिग बॉस ओटीटी 3 का जहां लोग शिद्दत से इंतजार कर रहे, वहीं एक सवाल यह भी है क्या सलमान खान इस बार शो को होस्ट नहीं करेंगे. ऐसी चर्चा है कि मेकर्स को उनकी डेट नहीं मिल रही.


बता दें कि बिग बॉस ओटीटी के पहले सीज़न को करण जौहर ने होस्ट किया था. दूसरे सीज़न में सलमान खान की वापसी हुई. अब खबर आ रही है कि बिग बॉस ओटीटी 3 से सलमान खान दूरी बना सकते हैं. क्योंकि इस शो के डेट्स उनकी फिल्म सिकंदर की शूटिंग से टकरा रहे हैं. ऐसे में 'बिग बॉस' के मेकर्स अन्य सेलेब्रिटीज़ के साथ बातचीत कर रहे हैं जिसमें संजय दत्त, अनिल कपूर और करण जौहर जैसे नाम शामिल हैं. रिपोर्ट्स की मानें, तो बीबी ओटीटी 3, जून के पहले हफ्ते से शुरू होने वाला है.

## बरकरार है अनुपमा की ठसक तलाक से नाराज हैं दर्शक

टीआरपी रेटिंग में अनुपमा ने एक बार फिर बाजी मारी. दूसरे नंबर पर तीन शोज जबर्दस्त कॉम्पटीशन में हैं. अनुपमा 2.3 की टीआरपी रेटिंग के साथ टॉप पोजिशन पर बरकरार है. इन दिनों अनु सुपरस्टार शेफ प्रतियोगिता जीतने के सपने को जी रही है, पर जल्द ही इस पर पानी फिरने वाला है.

टीवी के तीन शो एक ही नंबर पर अटके हैं. इनमें झनक झनक, ये रिश्ता क्या कहलाता है और गुम है किसी के प्यार में शामिल है. इन तीनों टीवी सीरियल को इस हफ्ते 1.9 की रेटिंग मिली है. हिबा नवाब और क्रुशाल आहूजा झनक झनक की सफलता के कारण इन दिनों टीवी की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में से एक हैं. ये रिश्ता क्या कहलाता है में ऐसा लगता है कि अभीरा और अरमान का तलाक दर्शकों को पसंद नहीं आया है. वहीं गुम है किसी के प्यार में की कहानी भी इन दिनों जिस ट्रैक पर चल रही है, दर्शक बहुत खुश नहीं नजर आ रहे.





हस्ताक्षर



विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार




# मतदान के प्रति उत्साह जगा सकता है सिनेमा

कुछ फिल्में होती तो बहुत साधारण हैं, लेकिन उसके कुछ एक दृश्य इतने प्रभावशाली होते हैं कि वर्षों बाद भी स्मृतियों में बने रह जाते हैं. 1996 में डेविड धवन के निर्देशन में 'लोफर' का एक ऐसा ही दृश्य है जो हर आम चुनाव के समय जेहन में तैर जाता है. यह फिल्म मूल तमिल में बनी थी, बाद में यह तेलगु में 'एसेम्बली राउडी' और कन्नड में 'राउडी एंड एम एल ए' टाइटिल से बनी. टाइटिल से ही फिल्म की कहानी का अंदाजा लगाया जा सकता है.

**सिनेमा का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता, यह शब्दों में बयां करने की दरकार नहीं. पहनावा, खान पान यहां तक की हमारी सोच भी इससे प्रभावित होती है. ऐसे में मतदान जैसे अहम मुद्दे पर, सिनेमा जैसे सबसे लोकप्रिय जनसंचार माध्यम की थोड़ी अधिक सक्रियता अपेक्षित है.**

### जब दिखी एक वोट की कीमत






कोई काशीपुर विधानसभा क्षेत्र है, जिसके विधायक (गुलशन ग्रोवर) का मुख्य काम ही अपराध और वसूली है. पूरे शहर में हर दुकान के साइनबोर्ड पर उसके ही गुंडे का नाम लिखा है. उसके आतंक के डर से कोई भी विरोध नहीं करता. शहर में नए आए एक शिक्षक परिवार के लिए यह सब अजीब है. उनका बेटा रवि (अनिल कपूर) इसके विरोध में खड़ा होता है, लेकिन विधायक एक झूठे केस में फंसा कर उसे जेल भिजवा देता है. पूरा शहर रवि के साथ है, लेकिन विधायक के डर से कोई सामने नहीं आता. शहर में चुनाव होना है, रवि के पिता उसे जेल से चुनाव लड़ने को तैयार करते हैं ताकि विधायक के आतंक का खात्मा किया जा सके. मतदान का दिन है, विधायक के गुंडों ने मतदान केंद्र के 100 मीटर की दूरी के बाहर घेरा डाल रखा है ताकि कोई भी मतदान केन्द्र तक पहुंच ही नहीं सके. पूरा शहर डर से घर में बंद है, तभी एक बूढ़ा लाठी टेकते घर से निकलता है. गुंडे रोकते हैं, वह कहता है अब इस उम्र में उसे जान का क्या डर. गुंडे उसके हिम्मत का मजाक उड़ाकर जाने देते हैं कि एक वोट से बिगड़ जाएगा. बूढ़े का हौसला देख सारा शहर वोट देने उमड़ पड़ता है, और गुंडों को भागना पड़ता है. जाहिर है चुनाव परिणाम रवि के पक्ष में आता है और विधायक के आतंक का अंत होता है.

मतदान के महत्व को रेखांकित करती गिनती की फिल्में ही हिंदी में बनी हैं, मतदान का दृश्य भी याद करें तो गिने चुने फिल्मों में दिखाई दे सका है. ऐसे में 'लोफर' का यह दृश्य सुकून देता है. यह दृश्य एक वोट की ताकत भी दिखाता है, और वोट के माध्यम से समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति की सबसे मजबूत आदमी पर जीत भी. जो कहते हैं, एक वोट से क्या होगा, फिल्म कहती है, होगा तो एक ही वोट से ही.

### जब जंगल में हुई वोटिंग

मतदान के प्रति कुछ ऐसी ही जिद 2017 की फिल्म 'न्यूटन' में भी दिखी थी. लोफर में बैलेट से चुनाव था, तो न्यूटन में ईवीएम दिखता है. फिल्म में एक नए अधिकारी की मतदान के प्रति निष्ठा दिखाने की कोशिश की गई है. एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में, जहां मतदान केन्द्र के नाम पर बीच जंगल में बस टूटी हुई कुछ दीवारे हैं, सभी अनुभवी अधिकारी मतदान की खानापूर्ति पर जोर देते हैं. जबकि पीठासीन पदाधिकारी की जवाबदेही पूरी कर रहा युवा अधिकारी सही तरीके से मतदान करवाने की जिद पकड़ लेता है. जिन्होंने देखी होगी कहने की जरुरत नहीं, पूरी फिल्म इसी भागमभाग में है. अंत में एक अद्भुत दृश्य है, जब नक्सलियों के डर से समय से थोड़ा पहले ही मतदान केंद्र से वोटिंग मशीन लेकर सभी कर्मी निकल पड़ते हैं, रास्ते में चार लोग आ जाते हैं, मुझे वोट देना है. और उनके लिए मशीन खोली जाती है, और बीच जंगल में वे वोट डालते हैं. जो अधिकारी वोट डलवा रहे, उन्हें भी भय है कि नक्सली की गोली किधर से भी आ सकती है, और ग्रामीणों को भी कि कल उन्हें इस वोट की कीमत जान देकर चुकानी पड़ सकती है. यह है वोट पर विश्वास जो नक्सलियों के बीच रहते हुए भी लोगों ने अपने दिलों में सुरक्षित रखी है.




वास्तव में मतदान जैसे मुद्दे पर, सिनेमा जैसे सबसे लोकप्रिय जनसंचार माध्यम को थोड़ा अधिक सक्रिय होने की आवश्यकता है. सिनेमा के कहने पर हम अपने बालों की स्टाइल बदल सकते तो मतदान के लिए तो निकल ही सकते.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### अब तक कुछ बेहद शानदार मैच देखने को मिले हैं, अभिषेक शर्मा ने चौंकाया, शीर्ष तीन में दो भारतीय

# आईपीएल 2024 में चौके से ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

एजेंसी। नयी दिल्ली

आईपीएल 2024 में अब तक कुछ बेहद शानदार मैच देखने को मिले हैं. इस सीजन अब तक 37 बार 200 के स्कोर बने हैं, जो कि आईपीएल 2023 के बराबर आंकड़े हैं. वहीं, इस सीजन चार बार उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड भी टूटा, जबकि सबसे बड़े चेज का भी रिकॉर्ड बना. इस सीजन अब तक 1133 छक्के और 1978 चौके लग चुके हैं. यह पिछले सीजन से काफी ज्यादा हैं. अब तक आईपीएल के किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगने का रिकॉर्ड 2023 में था.

आईपीएल 2023 में 1124 छक्के लगे थे. इस सीजन सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने तहलका मचा रखा है. अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने ओपनिंग करते हुए कुछ ऐसे रिकॉर्ड बनाए हैं, जो शायद ही किसी ने सोचा होगा. इन दोनों ने टीम को तूफानी शुरुआत दिलाई है. इतना ही नहीं इस सीजन कुछ ऐसे बल्लेबाज भी रहे हैं जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं. इस मामले में शीर्ष तीन में दो भारतीय हैं.



आईपीएल 2024 में 12 ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने चौके से ज्यादा छक्के लगाए हैं. इस लिस्ट में उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है जिन्होंने इस सत्र में कम से कम 10 छक्के लगाए हों. इस सीजन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में अभिषेक शीर्ष पर हैं. उन्होंने अब तक आईपीएल 2024 में 35 छक्के और 30 चौके लगाए हैं. अभिषेक भले ही टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में न चुने गए हों, लेकिन वह ओपनिंग के तौर पर नई खोज रहे हैं.

अभिषेक अब तक इस सीजन 12 पारियों में 36.45 की औसत और 205.64 के स्ट्राइक रेट से 401 रन बनाए हैं. वहीं, सनराइजर्स के ही हेनरिक क्लासेन चौके से ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. उन्होंने इस सत्र में 31 छक्के और 12 चौके लगाए हैं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं. उन्होंने अब तक 27 छक्के और 17 चौके लगाए हैं.

**आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

| बल्लेबाज | मैच | रन | छक्के |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 12 | 401 | 35 |
| विराट कोहली | 13 | 661 | 33 |
| सुनील नरेन | 12 | 461 | 32 |
| ट्रेविस हेड | 11 | 533 | 31 |
| रियान पराग | 13 | 531 | 31 |
| हेनरिक क्लासेन | 12 | 339 | 31 |
| निकोलस पूरन | 13 | 424 | 28 |
| शिवम दुबे | 13 | 389 | 28 |
| जेक फ्रेजर-मैकगर्क | 9 | 330 | 28 |
| रजत पाटीदार | 13 | 320 | 27 |

## संन्यास का फैसला अंतर्मन की आवाज पर लिया : सुनील छेत्री

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के बाद संन्यास का फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया और घरेलू सर्किट पर अपने उत्तरदायित्व पूरे करने के बाद वह ब्रेक लेना चाहेंगे. 39 वर्ष के छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है. इसके साथ ही 19 बरस के उनके सुनहरे कैरियर पर भी विराम लग जाएगा, जिसमें उन्होंने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल भारत के लिये सर्वाधिक 94 गोल किये. छेत्री ने वर्चुअल बातचीत में कहा, संन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया. मैं अभी भी फिट हूं, दौड़ रहा हूं , डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है.. यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया. उन्होंने हालांकि मानसिक स्वास्थ्य के मसले पर विस्तार से कुछ नहीं कहा. मौजूदा दौर में विभिन्न खेलों में यह खिलाड़ियों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है. छेत्री ने कहा, मैं खुद से लड़ रहा था. समग्र रूप से सोचने की कोशिश कर रहा था और अचानक यह फैसला लिया. एक साल बेंगलुरु एफसी के लिये खेलूंगा. घरेलू फुटबॉल कब तक खेलूंगा , पता नहीं. उसके बाद ब्रेक लूंगा. यह पूछने पर कि बतौर खिलाड़ी कैरियर खत्म होने पर क्या वह कोचिंग के बारे में सोचेंगे.

### ब्रीफ खबरें

#### ब्राजील में होगा 2027 फीफा विश्व कप

**बैंकॉक।** ब्राजील में 2027 महिला फुटबॉल विश्व कप होगा चूंकि फीफा के पूर्णकालिक सदस्यों ने बेल्जियम, नीदरलैंड और जर्मनी के संयुक्त प्रस्ताव पर दक्षिण अमेरिकी देश को तरजीह दी है. फीफा कांग्रेस ने ब्राजील के पक्ष में 119 वोट दिये जबकि संयुक्त यूरोपीय बोली को 78 वोट मिले. अमेरिका और मैक्सिको ने संयुक्त प्रस्ताव पिछले महीने वापिस ले लिया था जबकि दक्षिण अफ्रीका ने नवंबर में अपनी दावेदारी वापिस ले ली थी.

#### मैच फिक्सिंग में कप्तान समेत तीन गिरफ्तार

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया. इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया. पुलिस का कहना है कि जीतने के लिए सैकड़ों हजार डॉलर की राशि दी गयी.

#### बांग्लादेश से अभ्यास मैच खेलेगा भारत

**दुबई।** भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया. मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया गया है. विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी. दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी.

#### शारजाह शतरंज में निकोलस से हारे अर्जुन

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में यूनान के निकोल थियोडोरोउ से हार गए. उन्होंने हालांकि तीसरे दौर में स्विटजरलैंड के निकोलाइ काचेरावा को हराया और लाइव रेटिंग में आठवें स्थान पर बने हुए हैं. भारत के अरविंद चिदंबरम ने अजरबैजान के मुरादली मुहम्मद को हराया.

### आईपीएल संभावना: बारिश बन सकती है आज के मैच में भी बाधा

# आखिरी प्लेऑफ स्थान के लिए आरसीबी और सीएसके में टक्कर

एजेंसी। बेंगलुरु

लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी, लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है. हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई हैं. अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं. बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0 . 528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है. इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है. वहीं आरसीबी के 12 अंक हैं और उसका नेट रनरेट 0 . 387 है.

मौसम विभाग ने शनिवार को बारिश की भविष्यवाणी की है. अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जाएगी. वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी. आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं. छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है. आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं. कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके. मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं. महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे. आरसीबी के गेंदबाजों में यश दयाल ने इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लिये हैं. लॉकी फर्ग्युसन, मोहम्मद सिराज, ग्रीन और स्वप्निल सिंह के सामने कड़ी चुनौती है. चेन्नई के लिए कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद है. सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने भी उपयोगी पारियां खेली हैं. पिछली चार पारियों में नाकाम रहे शिवम दुबे से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है. गेंदबाजी में तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है. टीम को मुस्ताफिजूर रहमान, मथीषा पथिराना और दीपक चाहर की कमी खल रही है. महेंद्र सिंह धौनी की मौजूदगी चेन्नई के लिए प्रेरणास्रोत है लेकिन देखना होगा कि वह चोट के बीच कितना योगदान दे पाते हैं.



**टीमें** — मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा.

**चेन्नई सुपर किंग्सः** रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रचिन रविंद्र, अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, समीर रिजवी, एमएस धौनी, महीष तीक्षणा, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर, शाइक रशीद, मोईन अली, निशांत सिंधू, मिचेल सेंटनेर, अजय जादव मंडल, प्रशांत सोलंकी, मुकेश चौधरी, सिमरनजीत सिंह, आर एस हंगरगेकर, अरावेली अवनीश.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान.

### अर्श से फर्श पर आई अंबानी की टीम

# खराब कप्तानी के साथ गलत फैसलों ने मुंबई को किया फ्लॉप

एजेंसी। मुंबई

आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा. हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस प्लेऑफ के लिए क्वॉलीफाई करने में नाकाम रही. मुंबई इंडियंस के 13 मैचों में महज 8 प्वॉइंट्स हैं, यह टीम प्वॉइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है. लेकिन सवाल है कि मुंबई इंडियंस की टीम का हाल इतना बदतर कैसे हुआ? आईपीएल की सबसे कामयाब टीमों में शुमार मुंबई इंडियंस का बेड़ा गर्क कैसे हुआ? दरअसल, इस सवाल के जवाब में क्रिकेट के जानकार अलग-अलग राय देते हैं, लेकिन ज्यादातर जानकारों का मानना है कि मुंबई इंडियंस की कप्तानी विवाद ने टीम की लुटिया डुबो दी.

**इस सीजन मुंबई इंडियंस से क्या खता हो गई :** दरअसल, आईपीएल ऑक्शन के बाद मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या को गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया. इसके बाद रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बना दिया. इससे पहले हार्दिक पांड्या 2 सीजन गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे. हालांकि, इस ऑलराउंडर ने अपने आईपीएल करियर का आगाज मुंबई इंडियंस के साथ किया था. बहरहाल, मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या को कप्तान तो बना दिया, लेकिन इसके बाद माहौल बिगड़ना शुरू हो गया. मुंबई इंडियंस को करीब से जानने वाले लोगों का मानना है कि रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला बिल्कुल गलत था, इसके बाद मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी अनाधिकारिक तौर पर 2 गुट में बंट गए.



**मुंबई इंडियंस में कप्तानी विवाद ने किया बेड़ा गर्क**

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ हैं, यानी हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने के खिलाफ हैं. लेकिन मुंबई इंडियंस के कई खिलाड़ियों का साथ हार्दिक पंड्या को भी मिल रहा है. हार्दिक पंड्या को कई मौकों पर लाइव मैच में फैंस ने निशाना बनाया. मुंबई इंडियंस के लिए कप्तानी बड़ी परेशानी बनकर सामने आई. इसके अलावा रोहित शर्मा की जगह कप्तान बने हार्दिक पंड्या मुंबई इंडियंस की कप्तानी को ठीक से अंजाम देने में नाकाम रहे. ऐसा माना जाता है कि इस सीजन हार्दिक पंड्या के कई गलत फैसलों ने मुंबई इंडियंस की उम्मीदों को धूमिल कर दिया.

## मेरे रिकॉर्ड को अभी कोई खतरा नहीं : उसेन बोल्ट

एजेंसी। नयी दिल्ली



दुनिया के सबसे तेज फर्राटा धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे.वह अपने शानदार रिकॉर्ड टूटने के प्रति जरा भी चिंतित नहीं हैं और उनका मानना है कि निकट भविष्य में इन्हें कोई खतरा नहीं है. न्यूयॉर्क से दिये साक्षात्कार में बोल्ट ने संन्यास के बाद जिंदगी, फिर से प्रतिस्पर्धा करने की इच्छा और निकट भविष्य में भारत का दौरा करने की इच्छा के बारे में बातें कीं. बर्लिन में 2009 विश्व चैम्पियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकेंड का रिकॉर्ड कायम है. बोल्ट ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इस रिकॉर्ड को कोई खतरा है. इस समय नहीं है. मुझे लगता है कि यह लंबे समय तक रहेगा. आप समझते हो, मुझे रिकॉर्ड को तोड़ने वाला कोई खिलाड़ी नहीं दिखता.

## विश्व क्वालीफायर से पहले कोरिया में अभ्यास करेंगी तीरंदाज दीपिका

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में होने वाले आखिरी ओलंपिक विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से पहले दक्षिण कोरिया में अभ्यास करेंगी. पिछले महीने शंघाई में विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद दीपिका को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में फिर से शामिल किया गया है. वह भारतीय महिला टीम का हिस्सा है जो पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने का प्रयास करेंगी. वह 13 दिन तक किम तीरंदाजी स्कूल में अभ्यास करेंगी और 14 जून से अंताल्या में होने वाले क्वालीफायर के लिए रवाना होंगी. टॉप्स के तहत मंत्रालय उनके हवाई किराये, रहने खाने, अभ्यास और स्थानीय आवागमन का खर्च उठाएगा.



मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने तीरंदाजी पुरुष और महिला टीमों को फिजियोथेरेपी उपकरण खरीदने के लिए भी वित्तीय सहायता मंजूर की है. इसके अलावा प्रवीण जाधव को तीरंदाजी उपकरण खरीदने और निशानेबाज रेइजा ढिल्लों को भारत में 11 दिन तथा इटली में एक सप्ताह अभ्यास को भी मंजूरी दे दी है. ट्रैप निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी की विजन एंड आई ट्रेनिंग कोच की गुजारिश भी मान ली गई है. एथलीट एल्डोस पॉल और किशोर कुमार जेना और बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय के अनुरोध भी मान लिये गए.

## एफआईएच प्रो लीग के लिए तैयार हैं कप्तान सलीमा टेटे

एजेंसी। बेंगलुरु



भारतीय महिला हॉकी टीम की नयी कप्तान सलीमा टेटे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से सबक लेकर बुधवार से बेल्जियम के एंटवर्प में शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नये सिरे से शुरूआत करना चाहेंगी. पूर्व कप्तान सविता पूनिया के साथ भारत ने भुवनेश्वर और राउरकेला में प्रो लीग के पहले चरण में आठ मैचों में दो ही जीत दर्ज की और नौ टीमों में छठे स्थान पर खिसक गई. दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोस्ताना श्रृंखला से पहले सलीमा टेटे को टीम की कमान सौंपी गई जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया. भारत ने श्रृंखला 4 . 2 से जीती. सलीमा टेटे ने बेल्जियम रवाना होने से पहले कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होने के नाते एफआईएच हॉकी प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए इस प्रतिभाशाली टीम की अगुवाई करना गर्व की बात है.

### बातचीत — कौन जीतेगा टी20 विश्व कप 2024? बीसीसीआई सचिव ने की भविष्यवाणी

# जय शाह ने भारत सहित इन चार टीमों पर खेला दांव

एजेंसी। मुंबई

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के शुरू होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं. भारतीय टीम के खिलाड़ी फिलहाल इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं. आईपीएल 2024 के प्लेऑफ से पहले ही अधिकतर बड़े खिलाड़ी फ्री होंगे. कप्तान रोहित शर्मा और उपकप्तान हार्दिक पंड्या की टीम मुंबई इंडियंस पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, तो विराट कोहली की टीम पर बाहर होने की तलवार लटकी हुई है. इस बीच एक इंटरव्यू में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने सबसे छोटे फॉर्मेट के महाकुंभ को जीतने के लिए अपनी पसंदीदा चार टीमों के बारे में बताया है.



जय शाह की पहली पसंद निसंदेह भारतीय टीम है, जिसके कप्तान रोहित शर्मा हैं. इस बारे में वह पहले ही बता चुके हैं कि इस बार रोहित शर्मा की टीम ट्रॉफी जीतकर भारतीय क्रिकेट फैंस का सपना पूरा करेगी. अन्य टीमों के बारे में बात करते हुए जय शाह ने कहा- भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और मेजबान वेस्टइंडीज फेवरिट हैं. उन्होंने आगे कहा- ये बड़ी टीमें हैं. बता दें कि वेस्टइंडीज 2 बार की चैंपियन है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में खिताब जीता था, जबकि न्यूजीलैंड को अपने पहले खिताब का इंतजार है.

**खास बातें**

- टी-20 विश्व कप को लेकर सचिव जय शाह का प्रेडिक्शन
- जय शाह ने चुनी 4 टीमें, जो बन सकती है 2024 की विजेता
- पहले रोहित की कप्तानी वाली अपनी टीम इंडिया को चुना है

भारतीय टीम अपने घरेलू मैदान पर पिछले साल यानी 2023 विश्व कप में भी पसंदीदा टीम थी, लेकिन उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हार मिली थी. टीम इंडिया लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी, लेकिन रोहित शर्मा की टीम पैट कमिंस की टीम पर जीत नहीं दर्ज कर पाई. इस तरह 2011 के बाद विश्व विजेता बनने का सपना अधूरा रह गया.

एक अन्य सवाल बीसीसीआई की आमदनी से क्या करते हैं, इसके जवाब में जय शाह ने कहा कि इसका एक बड़ा हिस्सा राज्य क्रिकेट संघों को उनके इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के विकास के लिए दिया जाता है. बीसीसीआई को जो आमदनी होती है उसका 70% राज्य संघों को अपने ग्रासरूट कार्यक्रमों, इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास, टूर्नामेंट्स के आयोजन वगैरह के लिए बोर्ड देता है. उसके बाद 26 फीसदी रेवेन्यू खिलाड़ियों (इंटरनैशनल पुरुष एवं महिला क्रिकेटर्स और डोमेस्टिक क्रिकेटर्स) को भुगतान किया जाता है जो कि रिटेनरशिप और मैच फीस के रूप में होती है. वहीं, आईपीएल के मामले में रेवेन्यू को बीसीसीआई और फ्रेंचाइजियों के बीच 50:50 बांटा जाता है. बोर्ड को मिलने वाली फ्रेंचाइजी फीस का 70% हिस्सा भी असोसिएशंस को दिया जाता है.

### वाडा ने परवीन को निलंबित किया

# ओलंपिक में एक मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत

एजेंसी। नयी दिल्ली

पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है, जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है. पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है, जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है. परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने कहा,उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है, जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा. रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल (आरटीपी) में शामिल खिलाड़ियों को रात रुकने पर अपना पूरा पता, नाम और हर ठिकाने का पूरा पता देना होता है जहां वे अभ्यास करते हैं, काम करते हैं या अन्य नियमित गतिविधियों में शामिल होते हैं. इसके अलावा उन्हें 60 मिनट का विंडो और स्थान की जानकारी देनी होती है जहां वे टेस्ट के लिये उपलब्ध होंगे. ऐसा नहीं करने को वाडा के ठिकाने के प्रावधान का उल्लंघन माना जाएगा. 12 महीने में तीन बार ऐसा करने में नाकाम रहने को डोपिंग नियम का उल्लंघन माना जाता है और दो साल तक का निलंबन हो सकता है जिसे घटाकर एक साल तक किया जा सकता है.



## ब्रीफ खबरें

### हत्या मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**नवादा ।** नवादा जिले के कौआकोल में झारखंड की सीमा पर एक युवक को बदमाशों के पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाकर मार दिये जाने के मामले में पुलिस ने नौ दिनों बाद 9 अभियुक्त में से दो को गिरफ्तार कर लिया है. सात अभियुक्त अब भी फरार बताए जाते हैं. नवादा एसपी कार्तिकेय शर्मा ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि घटना की शिकार युवक की मां ने 9 मई को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें 9 लोगों को अभियुक्त बनाया गया था.

### फरार सरपंच के घर चिपकाया इश्तेहार

**भागलपुर ।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मखना गांव के छह फरार आरोपियों के घर शुक्रवार को पुलिस ने कुर्की जब्ती का इश्तेहार चिपकाया है. इस दौरान जगदीशपुर पुलिस ढोल बजाते हुए आरोपित के घर पहुंची और उसके दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया. मामला पंचायत के मुखिया मुकेश मंडल और सरपंच जवाहर यादव के बीच मारपीट से जुड़ा है, जिसमें मुखिया ने सरपंच, उसके पुत्र और भाइयों सहित छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी. दर्ज प्राथमिकी में मारपीट और अनुसूचित जाति एक्ट के तहत आरोप लगाया गया था, जिसके बाद से सरपंच और उसके सहयोगी फरार चल रहें हैं.

### सुपौल में मिट्टी धंसने से दो की मौत

**पटना ।** सुपौल जिले के निर्मली थानाक्षेत्र स्थित जरौली वार्ड नंबर 04 में शुक्रवार सुबह मिट्टी धंसने से एक लड़की और एक महिला की मौत हो गयी. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया. फिलहाल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है. दोनों महिलाएं तिलयुगा नदी में मिट्टी काटने गई थी. इसी दौरान धंसना गिरने से दोनों मिट्टी के नीचे दब गयी. दूसरी महिला जो बगल में खड़ी थी, वो जोर जोर से चिल्लाने लगी. उसकी आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल, निर्मली लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया.



# निजी स्कूल परिसर से बच्चे का शव बरामद, लगाई आग

संवाददाता । पटना

पटना शहर के दीघा इलाके में शुक्रवार को एक निजी स्कूल के परिसर से चार वर्षीय एक छात्र का शव बरामद होने के बाद आक्रोशित भीड़ ने स्कूल में आग लगा दी. पटना पुलिस के मुताबिक, दीघा थानांतर्गत एक बालक के गुम होने की सूचना प्राप्त हुई थी. तलाश के दौरान बालक का शव स्कूल के परिसर से बरामद किया गया है. पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर

**गुस्साई भीड़ ने स्कूल में लगायी आग**



पूछताछ की जा रही है. स्कूल के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया मामला दर्ज कर जांच की जा रही है. एकत्र किए गए सभी सबूतों की फॉरेन्सिक जांच जारी है. बच्चे का शव मिलने के बाद आक्रोशित कुछ स्थानीय लोगों ने स्कूल में आग लगा दी थी जिसे अग्निशमन दल के सहयोग से बुझा दिया गया है. पुलिस घटनास्थल पर मौजूद है. मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसी स्कूल में पढ़ने वाले चार साल के बच्चे का शव गुरुवार की रात स्कूल परिसर से बरामद किया गया. बालक जब गुरुवार को स्कूल से घर नहीं लौटा तो परिवार के सदस्यों ने स्कूल प्रशासन से संपर्क किया. एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि स्कूल प्रशासन गुरुवार की शाम तक लड़के के बारे में जानकारी होने से इनकार करता रहा. जब रात को स्कूल परिसर के अंदर से छात्र का शव मिला तो गुस्साए परिजन और स्थानीय निवासी शुक्रवार की सुबह स्कूल के बाहर एकत्र हुए और आगजनी की. भीड़ ने सड़क पर टायर जलाकर यातायात बाधित करने का भी प्रयास किया. पटना के जिलाधिकारी एक कपिल अशोक ने शुक्रवार को बताया, जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है.

## गोपालगंज में गधे पर बैठकर वोट मांग रहा निर्दलीय प्रत्याशी

संवाददाता । गोपालगंज

लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है. छठे चरण में सुरक्षित सीट गोपालगंज लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई को होना है. गोपालगंज लोकसभा में कुल 11 प्रत्याशी मैदान में है. इसी तरह गोपालगंज सुरक्षित सीट से निर्दलीय प्रत्याशी सत्येंद्र बैठा का अजीबोगरीब प्रचार करने का नजारा देखने को मिल रहा है. वह अपना नामांकन दाखिल करने गधे पर बैठकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे थे. वहीं, अब वह अपने समर्थकों के साथ गधे पर सवार होकर चुनाव प्रचार और मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अपील करते हुए नजर आ रहे हैं. निर्दलीय प्रत्याशी सतेंद्र बैठा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि महंगाई चरम सीमा पर है, जिसके कारण हम तेल नहीं भरवा सकते हैं. इसी वजह से हम गधे पर बैठकर जनसंपर्क कर रहे हैं.

**एनडीए प्रत्याशी संजय जायसवाल बोले**

# पीएम मोदी राज में सुरक्षित है सनातन और आरक्षण

संवाददाता । बेतिया



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने शुक्रवार को नौतन विधानसभा के सनसरैया, खड्डा, दक्षिणी तेलुआ, डाबड़ीया, गहीरी आदि पंचायतों के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की तथा जीत का आशीर्वाद मांगा. उन्होंने कहा कि इतने वर्षों तक चंपारण को विकास से महरूम बनने वाले लोग एक बार फिर से लोगों को बरगलाने में जुटे हुए हैं. विपक्षी ताकतों द्वारा झूठ बोल कर लोगों को आरक्षण आदि के नाम पर डराने की कोशिश की जा रही है लेकिन चंपारण के लोग जानते हैं कि इन विपक्षियों का एकमात्र उद्देश्य सत्ता पाना है, लोगों की सेवा करना नहीं. जनता जानती है, विकास, सनातन और आरक्षण सब मोदी सरकार में ही सुरक्षित है.

विपक्ष को सनातन विरोधी बताते हुए उन्होंने कहा कि चंपारण के लोग भूले नहीं है कि कैसे इनके नेताओं ने हर मौके पर सनातन धर्म का बार-बार अपमान किया है. कैसे इनके नेताओं ने अभी हाल तक रामचरितमानस और सनातन के देवी-देवताओं को अपशब्द कह कर राज्य में सांप्रदायिक तनाव घोलने का प्रयास किया था. यहां तक कि इनके नेताओं ने 500 साल बाद बने राम-मन्दिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा पूजा का बहिष्कार तक कर दिया था. वह लोग जान लें चंपारण के लोग भगवान राम और बिहार की बेटी माता सीता या मां दुर्गा का अपमान सहन करने वाले नहीं है.

## आरा में व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**आरा ।** आरा के जगदीश में गुरुवार की रात तीन की संख्या में रहे बाइक सवार बदमाशों ने आलू व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी. गोली काफी करीब से मारी गई है जो बाएं साइड पीठ और कंधे के नीचे लगी है. यह पूरी घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के त्रिमूर्ति टोला के पास की है. मृतक की पहचान जगदीशपुर वार्ड नंबर 13 निवासी मुनमुन साह (59 साल) के रूप में की गई है. वो करीब 40 वर्षों से बिहिया बाजार में आलू-प्याज के थोक विक्रेता हैं.

गुरुवार की रात दुकान बंद कर अपने बेटे सोनू के साथ ऑटो में बैठकर घर लौट रहे थे. इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने सटाकर गोली मार दी. घटना के समय ऑटो में उनके बेटे के साथ ऑटो चालक सहित अन्य दो पैसेंजर भी सवार थे. घटना के बाद ऑटो से ही इलाज के लिए दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ अस्पताल के पास जमा हो गई.

## भोजपुरी स्टार पवन सिंह की मां ने नामांकन लिया वापस

संवाददाता । पटना

भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह की मां प्रतिमा देवी ने बेटे के लिए काराकाट लोकसभा का चुनावी मैदान छोड़ दिया है. नाम वापसी के आखिरी दिन शुक्रवार को मात्र एक प्रत्याशी प्रतिमा देवी ने अपना नाम वापस ले लिया. जिसके बाद अब काराकाट लोकसभा क्षेत्र में कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हैं. नाम वापसी के बाद जिला निर्वाची पदाधिकारी सह जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा के बाद कुल 14 अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र स्वीकृत किया गया था. जिसमें से एक अभ्यर्थी प्रतिमा देवी ने अपना नाम वापस ले लिया है. चुनाव में अब 13 प्रत्याशी हैं. इनके चुनाव चिन्ह के लिए निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव दिया गया है. प्रस्ताव पारित होते ही प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा.

आपको बता दें कि इस बार पवन सिंह काराकाट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं. उन्होंने 9 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था. इसके बाद नामांकन के आखिरी दिन 14 मई को पवन सिंह की मां प्रतिमा देवी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया था.

### 4 बदमाशों ने सीएसपी संचालक को गोलियों से भूना, मौके पर मौत

**पूर्णिया ।** बनमनखी थाना क्षेत्र के बनमनखी-रसाढ़ रोड पर दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने लूट के दौरान विरोध करने पर एक सीएसपी संचालक को गोलियों से भून डाला. बताया जा रहा है कि सीएसपी संचालक को 15 गोलियां लगी है. वारदात के दौरान सुरक्षा के लिए एक चौकीदार भी सीएसपी संचालक के साथ था लेकिन बदमाशों द्वारा बाइक रुकवाते ही वह फरार हो गया. मृतक सीएसपी संचालक सुभाष कुमार मिश्र रसाढ़ गांव का ही रहने वाला था. संचालक के घटनास्थल पर ही मौत हो जाने की सूचना है.आक्रोशित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया है.

# थाने में जीजा-साली की मौत, हिरासत में थे दोनों

### भीड़ ने थाना फूंका, फायरिंग में दो घायल, पांच पुलिसकर्मी पथराव में घायल हो गये

संवाददाता । अररिया

अररिया के ताराबाड़ी थाना के हाजत में जीजा-साली ने आत्महत्या कर ली. दोनों को पुलिस ने बीते गुरुवार (17 मई) की दोपहर हिरासत में लिया था. हिरासत में दोनों की मौत के बाद शुक्रवार सुबह ग्रामीण उग्र हो गए और ताराबाड़ी थाना का घेराव कर तोड़फोड़ करने लगे. थाने में आगजनी की. पथराव भी किया. इस घटना में कई पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबर है. घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह सहित कई थानों की पुलिस मौके



पर पहुंची. आक्रोशित ग्रामीणों किसी की बात सुनने के लिए तैयार नहीं थे. पुलिसकर्मियों पर जमकर पथराव किया. इसमें सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह समेत पांच पुलिसकर्मी पथराव में घायल हो गए हैं. फिलहाल इस मामले में पुलिस कुछ भी बताने को तैयार नहीं है.

बता दें कि गुरुवार की रात ताराबाड़ी थाना पुलिस ने एक नाबालिग लड़की (साली) और उसके प्रेमी (जीजा) को हिरासत में लिया था. थाने में ही दोनों ने आत्महत्या कर ली. इसकी जानकारी जैसे ही लोगों को हुई तो मामले ने तूल पकड़ लिया. आक्रोशित लोगों का मानना है कि पुलिस की पिटाई से मौत हुई है. काफी संख्या में लोग ताराबाड़ी थाना पहुंच गए और हंगामा करने लगे. इसके बाद मामला बिगड़ गया. जानकारी मुताबिक लड़की की उम्र 14 साल बताई जा रही है. दोनों ने दो दिन पहले शादी कर ली थी. पति-पत्नी की तरह रह रहे थे. बताया जाता है कि मृतक नाबालिग लड़की की बड़ी बहन और उसके जीजा मिट्ठु सिंह की करीब डेढ़ साल पहले शादी हुई थी. तरोना गांव गुरुवार को उसके प्रेमी (जीजा) को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने लाया था. लड़की को भी हिरासत में लिया गया था.

## कारोबार

### लार्सन एंड टुब्रो को मिला नया ठेका

**नयी दिल्ली ।** इंजीनियरिंग व निर्माण समूह लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के भवन एवं कारखाना कारोबार को कई ठेके मिले हैं. कंपनी को कोलकाता में एक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर के निर्माण के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज कोलकाता से ठेका मिला है. इसमें 605 बिस्तर वाला अस्पताल और एक मेडिकल कॉलेज शामिल है. इस परियोजना को 60 महीने की अवधि में दो चरणों में पूरा किया जाना है. एलएंडटी के भवन एवं कारखाना कारोबार को कई 'ऐड-ऑन ऑर्डर' भी मिले हैं.

### विक्रम सोलर को सौर आपूर्ति का ठेका मिला

**नयी दिल्ली ।** विक्रम सोलर को गुजरात में एनटीपीसी की खावड़ा परियोजना के लिए 397.7 मेगावाट सौर मॉड्यूल आपूर्ति का ठेका मिला है. कंपनी के एक बयान में कहा गया कि विक्रम सोलर ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड से 397.7 मेगावाट मॉड्यूल आपूर्ति का ठेका हासिल किया है. मॉड्यूल गुजरात में 1,255 मेगावाट खावड़ा सौर परियोजना के एक महत्वपूर्ण हिस्से को बिजली देंगे. बयान में कहा गया कि यह परियोजना घरेलू सामग्री आवश्यकता के साथ पूरी तरह से मेल खाती है.

### स्पिरिट 450 लोगों को नौकरी से निकालेगी

**वाशिंगटन ।** स्पिरिट एयरोसिस्टम्स 450 लोगों की छंटनी कर रहा है. यह बोइंग का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है जो उसके लोकप्रिय 737 मैक्स हवाई जहाजों के लिए ढांचा बनाता है. जनवरी में अलास्का एयरलाइंस द्वारा संचालित एक 737 मैक्स विमान का 'पैनल' हवा में उड़ने के बाद से इसका उत्पादन धीमा हो गया, जिसके बाद कंपनी ने छंटनी शुरू की है. स्पिरिट एयरोसिस्टम्स के प्रवक्ता जो बुकिनो ने गुरुवार को अपने विचिता (कंसास) संयंत्र में छंटनी की पुष्टि की. इससे संयंत्र में कर्मचारियों की संख्या में कमी आएगी जहां पहले ही केवल 13 हजार से कुछ अधिक लोग काम करते हैं.

### केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं

# भारत को विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत

एजेंसी । नयी दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि देश को वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए अपने विनिर्माण क्षेत्र में तेजी लाने की जरूरत है. सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में भारतीय उद्योग के प्रमुखों को संबोधित करते हुए मंत्री ने उत्पाद निर्माण और नीति समर्थन में अधिक परिष्करण हासिल करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया.

सीतारमण ने कहा, मैं कुछ अर्थशास्त्रियों द्वारा दी गई इस सलाह के विपरीत कुछ रेखांकित करना चाहती हूं कि भारत को अब विनिर्माण पर ध्यान नहीं देना चाहिए या विनिर्माण में तेजी नहीं लानी चाहिए, मैं इस तथ्य पर जोर देना चाहती हूं कि विनिर्माण में वृद्धि होनी चाहिए. भारत को नीतियों की मदद से वैश्विक मूल्य श्रृंखला में अपनी (विनिर्माण) हिस्सेदारी भी बढ़ानी चाहिए. आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन सहित कुछ अर्थशास्त्रियों ने राय व्यक्त की है कि भारत को विनिर्माण के बजाय सेवा क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि उसने वह अवसर गंवा दिया है. उनका कहना है कि चीन के विनिर्माण-आधारित वृद्धि मॉडल को अब और दोहराया नहीं जा सकता.

सीतारमण ने कहा कि विनिर्माण के विस्तार से भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी. उन्होंने उम्मीद जतायी कि भारत के पास अब भी अपनी विनिर्माण क्षमता बढ़ाने का अवसर है क्योंकि दुनिया कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद 'चीन प्लस वन' रणनीति पर ध्यान दे रही है. कैपजेमिनी रिसर्च इंस्टीट्यूट की मई में जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप और अमेरिका में वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निवेश स्थलों की सूची में भारत शीर्ष पर है, जो चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और अपनी विनिर्माण क्षमता का कुछ हिस्सा उभरते बाजारों में स्थानांतरित करना चाहते हैं. सर्वेक्षण में शामिल करीब 760 अधिकारियों में से 65 प्रतिशत ने कहा कि वे भारत में उल्लेखनीय रूप से निवेश बढ़ाने की योजना बना रहे हैं. उन्होंने कहा, यह अपने आप में हमारे भारतीय उद्योग को काफी बड़ा दायरा प्रदान करता है. पीएलआई योजना मोबाइल तथा इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्रों में भी बदलाव ला रही हैं. उन्होंने कहा कि 2014 में 78 प्रतिशत आयात से निर्भरता तक, आज भारत में बिकने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल भारत में निर्मित हैं.

### इंटीग्री मेडिकल में 20% हिस्सेदारी हासिल करेगी एसआईआई

**नयी दिल्ली ।** टीका निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने इंटीग्रीमेडिकल में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की शुक्रवार को घोषणा की. सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने एक बयान में कहा, इंटीग्रीमेडिकल ने एक अमेरिकी पेटेंट इंजेक्शन सिस्टम विकसित किया है जिसमें टीका लगाने के लिए सुई की जरूरत नहीं होती. कंपनी ने हालांकि लेन-देन के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया. एसआईआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अदार पूनावाला ने कहा, इंटीग्रीमेडिकल का एन-एफआईएस दवा वितरण में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है. हम बिना सुई के टीका लगाने का लक्ष्य रखते हैं. हमारा मानना है कि यह संभावित रूप से हमारे टीके लगाने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है, जिससे यह प्रक्रिया रोगियों तथा स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए अधिक सुगम होगी. इंटीग्रीमेडिकल के प्रबंध निदेशक सर्वेश मुथा ने कहा, यह निवेश हमारी सुई-मुक्त टीका प्रणाली प्रौद्योगिकी की क्षमता और दवा वितरण में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता का प्रमाण है.टीका निर्माण तथा वैश्विक वितरण में एसआईआई की विशेषज्ञता अमूल्य होगी.



**म्यूजिक अवार्ड्स**

एवरिल लविग्ने टेक्सास के फ्रिस्को में फोर्ड सेंटर में 59वें वार्षिक एकेडमी ऑफ कंट्री म्यूजिक अवार्ड्स में पहुंचे.

## आईआईएफएल का लाभ दोगुना हुआ

एजेंसी । नयी दिल्ली

आईआईएफएल सिक्योरिटीज का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ दोगुना होकर 180.4 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले साल समान अवधि में मुनाफा 86.4 करोड़ रुपये था. आईआईएफएल सिक्योरिटीज ने एक बयान में कहा, वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी की आय सालाना आधार पर 74 प्रतिशत बढ़कर 704.4 करोड़ रुपये हो गई.

चेयरमैन वेंकटरमन ने कहा, हमने अपने सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि देखी. हमारी संस्थागत ब्रोकिंग और निवेश बैंकिंग फ्रेंचाइजी ने शानदार परिचालन प्रदर्शन के साथ अपनी प्रतिस्पर्धी स्थिति में काफी सुधार किया है. समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 512.1 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया. कुल आय 63 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,231.3 करोड़ रुपये रही.

कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए दो रुपये अंकित मूल्य के प्रति शेयर पर तीन रुपये के अंतरिम लाभांश को मंजूरी दी है. आईआईएफएल सिक्योरिटीज खुदरा ग्राहकों को लक्षित करते हुए म्यूचुअल फंड, बीमा, आईपीओ, बांड व वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है.

**बेहतर** संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने कहा, भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है

# चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत को हुआ फायदा

- भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है

एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र



संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने कहा कि चीन में विदेशी निवेश कम होने से भारत कई पश्चिमी कंपनी के लिए एक वैकल्पिक गंतव्य बन गया है. इससे भारत की आर्थिक वृद्धि काफी बेहतर हुई है. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2024 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि को संशोधित किए जाने के मौके पर विशेषज्ञ ने यह बात कही. संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (यूएन डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग में वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख हामिद राशिद ने गुरुवार को यहां पत्रकारों कहा, भारत को अन्य पश्चिमी स्रोतों से भारत में आने वाले अधिक निवेश से भी लाभ हो रहा है, क्योंकि चीन में कम से कम विदेशी निवेश जा रहा है.

भारत कई पश्चिमी कंपनियों के लिए एक वैकल्पिक निवेश स्रोत या गंतव्य बन गया है. मुझे लगता है कि इससे भारत को फायदा हो रहा है. वह 'वैश्विक आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं 2024' के मध्य-वर्ष के ताजा अनुमानों पर जानकारी दे रहे थे. वर्ष 2024 के लिए भारत की वृद्धि संबंधी अनुमान को संशोधित किया गया है.

यह अनुमान जताया गया है कि इस वर्ष देश की अर्थव्यवस्था लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी. वर्ष 2024 के मध्य तक 'वैश्विक आर्थिक स्थिति व संभावनाओं' संबंधी गुरुवार को जारी आंकड़ों में कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.9 प्रतिशत और 2025 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीली निजी खपत से प्रेरित है. हालांकि, कमजोर बाहरी मांग का व्यापारिक निर्यात वृद्धि पर असर जारी रहेगा, औषधि और रसायनों के निर्यात में जोरदार वृद्धि की उम्मीद है. मध्य वर्ष के ताजा आंकड़ों में भारत के लिए 6.9 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान इस साल जनवरी में संयुक्त राष्ट्र द्वारा लगाए गए 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर के अनुमान से अधिक है. चीन के लिए इसमें मामूली वृद्धि की गई है. अब चीन की 2024 में वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जिसका जनवरी में 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था. चीन की वृद्धि दर 2023 की 5.2 प्रतिशत दर से घटकर 2024 में 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है.

### प्रीमियम कार्यालय स्थान की मांग बढ़ने की संभावना : अंशुल जैन

**नयी दिल्ली ।** कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया के प्रमुख अंशुल जैन ने कहा कि देश के प्रमुख शहरों में प्रीमियम कार्यालय स्थान की मांग इस साल सात करोड़ वर्ग फुट से अधिक रहने की संभावना है. अग्रणी वैश्विक रियल एस्टेट सलाहकारों में से एक कुशमैन एंड वेकफील्ड, वैश्विक क्षमता केंद्रों और प्रमुख क्षेत्रों में घरेलू कंपनियों की उच्च मांग के कारण भारतीय बाजार को लेकर उत्साहित है. प्रमुख जैन ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि भारत को अब दुनिया का कार्यालय कहा जाने लगा है.

## जीएसके फार्मा का शुद्ध लाभ 46% बढ़ा

एजेंसी । नयी दिल्ली

औषधि कंपनी ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स लि. का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 46 प्रतिशत बढ़कर 194.48 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले साल इसी तिमाही में मुनाफा 133.43 करोड़ रुपये था. वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में परिचालन आय 929.8 करोड़ रुपये रही जबकि 2022-23 की समान अवधि में यह 787.45 करोड़ रुपये थी. समीक्षाधीन तिमाही में कुल खर्च 691.41 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल इसी तिमाही में 635.54 करोड़ रुपये था. समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध लाभ 589.96 करोड़ रुपये और परिचालन आय 3,453.71 करोड़ रुपये रही. कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के लिए 10 रुपये के अंकित मूल्य के शेयर पर 32 रुपये प्रति इक्विटी लाभांश की सिफारिश की है. यह आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों की मंजूरी पर निर्भर है.

## ब्रीफ खबरें

### राहत सामग्री लेकर गाजा पट्टी पहुंचा ट्रक

**वाशिंगटन।** युद्धग्रस्त गाजा पट्टी में अमेरिका द्वारा हाल में बनाए गए एक तैरते पोतघाट के जरिए राहत सामग्री लेकर ट्रक पहली बार संकटग्रस्त इलाके में पहुंचे. इजराइल ने गाजा में जारी भीषण युद्ध के बीच जमीनी सीमा पर प्रतिबंध लगा दिए है जिसके कारण लोगों तक खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई थी. ऐसे में अमेरिकी सेना ने गाजा पट्टी में एक तैरता पोतघाट तैयार किया है जिससे इस युद्धग्रस्त क्षेत्र में बेहद जरूरी मानवीय सहायता सामग्री पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है.

### मणिपुर में पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल ।** मणिपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में गुरुवार देर रात पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया. पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि राज्य के थौबाल जिले में राज्य पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त दल ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया. अधिकारी ने बताया, उग्रवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर यैरीपोक बाजार में समन्वित तरीके से अभियान चलाया गया और उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया.

### फ्रांस की पुलिस ने एक को मार गिराया

**पेरिस ।** फ्रांस की पुलिस ने नॉरमैंडी के रूएन में यहूदियों के एक प्रार्थना स्थल में आग लगाने का षड्यंत्र रच रहे एक सशस्त्र संदिग्ध को शुक्रवार सुबह गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई. गृह मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' के माध्यम से जानकारी दी कि सशस्त्र व्यक्ति को मार गिराया गया. उन्होंने कहा, रूएन में राष्ट्रीय पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह एक हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया जो शहर में यहूदियों के प्रार्थना स्थल में जाहिर तौर पर आग लगाना चाहता था. इसके लिए सभी को बधाई देता हूं.

### उत्तर कोरिया ने फिर मिसाइल दागी

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया को उत्तर कोरिया द्वारा अपने पूर्वी तट के पास बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपित किए जाने की जानकारी मिली है. दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी 'योनहप' ने यह जानकारी दी. योनहप ने कहा कि यह प्रक्षेपण शुक्रवार को किया गया लेकिन उसने यह नहीं बताया कि मिसाइल ने कितनी दूरी तय की. उसने इस प्रक्षेपण के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी. उत्तर कोरिया द्वारा हाल के महीनों में किए गए प्रक्षेपणों में तेजी आई है. यदि इस ताजा कथित प्रक्षेपण की पुष्टि हो जाती है तो एक और परीक्षण होगा.

### पुतिन ने शी चिनफिंग को धन्यवाद दिया

**बीजिंग ।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने गुरुवार को अपने देश की राजकीय यात्रा पर आए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक आधिकारिक समारोह में स्वागत किया. बीजिंग में चीन के साथ अपने शिखर सम्मेलन में पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए चीन के प्रस्तावों के लिए शी को धन्यवाद दिया. पुतिन की चीन की यह दो दिवसीय राजकीय यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब रूसी सेना उत्तरपूर्वी यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में आक्रामक रुख अपना रही है.

## रायबरेली में भावुक हुईं सोनिया गांधी, बोलीं- राहुल निराश नहीं करेंगे, अपना बेटा आपको सौंप रही हूं

एजेंसी। रायबरेली (यूपी)



लंबे समय बाद शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में जनसभा को संबोधित करने पहुंचीं सोनिया गांधी भावुक दिखाई दीं. उन्होंने बहुत संक्षिप्त भाषण में रायबरेली वालों के प्रति आभार जताया और कहा कि अपना बेटा आपको सौंप रही हूं. बीस साल तक जिस तरह से आपने मुझे प्यार दिया है उसी तरह राहुल को भी दें. राहुल आपको निराश नहीं करेंगे. सोनिया गांधी ने इस दौरान अपनी और इंदिरा गाधी से जुड़ी रायबरेली की यादें भी साझा कीं. कहा कि यह रिश्ता गंगा की तरह पवित्र है. सोनिया गांधी जिस समय मंच पर पहुंचीं अखिलेश यादव भाषण दे चुके थे और राहुल का भाषण चल रहा था. प्रियंका गांधी खुद नीचे गईं और सोनिया को सहारा देकर मंच तक लाईं. सोनिया गांधी ने सबसे पहले रायबरेली का आभार जताया. इसके बाद कहा कि बीस साल तक एक सांसद के रूप में आपने मुझे सेवा करने का अवसर दिया. यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है. रायबरेली मेरा परिवार है. इस दौरान अमेठी को भी याद किया और कहा कि अमेठी मेरा घर है. सोनिया गांधी ने कहा कि यहां से न सिर्फ कोमल यादें जुड़ी हैं, बल्कि सौ साल से हमारे परिवार की जड़ इस मिट्टी से जुड़ी हुई है. गंगा मां की तरह पवित्र यह रिश्ता किसान आंदोलन के साथ शुरू हुआ और आज तक कायम है. सोनिया गांधी ने कहा कि इंदिरा जी के दिल में रायबरेली की अलग जगह थी. उन्हें काम करते हुए करीब से देखा है.

उनके मन में आपके लिए असीम प्यार था. मैंने राहुल-प्रियंका को वही शिक्षा दी जो रायबरेली और इंदिरा जी ने मुझे दी है. दोनों को बताया कि सभी का आदर करो. सभी की रक्षा करो. अन्याय के खिलाफ जनता के लिए जिससे भी लड़ना पड़े तो लड़ जाओ. कभी किसी से डरना मत क्योंकि संघर्ष ही तुम्हारी जड़ें और परंपराएं बहुत मजबूत हैं. सोनिया गांधी ने कहा कि मेरा आंचल जीवन भर आपके आशीर्वाद और प्रेम से भरा रहा है. आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया है. मेरा सबकुछ आपका दिया हुआ है. मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं. जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही राहुल को अपना मान कर रखना है. राहुल आपको निराश नहीं करेंगे.

## अडानी-अंबानी से खटाखट पर आ गए

## राहुल गांधी बोले- जो चाहूंगा अब मोदी वहीं कहेंगे

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर एक के बाद एक कई तीखे हमले किए. खटाखट-खटाखट पर भी राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरा. राहुल गांधी अपने भाषणों में लगातार खटाखट-खटाखट शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं. इसे लेकर पीएम मोदी ने भी गुरुवार को प्रतापगढ़ में खटाखट-खटाखट शब्द का इस्तेमाल करते हुए राहुल गांधी पर हमला बोला था. अखिलेश यादव के साथ संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री अब अपनी हार मान चुके हैं. अब मैं जो भी चाहता हूं, प्रधानमंत्री के मुंह से बुलवा सकता हूं. मैंने कहा कि मोदी जी आप अडानी-अंबानी का नाम कभी नहीं लेते हो. दो दिन बाद प्रधानमंत्री अडानी -अंबानी का नाम लेने लगे. फिर मैंने कहा कि हम जनता के बैंक एकाउंट में खटाखट - खटाखट पैसे डालेंगे. कल पीएम मोदी भी खटाखट-खटाखट कहने लगे. इससे साफ हो गया है कि नरेंद्र मोदी हार स्वीकार कर रहे हैं. जैसे कहते हैं गुडबाय, नरेंद्र मोदी की गुडबाय हो गई है. राहुल गांधी ने कहा कि चार जून नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे. नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब लोगों का अपमान किया है.

22 लोगों का 16 लाख करोड़ माफ किया है. मनरेगा का कई साल का पैसा 22 लोगों को दे दिया है. मोदी ने किसानों का अपमान किया. काला कानून लाए. मोदी ने मजदूरों को कोविड के समय घर पैदल भेजा. लोग पैदल आ रहे थे और मोदी कहते थे ताली बजाओ ताली बजाओ. राहुल ने कहा कि इंडिया की सरकार आएगी. वह सरकार आपकी सरकार होगी. छोटे व्यापारियों की सरकार होगी. पूरे देश में युवाओं ने मन बना लिया है, अब नरेंद्र मोदी नहीं चाहिए. राहुल ने कहा कि यह लड़ाई संविधान की है. इसके बिना हिन्दुस्तान नहीं बच सकता.

## युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए बड़े फैसले लेने हैं : पीएम

# पूरी दुनिया जानती है कि मोदी सरकार हैट्रिक बनाने जा रही है : नरेंद्र मोदी

एजेंसी। बाराबंकी (उप्र)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि उनकी सरकार 'हैट्रिक' बनाने जा रही है और नई सरकार में उन्हें गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं. प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को बाराबंकी के जैदपुर मार्ग पर बाराबंकी और मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा, चार जून बहुत दूर नहीं है. आज पूरा देश और पूरी दुनिया जानती है कि मोदी सरकार की ''हैट्रिक'' बनने जा रही है. नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं. इसलिए मैं बाराबंकी और मोहन लालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं. लोकसभा चुनाव के लिए सात चरण में मतदान के बाद चार जून को एक साथ मतगणना होगी.

**समाजवादी शहजादे की नयी बुआ बंगाल में हैं :** उन्होंने कहा, आज एक तरफ देशहित के लिए समर्पित भाजपा नीत राजग गठबंधन है, दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन है. मोदी ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए कहा, यहां जो बबुआ जी यानी समाजवादी शहजादे हैं, अब उन्होंने एक नई बुआ की शरण ली है. उनकी ये नई बुआ बंगाल में हैं. अब उनकी बंगाल वाली बुआ जी ने इंडिया गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से समर्थन दूंगी. प्रधानमंत्री का इशारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर था. वहीं, आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन की एक और पार्टी ने अपनी सहयोगी दूसरी पार्टी से कह दिया है कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में कुछ बोला. मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री पद को लेकर भी ये सब (विपक्षी नेता) मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं. इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के एक नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे. ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल ही टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, लेकिन दिल के सारे अरमान बह गए.

### आपका भला करने वाले सांसद चाहिए

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 14 मई को रायबरेली में दिए अपने एक भाषण का वीडियो 'एक्स' पर साझा किया था. जिसमें उन्हें कहते सुना जा सकता है, रायबरेली के लोग सिर्फ लोकसभा सदस्य नहीं चुन रहे हैं, बल्कि इंदिरा गांधी जी के बाद फिर से देश का प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं. मोदी ने कहा, आपको काम करने वाले और आपका भला करने वाले सांसद चाहिए, पांच साल मोदी को गाली देने वाले नहीं. इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है – कमल का फूल.

### उन्होंने कहा था राममंदिर तो बेकार

राम मंदिर के मुद्दे पर सपा पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, यहां सपा के एक बड़े नेता ने रामनवमी के दिन कहा था कि राम मंदिर तो बेकार है. वहीं, कांग्रेस तो राम मंदिर पर उच्चतम न्यायालय का फैसला पलटने की तैयारी कर रही है. इनके लिए सिर्फ अपना परिवार और पॉवर (सत्ता) ही मायने रखते हैं. मोदी ने दावा किया, सपा-कांग्रेस वाले अगर सरकार में आए, तो रामलला को फिर से तंबू में भेजेंगे और मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि सपा-कांग्रेस के लिए अपने वोटबैंक से बड़ा कुछ नहीं है, लेकिन, जब मैं इनकी पोल खोलता हूं, तो ये बेचैन हो जाते हैं.

### चारा घोटाले के चैंपियन अभी बाहर घूम रहे हैं

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा, बिहार के इनके चारा घोटाले के चैंपियन, जो अभी तबीयत के बहाने जेल से बाहर घूम रहे हैं, वो तो यहां तक कह रहे हैं कि पूरा का पूरा आरक्षण अब मुसलमानों को मिलना चाहिए. इसका मतलब दलित, आदिवासी और पिछड़ों के पास कुछ बचेगा ही नहीं. उन्होंने कहा, सपा-कांग्रेस तुष्टीकरण के आगे घुटने टेक चुके हैं. और मोदी जब इनकी सच्चाई देश को बता रहा है, तो ये कहते हैं कि मोदी हिंदू-मुसलमान कर रहा है. जिस वोट बैंक के पीछे ये लोग भागते हैं, वो भी अब इनकी सच्चाई समझने लगे हैं.

## कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने योगी सरकार पर साधा निशाना

# योगी का 'बुलडोजर' दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ

एजेंसी। नयी दिल्ली



कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कथित तौर पर लिखित एक लेख का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनका 'बुलडोजर' दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने योगी आदित्यनाथ की वेबसाइट पर मौजूद एक लेख का उल्लेख करते हुए उन पर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रहार किया. रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, निवर्तमान प्रधानमंत्री ने आज कहा है कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीखना चाहिए कि बुलडोजर कहां पर चलाना चाहिए. देखिए, योगी का बुलडोजर कैसे दलित, आदिवासी, और पिछड़े वर्गों के लिए मौजूद आरक्षण की व्यवस्था के ख़िलाफ है.

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को साफ-साफ कह देना चाहिए कि वह योगी को समर्थन, आरक्षण को लेकर उनके विचारों की वजह से दे रहे हैं तथा उनके '400 पार' वाले नारे के पीछे भी यही राज है. कांग्रेस महासचिव ने कहा, प्रधानमंत्री को यह कहना चाहिए कि वह ऐसा इसलिए चाह रहे हैं ताकि संसद में 400 सीट के बहुमत से बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान का संशोधन कर सकें और दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों से उनके आरक्षण का हक़ छीन सकें. यह दशकों से चली आ रही आरएसएस की साजिश को अंजाम देना चाहते हैं तथा बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को खत्म करके मनुवादी सोच पर आधारित नया संविधान बनाना चाहते हैं.

### पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता को गोली मारी

**कूच बिहार (बंगाल) ।** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता को गोली मार दी गई. अस्पताल में भर्ती टीएमसी नेता की हालत गंभीर बनी हुई है. शुक्रवार को पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि सीतलकूची के लालबाजार के पंचायत प्रधान अनिमेष रॉय गुरुवार देर रात एक सहयोगी के साथ घर लौट रहे थे. इसी दौरान रॉय पर हमला किया गया. उन्होंने बताया कि हथियारबंद लोगों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है. रॉय की दाहिनी जांघ में गोली लगी है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में रॉय का सहयोगी भी घायल हो गया. उन्होंने कहा कि जांच चल रही है और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं. उन्होंने कहा, हम उसके परिवार से भी बात कर रहे हैं. वे ज्यादा कुछ नहीं कह रहे हैं. अधिकारी ने कहा कि रॉय का इलाज जिले के एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत बहुत गंभीर है.

## दो तृणमूल नेताओं के घर पर सीबीआई ने छापे मारे

एजेंसी। कोलकाता

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में 2021 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पूर्व मेदिनीपुर जिले के काथी में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि सीबीआई के अधिकारियों की एक टीम ने मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार तड़के काथी ब्लॉक नंबर तीन में तृणमूल कांग्रेस नेता देबब्रत पांडा और एक अन्य ब्लॉक के अध्यक्ष नंदुलाल मैती के घरों पर छापा मारा. सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया, जन्मेजय दोलुई की हत्या के मामले में दर्ज प्राथमिकी में पांडा, नंदुलाल के बेटे और 52 अन्य को




आरोपित किया गया है. भाजपा कार्यकर्ता दोलुई की 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा में हत्या कर दी गई थी. सीबीआई के अधिकारी ने कहा कि 30 लोगों को हत्या के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था लेकिन उनमें से कोई नहीं आया. उन्होंने कहा, हम इन लोगों से जुड़े स्थानों पर छापे मार रहे हैं. उनसे पूछताछ की जरूरत है.

## रूस की जवाबी कार्रवाई, ब्रिटेन के रक्षा अताशे को निष्कासित किया

एजेंसी। मॉस्को



ब्रिटेन में रूस के रक्षा अताशे को जासूसी के आरोपों में इस महीने की शुरुआत में बर्खास्त किये जाने के जवाब में रूस ने भी ब्रिटेन के रक्षा अताशे एड्रियन कॉघिल को अवांछनीय व्यक्ति घोषित किया और देश छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय दिया. रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने गुरुवार को मॉस्को में ब्रिटिश दूतावास के एक प्रतिनिधि को तलब किया और लंदन से रूस के रक्षा अताशे को निष्कासित करने के बेबुनियाद फैसले पर' कड़ा एतराज जताया. बयान में कहा गया, हम इस कदम को स्पष्ट रूप से रूस के प्रति ईर्ष्या रखने की प्रकृति वाली राजनीति से प्रेरित कार्रवाई के रूप में लेते हैं जिससे द्विपक्षीय संबंधों को अपूरणीय क्षति हो रही है. ब्रिटेन ने आठ मई को रूसी रक्षा अताशे पर अघोषित सैन्य खुफिया अधिकारी होने का आरोप लगाया था.

### ओडिशा में कांग्रेस उम्मीदवार गिरफ्तार

**बेरहामपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले की दिगपहांडी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार साका सुजीत कुमार को एक बिल्डर पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि यह घटना व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता का नतीजा थी जो बुधवार को बेरहामपुर पुलिस थाने के पास हुई और कुमार को गुरुवार को हिरासत में ले लिया गया. पुलिस अधीक्षक सार्थक सारंगी ने कहा कि हमले में सिहाला के सुधांशु संग्राम पाढ़ी नामक एक बिल्डर सहित तीन लोग घायल हो गए.

## भारतीय मूल के सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने लोगों से कहा-

# भारतीय अमेरिकी भी चुनाव लड़ें

एजेंसी। वाशिंगटन



अमेरिका में भारतीय मूल के प्रभावशाली सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने देशभर से यहां आए भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि अब उनके हर स्तर के पद पर चुनाव लड़ने का समय आ गया है और उन्हें मतदान से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए. डेमोक्रेटिक थिंक-टैंक 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' के वार्षिक समारोह के लिए यहां एकत्रित हुए भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करते हुए कृष्णमूर्ति ने कहा, हमें मतदान करना होगा. क्या आगामी चुनाव में यहां मौजूद हर व्यक्ति वोट देगा? क्योंकि हम राजनीति पर बात तो दिनभर कर सकते हैं, लेकिन राजनीति का हिस्सा बनना अलग बात है. याद रखिए, राजनीति केवल एक संज्ञा नहीं है, बल्कि एक क्रिया है और हमें इस साल राजनीति में हिस्सा लेना है. हमें मतदान करना है. प्रतिनिधि सभा में शिकागो का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सदस्य ने कहा, दूसरी बात यह है कि हमें खुद से ज्यादा राजनीतिक मुद्दों के लिए काम करना है. हमें अपने स्थानीय मंदिरों का समर्थन करना होगा. हमें स्थानीय मस्जिदों का समर्थन करना होगा. हमें हमारे स्थानीय गैर-लाभकारी संगठनों का समर्थन करना होगा.

### बस व ट्रेलर में टक्कर चार महिलाओं की मौत

**जयपुर ।** राजस्थान के भरतपुर जिले में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि 13 अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर यह हादसा उस समय हुआ जब उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई. पुलिस उपनिरीक्षक ब्रजेंद्र सिंह ने बताया कि हलैना महुआ राजमार्ग पर अलीगढ़ से जयपुर की ओर आ रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस आगे चल रहे एक ट्रेलर से टकरा गई जिससे बस में सवार चार महिलाओं की मौत हो गई जबकि बस में सवार 13 अन्य लोग घायल हो गये.

**निर्देश** सुप्रीम कोर्ट ने व्यवसायी की नियमित जमानत याचिका पर फैसला लेने का निर्देश देते हुए कहा

# नागरिकों की स्वतंत्रता के मामलों में हर एक दिन मायने रखता है

एजेंसी। नयी दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में एक व्यवसायी की नियमित जमानत याचिका पर फैसला करने का निर्देश देते हुए शुक्रवार को कहा कि नागरिकों की स्वतंत्रता से संबंधित मामलों में हर एक दिन मायने रखता है. दिल्ली आबकारी नीति अब रद्द की जा चुकी है. व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता की नियमित जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने 40 बार सुनवाई की है और अब मामले को आठ जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है. उन्होंने कहा, ऐसा नहीं हो सकता कि 40 बार सुनवाई के बाद भी आप नियमित जमानत याचिका पर फैसला नहीं करें. पीठ ने कहा कि उसे सूचित किया गया है कि याचिकाकर्ता ने नियमित जमानत याचिका पिछले साल जुलाई में दायर की थी. उसने कहा, नागरिकों की स्वतंत्रता के मामले में हर एक दिन मायने रखता है. नियमित जमानत के मामले को लगभग 11 महीने तक लंबित रखना याचिकाकर्ता को उसकी स्वतंत्रता से वंचित करता है.

### खास बातें

- ऐसा नहीं हो सकता कि 40 सुनवाई के बाद भी फैसला नहीं
- ग्रीष्मकालीन अवकाश तीन जून से ही शुरू होगा

पीठ ने कहा, हम उच्च न्यायालय से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने से पहले जमानत याचिका पर फैसला करने का अनुरोध करते हैं. उच्च न्यायालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश तीन जून से शुरू होगा और 31 मई अंतिम कार्य दिवस होगा. ढल आबकारी नीति से जुड़े अलग-अलग मामलों में आरोपी हैं. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इन मामलों की जांच कर रहे हैं. प्रवर्तन निदेशालय का धनशोधन का मामला सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है. इससे पहले, एक अधीनस्थ अदालत ने सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में ढल की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी. सीबीआई और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन के दौरान अनियमितताएं की गईं और लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया. दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर, 2021 को नीति लागू की थी और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे रद्द कर दिया था.

## यूक्रेन ने क्रीमिया पर ड्रोन से हमला किया

# सेवस्तोपोल की बिजली आपूर्ति बाधित

एजेंसी। कीव



यूक्रेन द्वारा क्रीमिया पर गुरुवार की रात ड्रोन से बड़े पैमाने पर किए गए हमले से सेवस्तोपोल की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है और दक्षिणी रूस के एक तेल शोधन संयंत्र में आग में लग गई है. रूसी अधिकारियों ने यह जानकारी दी. ड्रोन हमले को उत्तरपूर्वी यूक्रेन में रूस द्वारा किए गए हमले के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है. उत्तर पूर्व यूक्रेन में रूस के हमले से संख्या में कम और हथियारों की कमी का सामना कर रहे यूक्रेन के बलों पर दबाव बढ़ गया है जो पश्चिमी देशों से हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं. यूक्रेन ने इस हमले पर न तो प्रतिक्रिया दी है और न ही जिम्मेदारी ली है. रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हवाई रक्षा प्रणाली ने क्रीमिया में यूक्रेन के 51 ड्रोन को मार गिराया. उसने बताया कि क्रांसनोदर क्षेत्र में अन्य 44 और बेलगोरोद क्षेत्र में छह ड्रोन हमले को नाकाम किया गया है. रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसके लड़ाकू विमानों और गश्ती नौकाओं ने भी काला सागर में छह समुद्री ड्रोन को मार गिराया है. काला सागर में रूस के मुख्य नौसेना बेड़ा सेवस्तोपोल में हैं जहां के गवर्नर मिखाइल राजवोझायेव ने बताया कि ड्रोन हमले से शहर के बिजली संयंत्र को नुकसान पहुंचा है. उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति फिर से बहाल करने में पूरा दिन लग सकता है और नागरिकों को चेतावनी दी कि शहर के कुछ हिस्सों की बिजली काटी जा सकती है. मिखाइल ने शहर के विद्यालयों को अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)